फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 350 प्रभात जयपुर, सोमवार 25 जुलाई, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

ARBIT




**Gulzar On The Tragedy Of Afghanistan**

But this time Mahmood wrenched his hand free & asked naively: "Abbu, whose side is Allah on? Theirs or on my side?"

**Fashion Under The Umbrella**

**Protecting Your Kid's Eye Health** — Be aware to follow good healthy habits



*टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने रविवार सुबह इतिहास रचते हुए विश्व एथलैटिक्स चैम्पियनशिप की जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में सिल्वर मैडल जीता। नीरज चोपड़ा ने अमेरिका के यूजीन में विश्व एथलैटिक्स चैम्पियनशिप के फाइनल में 88.13 मीटर के थ्रो के साथ भारत को 19 साल बाद विश्व चैम्पियनशिप पदक दिलाया। इससे पहले भारत का एकलौता विश्व चैम्पियनशिप पदक 2003 में आया था। जब अंजू बॉबी जॉर्ज ने महिला लंबी कूद में कांस्य पदक जीता था। इसी के साथ नीरज विश्व चैंपियनशिप में भारत के लिये पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय और पहले पुरुष एथलैटिक्स बन गये। नीरज के फाइनल की शुरुआत फाउल के साथ हुई। नीरज ने दूसरे और तीसरे प्रयास में क्रमशः 82.39 मीटर और 86.37 मीटर का थ्रो किया। भारत को ओलंपिक में पहला स्वर्ण दिलाने वाले नीरज ने चौथे प्रयास में वापसी करते हुए 88.13 मीटर का थ्रो किया, जिसकी बदौलत वे दूसरे स्थान पर पहुंच गये। उनका पांचवां और आखिरी थ्रो हालांकि फाउल रहा, लेकिन वे भारत को विश्व चैंपियनशिप का पहला रजत दिलाने में कामयाब रहे। पूर्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने अपने खिताब की रक्षा करते हुए 90.54 मीटर के थ्रो के साथ लगातार दूसरी बार स्वर्ण हासिल किया।*

# आधार को वोटर आई.डी. से लिंक करने के मामले की सुनवाई आज

## कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में इस कानून को चुनौती देकर इसे असंवैधानिक बताया है

- **केन्द्र सरकार का कहना है कि, इस कानून से ऐसी वोटर आई.डी. को निरस्त करने में मदद मिलेगी जो कि फेक हैं। एक ही व्यक्ति की वोटर आई.डी. अलग-अलग राज्यों में है।**
- **वहीं विपक्ष का कहना है कि, अगर आधार से वोटर आई.डी. को लिंक किया गया तो बहुत सारे ऐसे लोग भी वोट डालेंगे जो कि, भारत के नागरिक ही नहीं है। कांग्रेस का कहना है कि, इस कानून को शीतकालीन सत्र में बिना किसी सार्थक बहस के ही पास कर दिया गया। 24 घंटे के अंदर दोनों ही सदनों में कानून को पास कर दिया गया।**

नई दिल्ली, 24 जुलाई। आधार कार्ड और वोटर आईडी को लिंक करने से संबंधित कानून का मामला अब सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया है। कांग्रेस के रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। अपनी याचिका में उन्होंने इस कानून को असंवैधानिक बताया है और इसे निजता और बराबरी के अधिकार का उल्लंघन बताया है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनवाई सोमवार को करेगा।

चुनावी सुधार कार्यक्रम के अंतरगत चुनाव आयोग ने आधार कार्ड को इलेक्टोरल डेटा के साथ जोड़ने का प्रोजेक्ट शुरू किया है। इसका उद्देश्य एक ही व्यक्ति के नाम से कई वोटर आईडी और चुनावी प्रक्रिया को त्रुटिमुक्त बनाना बताया जा रहा है। इस संशोधित कानून के मुताबिक इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर किसी से भी उसका आधार नंबर मांग सकता है।

सरकार का कहना है कि, इस कानून से ऐसी वोटर आईडी को निरस्त करने में मदद मिलेगी जो कि फेक हैं। एक ही व्यक्ति की वोटर आईडी अलग-अलग राज्यों में है। वहीं विपक्ष का कहना है कि अगर आधार से वोटर आईडी को लिंक किया गया तो बहुत सारे ऐसे लोग भी वोट डालेंगे जो कि भारत के नागरिक ही नहीं है। कांग्रेस का कहना है कि इस कानून को शीत सत्र में बिना किसी सार्थक बहस के ही पास कर दिया गया। 24 घंटे के अंदर दोनों ही सदनों में कानून को पास कर दिया गया।

कांग्रेस के अलावा डीएमके के एमके स्टालिन और एनसीपी चीफ शरद पवार, शिवसेना और बीएसपी ने भी इस कानून का विरोध किया था। बिल का विरोध करने और राज्य सभा की चेयर पर रूलबुक फेंकने के बाद तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन को सस्पेंड कर दिया गया था। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा, आधार का मतलब निवास का सबूत होता है न कि नागरिकता का। अगर आप किसी वोटर से आधार मांगते हैं तो इसमें उसका निवास दिखायी देगा। इसका मतलब आप गैर नागरिक को भी वोटिंग का अधिकार दे रहे हैं।

हालांकि केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कहा था कि वोटर आईडी को आधार से लिंक करना ऐच्छिक होगा। यह जरूरी नहीं होगा। जो भी व्यक्ति भारत का नागरिक है और उसकी उम्र 18 साल से ऊपर है। अगर उसका नाम चुनावी सूची में दर्ज है तो वह वोट दे सकता है।

# संत विजयदास आत्मदाह मामले की जांच करने भाजपा की उच्चस्तरीय टीम भरतपुर पहुंची

## भाजपा के प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह ने मामले की सी.बी.आई. जांच कराने की मांग उठाई

- **अरूण सिंह ने कहा कि, राजस्थान सरकार की शह में पल रहे खनन माफियाओं की वजह से संत विजयदास की जान गई।**

भरतपुर, 24 जुलाई। अवैध खनन व संत विजय दास जी के आत्मदाह मामले पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने 4 सदस्यीय उच्च स्तरीय जांच समिति ने दौरा किया। उच्चस्तरीय समिति में राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद सत्यपाल सिंह, उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक एवं सांसद बृजलाल यादव मौजूद रहे।

प्रदेश बीजेपी प्रभारी अरुण सिंह और कमेटी के सदस्य भरतपुर जिले के पासोपा गांव में संतों और स्थानीय लोगों से मुलाकात की। इसके बाद आदिबद्री मंदिर पहुंचकर स्थानीय लोगों, संगठनों व संतों से चर्चा करने के बाद घटनास्थल का मौक़ा मुआयना किया। प्रमुख संतों से पूरे घटनाक्रम के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा की और पूरे प्रकरण से संबंधित सभी तथ्य जुटाए , समिति ने खनन क्षेत्र का भी दौरा किया, जहां पर आंदोलनकारियों से मिले जिन्होंने खनन क्षेत्र रैवन्यू रिकॉर्ड नक्शों के माध्यम से आरोप कि यहां बहुत बड़े पहाड़ी क्षेत्र को राजस्थान सरकार के खनन मंत्री व खनन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से खनन माफियाओं द्वारा अवैध खनन किया जा रहा है, जिसका विरोध लंबे समय से विजय दास और स्थानीय ग्रामवासी कर रहे थे, उक्त घटनास्थल का दौरा कर सम्बंधित जानकारी एकत्रित की गई। भरतपुर जिले के पुलिस-प्रशासन के अफसरों से तथ्यात्मक जानकारी ली। यूपी के मथुरा जिले में मान मंदिर पहुंचकर संत विजय दास जी को पुष्पांजलि अर्पित की।

अरुण सिंह ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि, ब्रज क्षेत्र के तीर्थ स्थल व पहाड़ों को बचाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण की क्रीड़ास्थली, आदिबद्री और कनकांचल पहाड़ों को बचाने के लिए साधु-संतों को 551 दिन आंदोलन करना पड़ा। संतों को पूरा विश्वास हो गया था माफियाओं का पूरा जाल यहां पर है और प्रदेश सरकार का संरक्षण उनके ऊपर है।

कनकांचल और आदिबद्री पर्वत बचेगा नहीं, इससे हैरान और परेशान होकर बाबा हरि बोल दास ने पिंडदान किया तथा दूसरे संत बाबा नारायण दास टावर पर चढ़े। वहीं संत विजय दास ने आत्मदाह किया। संतों ने मेरे समक्ष सीबीआई से जांच कराए जाने की मांग रखी जिसे हम अपनी रिपोर्ट में प्रमुखता से रखेंगे और केंद्र सरकार के समक्ष सीबीआई जांच की मांग भी रखी जाएगी।

इस मौके पर सांसद बाबा बालकनाथ, रंजीता कोली, प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश मंत्री मुकेश दाधीच, मीडिया संयोजक पंकज जोशी, भरतपुर जिलाध्यक्ष शैलेंष सिंह, पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी, गजेंद्र सिंह खींवसर, पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव, अनिता गुर्जर व बनवारीलाल सिंघल , पूर्व मंत्री जवाहर सिंह बेढ़ म, पूर्व जिला अध्यक्ष गिरधारी तिवारी ,किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता नेम सिंह फौजदार, जिला उपाध्यक्ष गिरधारी गुप्ता, मनीष शर्मा, जिला महामंत्री बृजेश अठावाल, जिला मंत्री प्रेमपाल सिंह , जिला प्रवक्ता नरेश सेन, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष हंशिका सिंह, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहन रारह इत्यादि मौजूद रहे।

## दिल्ली के एक व्यक्ति में मंकीपॉक्स संक्रमण सामने आया

- **केरल में पहले से ही दो मामले दर्ज हो चुके हैं।**
- **डब्ल्यु.एच.ओ. ने गत शनिवार को ही मंकीपॉक्स को अन्तर्राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किया है।**

नई दिल्ली, 24 जुलाई (वार्ता)। हिमाचल घूमने गये दिल्ली के एक व्यक्ति में मंकीपॉक्स का मामला सामने आया है। केंद्र सरकार ने दिल्ली में मंकीपॉक्स पीड़ित मिलने के बाद स्थिति की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। इससे पहले केरल में मंकीपॉक्स के दो मामले सामने आ चुके हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने रविवार को यहां जारी एक बयान में बताया कि दिल्ली निवासी 34 वर्षीय पुरुष को मंकीपॉक्स का संदिग्ध मामला मानकर लोक नायक अस्पताल में आइसोलेट किया गया। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी), पुणे ने इस व्यक्ति की मंकीपॉक्स पीड़ित की पुष्टि की है।

पीड़ित लोक नायक अस्पताल के आइसोलेशन सेंटर में भर्ती है। पीड़ित के करीबी संपर्क की पहचान की गई है। मंत्रालय के अनुसार स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने स्थिति की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है।

गौरतलब है कि, वर्ल्ड हैल्थ ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यु.एच.ओ.) के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयेसस ने गत शनिवार (23 जुलाई) को वैश्विक स्तर पर लगातार बढ़ते मंकी पॉक्स के मामलों को देखते हुए इसे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'अग्निवीरों का भविष्य'

- **राहुल गांधी ने ट्वीट किया ''साठ हज़ार सैनिक हर साल रिटायर होते हैं, उनमें से सिर्फ तीन हज़ार को सरकारी नौकरी मिलती है, तो फिर अग्निवीरों का क्या होगा?**

नई दिल्ली, 24 जुलाई (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अग्निवीर योजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर रविवार को एक बार फिर हमला किया और कहा कि उनका यह प्रयोग राष्ट्रीय सुरक्षा और युवाओं के भविष्य के लिए खतरनाक है।

राहुल गांधी ने कहा कि, अग्निवीर योजना युवाओं के भविष्य के साथ कैसे खिलवाड़ करेगी इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि वर्तमान में हर साल 60 हज़ार सैनिक रिटायर्ड होते हैं लेकिन मुश्किल से तीन हज़ार पूर्व सैनिकों को ही सरकारी नौकरी मिल पाती है। राहुल गांधी ने ट्वीट किया ''साठ हज़ार सैनिक हर साल रिटायर होते हैं, उनमें से सिर्फ तीन हज़ार को सरकारी नौकरी मिल रही है। चार साल के ठेके पर हज़ारों की संख्या में रिटायर होने वाले अग्निवीरों का भविष्य क्या होगा। प्रधानमंत्री की प्रयोगशाला के इस नए प्रयोग से देश की सुरक्षा और युवाओं का भविष्य दोनों खतरे में हैं।''

# अलवर में इनकम टैक्स रेड, 57.57 करोड़ रू. की अघोषित सम्पत्ति बरामद

## 300 अफसर 4 दिन जुटे, 9 करोड़ की नकदी-सोना पकड़ा

- **मामा गुटखा नाम से चल फर्म के खिलाफ गत 20 जुलाई को कार्रवाई शुरु हुई थी।**

अलवर, 24 जुलाई (निसं)। दौसा, भरतपुर, धौलपुर, भिवाड़ी, नीमराणा सहित कई जिले वाले अलवर रीजन में इनकम टैक्स की सबसे बड़ी रेड अलवर शहर में 4 दिन चली। इनकम टैक्स ने मामा फूड कंपनी के यहां 57 करोड़ 57 लाख रुपए की अघोषित आय पकड़ी। जिसमें 4 करोड़ 25 लाख नकद, 4 करोड़ 35 लाख रुपए का सोना, बेनामी सम्पति शामिल है।

जिसका पूरा एनालिसिस होने के बाद इनकम टैक्स जमा होगा। जानकारों का मानना है इस रेड में मिली अघोषित आय से फर्म को करीब 30 से 40 करोड़ रुपए बतौर इनकम टैक्स जमा कराने होंगे। यह रेड 20 जुलाई को शुरू हुई और 23 जुलाई की देर शाम को खत्म हुई है। अब आई.टी. की अलवर विंग आगे दस्तावेजों की जांच पूरी करेगी।

20 जुलाई को सुबह करीब साढ़े 6 बजे अलवर शहर में मामा गुटखा नाम से प्रसिद्ध फर्म के यहां दिल्ली से एक साथ 50 गाडियां अलवर पहुंचीं। जिन्होंने बुध विहार, स्कीम दस, एम.आई.ए., हसन खां, चिकानी रोड़ सहित कई ठिकानों पर सर्च शुरू किया। दिन-रात टीमें यहां अघोषित आय के दस्तावेज, नकदी व सोना खंगालने में लगे रहे।

जयपुर के इनकम टैक्स के अधिकारियों ने बताया कि, मामा सुपारी व जर्दा निर्माता राजन झिरीवाल के ठिकाने पर यहां कुल 4 करोड़ 25 लाख रुपए नकद मिले हैं। यह रकम बुध विहार के घर, फैक्ट्री व स्कूल से अधिक मिली है। दो दिन तक सर्च करते रहने पर राशि मिलती गई। जिसका कोई हिसाब भी नहीं मिला है। इस कारण इसे अघोषित माना गया है।

फर्म के अलग-अलग ठिकानों पर 4 करोड़ 35 लाख रुपए का सोना मिला है। नए व पुराने दोनों घरों से सोना मिला है। जिसे भी अघोषित आय की श्रेणी में लिया गया है। पहले दिन सोने को लेकर असमंजस रहा लेकिन रिकॉर्ड चेक करने पर सोने के बिल पूरे नहीं मिले। जिसकी खरीद को आय में कहीं नहीं दिखाया गया था। इस कारण इसे अघोषित आय माना गया। बैंक लॉकर व घर से अधिक सोना मिला है। मामा फूड फर्म पर रेड के दौरान घर, फैक्ट्री, सी.ए. के ऑफिस सहित आसपास के मकानों से करीब 40 करोड़ रुपए की बेनामी सम्पति के कागज भी मिले हैं। यह सम्पति रिश्तेदार व दोस्तों के नाम की हुई थी लेकिन इनके कागजात मिले हैं। जिसे अघोषित सम्पति माना गया है। स्कीम 10 में सी.ए. अजय सिंघल के घर पर सर्वे किया गया। जहां से 20 लाख रुपए कैश मिले थे।

मामा गुटखा फर्म से जुड़ी फर्म के मालिक रोहित खंडेलवाल के यहां करीब साढ़े 6 करोड़ की अघोषित आय मिली है। जो एक तरह से मामा पान मसाला के डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में संचालित है। इसके बिल पूरे व हिसाब

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दिल्ली सरकार व केन्द्र के बीच खींचतान चरम सीमा पर पहुँची

## आप ने केन्द्र सरकार व प्रधानमंत्री पर राज्य सरकार के कार्यक्रम को ''हायजैक'' करने का आरोप लगाया

- **आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नफरत इतनी बढ़ गयी है कि, दिल्ली सरकार के कार्यक्रम में जबरन अपना फोटो लगवा रहे हैं। इस तकरार के बीच रविवार को कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल उपस्थित नहीं हुये।**

नई दिल्ली, 24 जुलाई (वार्ता)। दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार व केन्द्र सरकार के बीच खींचतान इस सप्ताह बेहद तेज हो गई है। आप पार्टी ने केन्द्र सरकार पर राज्य सरकार के कार्यक्रम को हाइजैक करने का आरोप लगाया है।

आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नफरत इतनी बढ़ गयी है कि दिल्ली सरकार के कार्यक्रम में जबरन अपना फोटो लगवा रहे हैं। इस तकरार के बीच रविवार को कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल उपस्थित नहीं हुये।

संजय सिंह ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जहां दिल्ली के बच्चों की वीडियो चलनी थी, वहां दिल्ली पुलिस भेजकर अपनी फोटो लगवाई है। क्या देश के प्रधानमंत्री को ऐसा आचरण करना शोभा देता है? उन्होंने कहा कि, केजरीवाल सरकार के खिलाफ साजिशों के श्रृंखलाबद्ध घटनाक्रम को अंजाम दिया जा रहा है। अब तक 150 से ज्यादा फर्जी मुकदमे ''आप'' नेताओं पर किये हैं। मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन पर भी मनगढ़ंत आरोप लगाए गए हैं। सत्येंद्र जैन के मामले में इनके एक नेता ने माफी मांगी थी।

राज्यसभा सदस्य ने कहा कि केजरीवाल के दिल्ली मॉडल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भयभीत हैं। उनसे केजरीवाल का मॉडल रुकने वाला नहीं है। इस प्रकार की हरकतों से केजरीवाल की लोकप्रियता और बढ़ेगी। लेकिन सभी को सोचना पड़ेगा कि कैसे आखिर एक राज्य सरकार काम कर पाएगी, जब देश का प्रधानमंत्री ही इस तरह से पीछे पड़ा है।

सिंह ने कहा कि केजरीवाल से मोदी की नफरत इस कदर बढ़ गई है कि वो दिल्ली सरकार के पीछे पड़े हुए हैं। दिल्ली सरकार के वन विभाग के कार्यक्रम पर पुलिस भेजकर क़ब्ज़ा कर रहे हैं और कह रहे हैं कि अगर मोदी की फोटो नहीं रहेगी तो हम आपको कार्यक्रम करने की अनुमति नहीं देंगे।

उन्होंने कहा कि वन विभाग के वृक्षारोपण कार्यक्रम के समापन समारोह में दिल्ली के बच्चो का वीडियो चल रहा था। मोदी कह रहे थे कि दिल्ली के बच्चों का वीडियो नहीं चलेगा हमारी तस्वीर लगेगी। दिल्ली सरकार ने 2.10 करोड़ पौधे लगाए हैं। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार के आने से पहले हरित क्षेत्र 20 फीसदी हुआ करता था जो बढ़कर 23 फीसदी हुआ है। इस साल भी 35 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है। दिल्ली सरकार के इस कार्यक्रम में एलईडी लगी हुई थी। उस एलईडी में एक बच्चों की वीडियो चलनी थी, जिसके जरिए वृक्षारोपण के लिए पर्यावरण जागरूकता का संदेश देना था। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का प्रधानमंत्री अपनी फोटो लगवाने के लिए इस प्रकार की हरकत कर रहा है।

केजरीवाल ने नई दिल्ली के अंदर पर्यावरण के क्षेत्र में अनेक प्रयास किए। पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए अनेक कदम उठाए। जिसमें से वृक्षारोपण एक महत्वपूर्ण कदम है। उस कार्यक्रम में आप दिल्ली पुलिस के लोगों को भेज कर वहां सरकारी कार्यक्रम पर डकैती करवा रहे हैं। उसमें कह रहे हैं कि इसमें मोदी की फोटो लगेगी।

राज्यसभा सदस्य ने कहा कि केजरीवाल सरकार के खिलाफ साजिशों को श्रृंखलाबद्ध घटनाक्रम को अंजाम दिया जा रहा है। दिल्ली में 42-42 विधायकों को पकड़ कर जेल में डाला। वह बाद में कोर्ट से बरी हो गए। मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री पर सीबीआई

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## हिमाचल में कार खाई में गिरी

- **इस दुर्घटना में पांच की मौत हो गई व दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं।**

चंबा, 24 जुलाई। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में दर्दनाक हादसा पेश आया है। मिली जानकारी के मुताबिक बैरागढ़-साच पास किलाड़ मार्ग पर एक बोलेरो गाड़ी अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी।

हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

तहसीलदार तीसा प्रकाश शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही प्रशानिक टीम, एंबुलेंस मौके पर रवाना की गई। सूचना मिलते ही एसडीएम भी मौके के लिए रवाना हुए। हादसा दोपहर बाद चार बजे के करीब हुआ है। फिलहाल हादसे के कारणों का पता नहीं चल पाया है। शवों की शिनाख्त की जा रही है। डीएसपी मयंक चौधरी ने बताया कि हादसे में पांच लोगों की मौत हुई है। दो गंभीर घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है।

## विचार बिन्दु

जीवन में सबसे अच्छा दोस्त वह है, जो आपका सर्वश्रेष्ठ बाहर लाता है। –हेनरी फोर्ड

# डिजिटल समय में बौद्धिक संपदा का कॉपीराइट

जब भी जीवन में कुछ नया आता है, उसके साथ बहुत सारी सुविधाएं हमें मिलने लग जाती हैं। लेकिन बहुत बार हमारा ध्यान इस तरफ नहीं जाता है कि नया अपने साथ कुछ चुनौतियां, कुछ उलझनें भी लेकर आता है। अब यही बात देखें कि हाल के बरसों में हम डिजिटल सामग्री के कितने अभ्यस्त हो गए हैं ! कभी हम संगीत सुनने के लिए रिकॉर्ड्स खरीदते थे, फिर कैसेट्स, सीडी और पेन ड्राइव तक जा पहुंचे। और अब ये सब बासी हो चुके हैं। अपना मनचाहा सब कुछ हमें इनके बग़ैर ही सुलभ है। ऐसा ही किताबों के मामले में भी हुआ है। मौखिक परम्परा से ताड़पत्र और उनसे मुद्रण तक पहुंचने के बाद अब ज़माना बहुत तेज़ी से डिजिटल की तरफ भाग रहा है। कागज़ पर छपी किताब की बजाय किण्डल जैसे किसी ई रीडर पर किताब पढ़ना आम होता जा रहा है। पुस्तकालयों की जगह ई पुस्तकालय चलन में आने लगे हैं। इससे सुविधा तो हुई है। मेरे दुबले-पतले किण्डल में पांचेक सौ किताबें तो हैं ही, और कम्प्यूटर की मेमॉरी में भी हज़ार-दो हज़ार किताबें पड़ी हैं। और ये सब कोई जगह नहीं घेर रही हैं। जगह भी नहीं घेर रही और इनमें से बहुत सारी किताबों के लिए मैंने कोई कीमत भी नहीं चुकाई है। पढ़ने के शौकीन दोस्तों को यह बात ज़रूर याद आ रही होगी कि हाल में जैसे ही गीतांजलि श्री के उपन्यास रेत समाधि के अंग्रेज़ी अनुवाद को बुकर पुरस्कार मिलने की घोषणा हुई, हममें से बहुतों के पास, हमारे शुभ चिंतकों की कृपा से इस उपन्यास की पीडीएफ आ पहुंची।

किसी भी सामग्री का, चाहे वह किताब हो, संगीत हो, तस्वीर हो, कुछ भी हो इस तरह सुलभ हो जाना निश्चय ही सुखद है। लेकिन यह सबके लिए सुखद नहीं है। इसके साथ बहुत सारे नैतिक, वाणिज्यिक और वैधानिक मुद्दे भी जुड़े हैं, जिनकी तरफ अगर हमारा ध्यान नहीं जाता है, तो जाना चाहिए। पढ़ने के शौकीनों को यह बताने की ज़रूरत नहीं है कि इण्टरनेट पर किताबों के दो बहुत बड़े ख़ज़ाने हैं, जिनका नाम **प्रोजेक्ट गुटनबर्ग** और **इण्टरनेट आर्काइव** है। अमरीका में अवस्थित **प्रोजेक्ट गुटनबर्ग** पर लगभग साठ हज़ार किताबें, जिनमें से ज़्यादातर क्लासिक श्रेणी की हैं, पढ़ने के लिए निशुल्क उपलब्ध हैं। इसी में यह बात और जोड़ दूं कि ये सब किताबें वे हैं जो कॉपीराइट मुक्त हैं, अर्थात इनके रचनाकारों के निधन को एक निश्चित अवधि बीत चुकी है। यह अवधि अलग-अलग देश में अलग-अलग है। भारत में यह अवधि रचनाकार की मृत्यु के बाद वाले वर्ष से साठ वर्ष की है। कॉपीराइट मुक्त रचनाओं के इस तरह सर्व सुलभ कराने पर कोई बड़ा नैतिक, आर्थिक, वैधानिक मामला नहीं बनता। लेकिन अमरीका का ही एक और संस्थान है **इण्टरनेट आर्काइव**, जहां बहुत सारी ऐसी किताबें भी निशुल्क और सार्वजनिक रूप से सुलभ हैं जो अभी तक कॉपीराइट मुक्त नहीं हैं। इसके परिचय में कहा गया है कि "**इण्टरनेट आर्काइव** लाखों निशुल्क पुस्तकों, चलचित्रों, सॉफ्टवेयर, संगीत, वेबसाइट और अन्य सामग्री की अलाभकारी लाइब्रेरी है"। इसकी स्थापना 1966 में हुई थी। इसका उद्देश्य है कि "जो लोग पढ़ सकने में अक्षम हैं उन्हें सहायता दी जाए, भावी पीढ़ियों के लिए डिजिटल सामग्री को संरक्षित किया जाए और ज्ञान तक पहुंच का जनतांत्रिकरण किया जाए"। शायद ही कोई अध्येता हो जिसने कभी न कभी इस लाइब्रेरी की सेवाओं का लाभ न उठाया हो। लेकिन सन 2020 में अमरीका के चार बड़े प्रकाशकों ने इस लाइब्रेरी के खिलाफ कॉपीराइट के उल्लंघन का एक वाद प्रस्तुत कर दिया। इन प्रकाशकों ने न केवल इण्टरनेट आर्काइव द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं पर सवाल खड़े किये हैं, इन्होंने कोविड महामारी के दौरान मार्च 2020 में इसी लाइब्रेरी द्वारा स्थापित नेशनल **इमरजेंसी लाइब्रेरी** को भी अपनी आपत्तियों के घेरे में लिया है। इस इमरजेंसी लाइब्रेरी की स्थापना के पीछे उद्देश्य यह था कि कोविड महामारी के कारण अधिकांश लाइब्रेरियों के बंद हो जाने से ज्ञान-सामग्री तक शिक्षकों की पहुंच अवरुद्ध हो गई है, अतः उन्हें वैकल्पिक सामग्री उपलब्ध कराई जाए। प्रकाशकों ने इन दोनों सुविधाओं को चुनौती दी और कहा कि इनके कारण बड़े पैमाने पर कॉपीराइट का स्वैच्छिक उल्लंघन हो रहा है और उनकी अनुमति के बिना तथा उन्हें कोई भुगतान किए बग़ैर किताबें (बेशक अपने डिजिटल रूप में) सुलभ कराई जा रही हैं।

**कॉपीराइट के जो भी कानून बने हैं वे बहुत पहले के हैं। इस बीच तकनीक ने बहुत भारी बदलाव कर दिए हैं। उन कानूनों पर नए बदलावों के आलोक में विचार हो और कोई व्यावहारिक राह खोजी जाए, जो जितनी इस सामग्री के उपयोगकर्ता के लिए लाभप्रद हो, उतनी ही इस सामग्री के सर्जक के हितों की रक्षक भी हो।**

इन आपत्तियों के जवाब में **इण्टरनेट आर्काइव** ने जो तर्क दिये हैं वे भी ग़ौर तलब हैं। उनका कहना है कि वह किसी भी अन्य पुस्तकालय की तरह है। अगर कोई पुस्तकालय किसी किताब की एक प्रति खरीद कर सौ या हज़ार पाठकों को पढ़वा सकता है, तो वह भी तो ऐसा ही कर रहा है। **इण्टरनेट आर्काइव** का कहना है कि वहां से भी एक समय में एक किताब एक ही पाठक को दी जाती है, इसलिए वस्तुतः उनमें और किसी और पुस्तकालय के व्यवहार में कोई अंतर नहीं है। जब पारम्परिक पुस्तकालय किसी किताब को खरीद लेने के बाद चाहे जितने पाठकों को पढ़ने के लिए दे सकता है तो **इण्टरनेट आर्काइव** ऐसा क्यों नहीं कर सकता? लेकिन इस तर्क के जवाब में प्रकाशकों ने यह तर्क दिया कि कागज़ पर छपी किताब और उसका डिजिटल संस्करण समान नहीं हैं, इसलिए इन दोनों के प्रति कानून का नज़रिया भी अलग-अलग होना चाहिए।

यह मामला भले ही अमरीका का है, हम भारतीयों के लिए भी यह विचारणीय तो है ही। ऊपर मैंने रेत समाधि के पीडीएफ संस्करण का ज़िक्र किया। बेशक यह संस्करण और इसका वितरण अवैध था। मान लीजिए किसी ने इस संस्करण को पढ़ कर किताब खरीदने पर होने वाले पैसे बचा लिए तो इससे प्रकाशक का, और लेखक का भी हक़ मारा गया। प्रकाशक ने किताब को प्रकाशित करने पर जो खर्च किया, आपने उसकी भरपाई में अपना योग नहीं दिया। आदर्श स्थित यह है कि लेखक को भी उसके रचना कर्म के लिए रॉयल्टी मिले। अगर किताब बिकेगी ही नहीं तो लेखक को रॉयल्टी कैसे मिलेगी? नैतिक अनैतिक का सवाल तो है ही। यहां यह भी याद दिलाता चलूं कि कॉपीराइट वाली बात भारत में भी समय-समय पर उठती रही है। बहुतों को याद होगा कि **कविता कोश** में अपनी कविताएं शामिल कर लेने पर अनेक कवियों या उनके प्रकाशकों द्वारा आपत्ति करने के बाद उन्हें वहां से हटा दिया गया था।

भारत के संदर्भ में, जहां तकनीक अभी बहुत ज़्यादा चलन में नहीं है, इस बात को संगीत, फ़िल्मों और सॉफ्टवेयर की पायरेसी के माध्यम से भी समझा जा सकता है। वे दिन अब बहुतों की तो स्मृति में भी नहीं होंगे जब हम अपनी पसंद के किसी गाने को बार-बार सुनने के लिए 78 आरपीएम की रिकॉर्ड खरीदते थे। बाद में जब कैसेट वाला ज़माना आया तो बजाय महंगी कैसेट खरीदने के हम खाली कैसेट खरीदकर उस पर गाने भरवाने लगे। और अब तो वह समय आ गया है जब करीब-करीब सारा ही संगीत निशुल्क सुलभ है। इस बात से रिकॉर्ड कम्पनियों और संगीत से जुड़े कलाकारों पर जो प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, उसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। इसी तरह, भारत और बहुत सारे अन्य देशों में ऑरिजिनल सॉफ्टवेयर खरीदने का चलन कम है। सरकारी दफ्तरों तक में पायरेटेड सॉफ्टवेयर का प्रयोग आम है। कम्पनियां इस प्रवृत्ति पर नियंत्रण करने के भरसक प्रयास कर रही हैं पर हम जुगाड़ू लोग हर प्रयास का तोड़ निकाल लेते हैं।

भारत में और खास तौर पर हिंदी समाज में यह भी कहा जाता है कि किताब को हाथ में लेकर पढ़ने का जो सुख है वह उसके डिजिटल संस्करण में नहीं मिलता है। वैसे तो यह अभ्यास की बात है, लेकिन अब जबकि डिजिटल संस्करण तैयार करने वाले लोग किताब के साथ अन्य बहुत सारी सुविधाएं जोड़ते चले जा रहे हैं, देर-सबेर अधिक लोग इनकी तरफ खिंचेंगे, इसमें संदेह नहीं किया जा सकता। इधर इंग्लैण्ड की एक कम्पनी ने टी एस एलियट की प्रख्यात कविता **वेस्टलैण्ड** का जो डिजिटल संस्करण निकाला है उसमें स्वयं कवि की हस्तलिपि में कविता का वह मूल ड्राफ्ट तो है ही जिसमें एज़रापाउण्ड ने अपने हाथों से संशोधन किया था, कविता की एक वीडियो प्रस्तुति और अन्य कवियों, थिएटर निर्देशकों और विद्वानों से इस कविता के बारे में संवाद व चर्चा भी है। कल्पना की जा सकती है कि जब हम **गोदान** का डिजिटल संस्करण पढ़ें तो उसे पढ़ने के साथ-साथ देख और सुन भी सकें। लेकिन जब ये सारी सुविधाएं हमें मिलेंगी तब इनके अनधिकृत उपयोग से होने वाली चुनौतियां भी हमारे सामने होंगी, जैसे आज अमरीका में हैं।

भारत में और विशेष रूप से हिंदी में किताबों के पीडीएफ रूपों और विभिन्न ई पुस्तकालयों की उपादेयता का एक और आयाम है, जिसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। भारत में और ख़ास तौर पर हिंदी में प्रायः किताबों के दूसरे संस्करण नहीं निकलते हैं, जबकि कई कारणों से उन किताबों की ज़रूरत महसूस की जाती है। ऐसे में उन अप्राप्य किताबों के पीडीफ संस्करण सहायक बनते हैं। ख़ुद मैंने **ई पुस्तकालय** से न जाने कितनी बार इस तरह की मदद ली है। ग़ौरतलब यह भी है कि जो किताब उपलब्ध ही नहीं है, उसके ई संस्करण से किसी को कोई हानि नहीं हो रही है। इसके विपरीत उसकी अप्राप्यता का आंशिक निवारण भी हो रहा है।

मुझे लगता है कि कॉपीराइट के जो भी कानून बने हैं वे बहुत पहले के हैं। इस बीच तकनीक ने बहुत भारी बदलाव कर दिए हैं। उन कानूनों पर नए बदलावों के आलोक में विचार हो और कोई व्यावहारिक राह खोजी जाए, जो जितनी इस सामग्री के उपयोगकर्ता के लिए लाभप्रद हो, उतनी ही इस सामग्री के सर्जक के हितों की रक्षक भी हो।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# पाँवों से सिर पर सात-आठ मटके रखकर नाचना भवाई नृत्य की मुख्य विशेषता

राजस्थान में पेशेवर लोक गायकों एवं लोक नृत्यकारों की परंपरागत जातियां पाई जाती थी। भांड, भवाई भाट, नट, सांसी, कंजर, कालबेलिया आदि ऐसे पेशेवर कलाकार थे जो नृत्य गान के माध्यम से अपनी आजीविका कमाते थे। इन कलाकारों के पास जो कला थी। वह एक प्रकार से लोक कला का ही पेशेवर रूप थी। राजस्थान में पेशेवर लोक नृत्यों में भवाई नृत्य अपनी उत्कृष्टता के लिए अत्यधिक लोकप्रिय रहा है। उदयपुर संभाग के एक क्षेत्र में इन नृत्यकारों के समूह बस गये थे, जिन्होंने एक जाति का रूप ले लिया और वे भवाई कहलाए। अन्य पेशेवर लोक कलाकारों की भांति इन भवाई नृत्यकारों ने किसी यजमानी प्रथा का सहारा नहीं लेकर अपने नृत्य को जनसाधारण के मनोरंजन के लिए विकसित किया।

भवाई लोक कला में अनेक कथानक जुडे हैं तो केवल इसलिए कि इन्होंने अपनी कला में नृत्य-नाट्य सम्मिलित करने का प्रयास किया है। यह उनकी मनोरंजन के लिए नये आयाम ढूंढने की ललक का परिणाम है। भवाई नृत्य में विभिन्न शारीरिक करतब दिखाने पर अधिक जोर रहता है, जिसमें शरीर का संतुलन दिखाने का प्रयास किया जाता है। इस कार्य में संतुलन के लिए साधना करने की महत्ती आवश्यकता होती है। भवाई लोग मुख्यतया अपने स्वांगों के लिए प्रसिद्ध रहे हैं। ये छतीस कौमों के स्वांग धारण करते थे।

इनके द्वारा किये जाने वाले स्वांगों में बोहरा-बोहरी, सूरदास, बाणिया,



पन्नालाल मेघवाल

लोडी-बडी, शंकरिया, कानगुजरी, बाघाजी एवं बीकाजी आदि प्रमुख थे। भवाई नाट्य का माध्यम गीत गद्य और और नृत्य था। इनके नृत्य की मुख्य विशेषताएँ नृत्य अदायगी, शारीरिक क्रियाओं के अद्भुत चमत्कार तथा लयकारी की विविधता थी। अपने अंगों को मरोड कर नाना प्रकार की कसरतें दिखाने में भी ये लोग माहिर होते थे। इन कसरतों में गरूडजी का आसान अडंगनाथ एवं पारसनाथ की मूरत, कछुआ, मछली, मगर, मोर, बंदर एवं सूपडा बनने क्रीडाएँ प्रमुख थीं।

जमीन पर बैठकर अपने दोनों पाँवों से सिर पर मटके रखने में भी ये लोग सिद्धहस्त होते थे। व्यंग्य एवं विनोद में पटु ये लोग मौके पर ही आशु भाषा एवं वाक पटुता से दर्शकों को आश्चर्य चकित कर देते थे। अन्य फुटकर खेलों में कमल का फूल, मटकों का नाच, जलती हुई बोतल का नाच, तलवारों का नाच तथा तीन चोट का नाच मुख्य था। इनमें कोई कथा नहीं



रहती थी, नृत्य ही प्रमुख रहता था।

कमल के फूल में नृत्यकार ढोलक की तीव्र थाप पर चकरी खाता हुआ सात रंग की पगडियों को बिखेरकर कमल का फूल बनाता था। यह फूल डंडी तथा पंखुडियों सहित होता था। लगभग आधे घण्टे तक नृत्यकार की जोरदार चकरी देख दाँतों तले अंगुली दबानी पडती थी। मटकों तथा जलती हुई बोतल का नाच भी बडा कमाल का होता था। पाँवों से सिर पर मटके चढाकर उठना-बठना, चकरियाँ लेना तथा बैठकें लगाना आदि ऐसे करतब है जिन्हें भवाई कलाकार ही कर सकते है। तीन चोट में भाला, तलवार तथा बंदूक की तीनों चोटे एक साथ दिखाई जाती थी। नृत्य करते हुए ताल के मान पर ऊपर आकाश में भाला फेंकना, भाला फेंकते ही तुरन्त म्यान से तलवार निकालना और तुरन्त ही बंदूक को दागकर ढोलक के सम पर पुनः भाला झेलना हर किसी के बस का काम नहीं था।

भवाई बचपन से ही यह कला सीख जाते थे। उन्हें किसी प्रकार के विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं होती थी। इनके प्रदर्शनों में इनकी स्त्रियाँ भाग नहीं लेती थीं। स्त्री पात्रों की भूमिका पुरूष ही निभाते थे। स्त्री पात्रों की भूमिका निभाने वाले पुरूष बाल बडे रखते थे तथा पात्र के अनुरूप ऐसे वस्त्राभूषण धारण करते थे जिससे जनता यह समझ भी नहीं पाती थी कि यह पुरूष है। जनता यही समझती है कि पुरूषों के साथ स्त्रियाँ भी नृत्य कर रही है।

वस्तुतः भवाई गाँवों में रहकर गाँवों में ही अपनी कला का प्रदर्शन करते थे। इसके पीछे उनकी जीविकोपार्जन का रहस्य जुडा हुआ था, लेकिन बदलते परिवेश में अब इस कार्य में अधिक आकर्षण नहीं रहने के कारण मूल भवाई इस कला को छोडते जा रहे है जबकि शहरी लोग शौकिया इस कला को सीख रहे हैं। शौकियाना सीखने वालों में अब शहरी पुरूष एवं महिलाएं भी सम्मिलित हो गई है। सिर पर सात-आठ मटके रखकर नृत्य करना, जमीन से मुँह से रूमाल उठाना, गिलासों पर नाचना, थाली के किनारों पर नृत्य करना, तलवारों की धार पर नृत्य करना, धधकते अंगारों पर नृत्य करना, काँच के टुकडों पर नृत्य करना आदि इसकी विशेषता है। यह नृत्य लगभग लोक गीतों पर ही आधारित है। अब भवाई लोक नृत्य कुछ बालिकाओं, महिलाओं, पुरुषों द्वारा शौकियाना अथवा पेशेवर किया जाता है।

**–पन्नालाल मेघवाल,**
**वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार।**

## परीक्षा में जनेऊ उतारने पर विप्र समाज में रोष

**उदयपुर,** (कासं)। स्थानीय बीएन पीस विधालय, उदयपुर में अध्यापक पात्रता (रीट) परीक्षा के दौरान विप्र छात्र हार्दिक व्यास द्वारा धारण की जनेउ को पुलिस कांस्टेबल द्वारा ब्राह्मणत्व की आस्था पर जोर जबरदस्ती कर काटने पर आमादा होने पर बाद में जबरन उतार दी गई। विप्र फाउण्डेशन प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष के.के.शर्मा, महामंत्री लक्ष्मी जोशी, युवा प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र पालीवाल, उदयपुर जिलाध्यक्ष हिम्मतलाल नागदा, बांसवाडा जिलाध्यक्ष योगेश जोशी, सागवाडा जिलाध्यक्ष प्रकाश व्यास संयुक्त रूप विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जनेऊ (यज्ञोपवित) एक ब्रह्म समाज का संस्कार है जिसको बहुत विधि विधान, मंत्रोचार के साथ विप्र (बटुको) को धारण करवाया जाता है। शर्मा ने बताया कि जनेउ सूत का बना हुआ एक धागा होता है जिसमें कोई वस्तु छिपाई नहीं जा सकती है। प्रशासन द्वारा जबरन इस तरह की घटना कारित की गई जिससे संपूर्ण विप्र समाज में रोष व्याप्त है।


# 26 गोवंश को मुक्त कराया

**धौलपुर,** (निसं)। अवैध रूप से तस्करी को ले जा रहे गौवंशों को स्थानीय गो सेवक की सूचना पर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने 26 नंदी को मुक्त कराया।

बजरंग दल जिला सह संयोजक राम शर्मा ने बताया कि सुबह स्थानी गौ सेवक से सूचना मिली थी कि एक गोवंश से भरा हुआ ट्रक खनपुरा बाड़ी धौलपुर रोड पर खड़ा हुआ है। सूचना मिलने पर बजरंग दल

**मौके पर से ड्राइवर और खलासी दोनों ट्रक छोड़कर भाग खड़े हुए**

कार्यकर्ताओं विहिप जिला गौ सेवा प्रमुख चंद्र प्रताप धाकरे बाड़ी प्रखंड संयोजक भूरा पहलवान बाड़ी प्रखंड सह संयोजक समीर गोस्वामी के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर से



**स्थानीय गो सेवक की सूचना पर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने 26 नंदी को मुक्त कराया।**

ड्राइवर और खलासी दोनों ट्रक छोड़कर भाग चुके थे। आगे की कार्रवाई हेतु सदर थाना पुलिस धौलपुर को सूचना दी गई जिस पर पचगांव चौकी पुलिस कार्यवाही हेतु तुरंत मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर मेडिकल परीक्षण हेतु चिकित्सक को बुलाया पशु चिकित्सक राम अवतार सिंघल द्वारा सभी गोवंश का निरीक्षण किया।

सभी गोवंश नंदीओ को सकुशल पाया गया मेडिकल के उपरांत धौलपुर पुलिस और बजरंग दल कार्यकर्ताओं की देखरेख में 26 नंदीओ को बिजौली गौशाला मैं सकुशल छोड़ा गया साथ कि ट्रक को पुलिस द्वारा आगे की कार्यवाही हेतु जप्त किया गया।

# बांसियाल रिजर्व कंजर्वेशन में दिखे प्रवासी पक्षी कुरजा, खेतड़ी बनेगा बड़ा पर्यटक हब

## अरावली की पहाड़ियों में झरने बहने से बढ़ सकती है पर्यटकों की आवाजाही

**खेतड़ी,** (निसं)। देश की राजधानी दिल्ली से मात्र 160-65 किलोमीटर राजस्थान की राजधानी जयपुर से मात्र 155 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। रजवाड़ा के समय की बड़ी रियासत खेतड़ी रियासत काल में इसे जयपुर स्टेट की सबसे बड़ी रियासत का दर्जा हासिल तक इसे प्रिंसली स्टेट के नाम से जाना जाता था।

खेतड़ी का नाता जहां नेहरू परिवार से था तो वहीं विवेकानंद और खेतड़ी नरेश राजा अजीत सिंह के रिश्ते पूरे विश्व में विख्यात है। खेतड़ी स्वामी विवेकानंद की कर्म स्थली रही थी। उस समय खेतड़ी रियासत का देश विदेश में बोलबाला था। यहां के अंतिम राजा सरदार सिंह बहादुर भारत के संविधान लिखने वाली टीम के सदस्य थे। वहीं उनको लाओस देश का राजदूत भी बनाया गया था। लेकिन पिछले कुछ समय से इस रियासत का नाम गुमनामी के अंधेरे में चला गया। लेकिन अब यह खेतड़ी पर्यटक नगरी के रूप में विकसित हो रही है। आने वाले समय



**बांसियाल रिजर्व कंजर्वेशन व आस-पास के क्षेत्रों में इन दिनों प्रवासी पक्षी कुरजा देखे जा रहे हैं।**

में एक बड़ा पर्यटक हब बनेगा। यहां के वन्य अभ्यारण में दर्जन से भी अधिक पैंथर वन्यजीव अन्य पक्षी मौजूद है। वहीं अजीत विवेक संग्रहालय पर्यटकों के मुख्य आकर्षण का केंद्र है। यह अजीत सागर बांध ऐतिहासिक पन्ना सागर तलाब भोपालगढ़ फोर्ट कई ऐसे स्थान है जो विदेशी सैलानियों को भी अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

खेतड़ी के वन्य अभ्यारण बांसियाल रिजर्व कंजर्वेशन व पास पड़ौस के क्षेत्रों में इन दिनों प्रवासी पक्षी कुरजा देखे जा रहे हैं। साथ ही बरसात के मौसम में अरावली की पहाड़ियों में कई जगहों पर झरने बहने लगे हैं। जिसके चलते शेखावाटी का यह क्षेत्र पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। बरसात के मौसम में अक्सर भोपालगढ़ के कई मंदिरों में हरियाणा अन्य स्थानों से आने वाले पर्यटक साग रोटा बनाकर गोठ का आयोजन करते हैं। यहां वन्य अभ्यारण, अजीत विवेक संग्रहालय, भोपालगढ़, पन्ना सागर

**वन्य अभयारण्य में दर्जन से भी अधिक पैंथर मौजूद हैं**

तालाब सहित कई ऐसे स्थल है। जिसको देखने के लिए पर्यटकों की अब आवाजाही बढ़ सकती है।

वन विभाग के रेंजर विजय कुमार फगेड़िया ने बताया कि प्रवासी पक्षी कुरजा अक्सर अगस्त, सितंबर के माह में राजस्थान में शेखावाटी क्षेत्र में देखे जाते हैं। लेकिन खेतड़ी वन्य अभ्यारण अरावली की पहाड़ियों में बरसात के मौसम में हरियाली छाई हुई है। ऐसे में प्रवासी पक्षियों के लिए यह एक सुरक्षित स्थान बन गया है। जिसके कारण कुरंजा व अन्य प्रजातियों के पक्षी यहां दिखाई दे रहे हैं। वन्य अभ्यारण में इनके दाना पानी के लिए सभी अन्य कर्मियों को अलर्ट कर दिया गया है और समय-समय पर परिंडों में दाना पानी डलवाया जा रहा है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 25 जुलाई, 2022**

सावन मास, कृष्ण पक्ष, द्वादशी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2079, मृगशिरा नक्षत्र रात्रि 1:06 तक, धुव्र योग दिन 3:03 तक, तैतिल करण सांय 4:16 तक, चन्द्रमा दिन 11:33 पर मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कर्क, चन्द्रमा-वृष, मंगल-मेष, बुध-कर्क, गुरू-मीन, शुक्र-मिथुन, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग सूर्योदय से रात्रि 1:06 तक है। आज सोम प्रदोष व्रत और सावन का दूसरा सोमवार है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:32 तक, शुभ 9:12 से 10:53 तक, चर 2:14 से 3:54 तक, लाभ-अमृत 3:54 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 5:51, सूर्यास्त 7:15

### मेष
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। दिन के मध्यान्ह पश्चात मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

### वृष
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### मिथुन
आर्थिक/वित्तीय मामलों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। दिन के मध्यान्ह पूर्व में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक कार्यों में प्रगति होगी और कार्य शीघ्रता से बनने लगेंगे।

### कर्क
अपने आर्थिक मामलों को दिन के मध्यान्ह पूर्व में करने का प्रयास करें। दिन के मध्यान्ह पश्चात आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा।

### सिंह
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी और आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

### कन्या
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। दिन के मध्यान्ह पश्चात व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### तुला
आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य को दिन के मध्यान्ह पश्चात करने का प्रयास करे। दिन के मध्यान्ह पूर्व में अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है। आवश्यक कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं।

### वृश्चिक
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

### धनु
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### मकर
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

### कुंभ
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सुख-सुविधाएं बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी और व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

### मीन
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। भाई-बंधुओं के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

# ईआरसीपी प्रोजेक्ट भाजपा का ड्रीम प्रोजेक्ट : राजेन्द्र राठौड़

## प्रदेश सरकार इसकी तकनीकी खामियों को पूर्ण करें : रामलाल शर्मा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री निवास पर बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भारतीय जनता पार्टी का प्रतिनिधि के रूप में उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार के समय यह प्रोजेक्ट तैयार किया किया। इसमें राज्य के 13 जिलों की जनता को पानी उपलब्ध कराया जाना हमारी प्राथमिकता है लेकिन राज्य सरकार को ऐसी महत्वपूर्ण परियोजना पर सरकार को राजनीति करने से बाज आना चाहिए तथा इस ड्रीम प्रोजेक्ट के तकनीकि पहलुओं पर केन्द्र सरकार से व्यापक विचार-विमर्श करना चाहिए।

राजेन्द्र राठौड़ व रामलाल शर्मा ने बताया कि बैठक में राज्य सरकार द्वारा यह बात स्वीकार की गई कि अब तक देश में बनी कुल 16 राष्ट्रीय जल परियोजनाओं में से कोई भी परियोजना 50 प्रतिशत जल निर्भरता पर नहीं बनी। दोनों नेताओं ने बैठक में यह बात स्पष्ट की चूंकि ईआरसीपी की परिकल्पना भाजपा के शासनकाल में प्रारम्भ हुई तथा इसकी डीपीआर भी भाजपा के कार्यकाल में बनी। इसलिए यह कहना कि भाजपा इस प्रोजेक्ट को नहीं चाहती यह पूर्णतया असत्य है। हम कल भी इस प्रोजेक्ट के पक्ष में थे और आज भी है तथा आगे भी रहेंगे। राठौड़ व शर्मा ने बताया कि 27 जनवरी 2020 को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के द्वारा भी यह आपत्ति की गई कि ईआरसीपी प्राजेक्ट में राजस्थान सरकार ने 50 प्रतिशत जल निर्भरता के आधार पर परियोजना बनाई है। यह अर्न्तराज्यीय जल समझौता (राजस्थान व मध्यप्रदेश) का उल्लघंन है।

राठौड़ व शर्मा ने बताया कि 27 जुलाई के अर्न्तराज्यीय जल नियंत्रण मण्डल की 12वीं बैठक में राजस्थान व मध्य प्रदेश के मध्य हुआ समझौता जिसमें 75 प्रतिशत जल निर्भरता पर परियोजना बनाई पर हुई सहमति का उल्लंघन है तथा तब से लेकर अब तक मध्य प्रदेश राज्य से राजस्थान को एनओसी नहीं मिली है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के तकनीकि अधिकारी यह कहते हैं कि यह प्रोजेक्ट हमने नियमों के तहत बनाया है तो उनको केन्द्रीय जल आयोग के अधिकारियों के साथ बैठकर उनके तकनीकि सवालों का समाधान करना चाहिए। प्रदेश के अधिकारी जब भी दिल्ली के अधिकारियों के साथ बैठना चाहेंगे हम उनको इस हेतु पूर्ण सहयोग करेंगे।

## 'पर्यटन क्षेत्र के साथ मिलकर काम करेगा उद्योग विभाग'

**जयपुर,** (का.सं.)। उद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने आज राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (आरडीटीएम) 2022 का दौरा किया। उन्होंने एग्जीबिशन का अवलोकन किया और प्रदर्शित पर्यटन उत्पादों की संख्या देखकर उसकी सराहना की। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि राजस्थान ने अशोक गहलोत के कुशल नेतृत्व में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र को उद्योग का दर्जा देने के साथ-साथ पर्यटन विकास के लिए एक हजार करोड़ रुपये की राशि निर्धारित करके राज्य को इस क्षेत्र में अग्रणी बना दिया है। एग्रो और रूरल टूरिज्म को बढ़ावा देने पर एक नॉलेज सेशन को संबोधित करते हुए मंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि उद्योग विभाग पर्यटन क्षेत्र के साथ मिलकर काम करना चाहता है। आगामी इन्वेस्ट राजस्थान में पर्यटन एक प्रमुख क्षेत्र होगा, जिसका आयोजन जयपुर में 7-8 अक्टूबर को होगा। उन्होंने ग्रामीण और कृषि नीति की भी सराहना की और कहा कि राजस्थान इस क्षेत्र में भी अग्रणी है। इससे पहले एफएचटीआर के अध्यक्ष अपूर्व कुमार ने मंत्री का स्वागत किया और कहा कि आरडीटीएम की सफलता से पर्यटकों की संख्या में अच्छी वृद्धि होगी।

## कटारिया और चांदना आज करेंगे जनसुनवाई

**जयपुर,** (का.प्र.)। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर सोमवार को जनसुनवाई की जाएगी। 25 जुलाई को होने वाली जन सुनवाई में राजस्थान सरकार के कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग के मंत्री लालचन्द कटारिया तथा युवा मामले एवं खेल विभाग, कौशल नियोजन एवं उद्यिमता (स्वतंत्र प्रभार), आपदा प्रबन्धन एवं सहायता विभाग, प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय, नीति निर्धारण, सांख्यिकी एवं सूचना व जनसम्पर्क विभाग के राज्यमंत्री अशोक चाँदना जनसुनवाई करेंगे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व विधायक राकेश पारीक, सचिव भूराराम सिरवी व राजेन्द्र मूण्ड इनका सहयोग करेंगे।

# देश में शांति और सद्भाव के लिए जनांदोलन जरूरी : तुषार गांधी




**पूर्व सांसद और ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक वीमन्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सुभाषिनी अली ने रविवार को पंचायतराज संस्थान के सभागार में दलित आदिवासी, अल्पसंख्यक दमन विरोधी प्रतिरोध आंदोलन, राजस्थान की ओर से राज्य स्तरीय सम्मेलन में संबोधित किया।**

**जयपुर,** (का.सं.)। महात्मा गांधी फाउण्डेशन के अध्यक्ष, वरिष्ठ लेखक और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी ने कहा है कि देश में आज नफरत का जैसा माहौल, महंगाई और खराब अर्थ व्यवस्था से आमजन को जूझना पड़ रहा है, उससे छुटकारा पाने के लिए सभी को मिलकर आन्दोलन करना होगा।

तुषार गांधी यहां पंचायतराज संस्थान के सभागार में दलित आदिवासी, अल्पसंख्यक दमन विरोधी प्रतिरोध आंदोलन, राजस्थान के तत्वावधान में एक दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन में मुख्य वक्ता के तौर पर बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि यहां जमीनी कार्यकर्ताओं की बातें सुनकर और उनसे मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई। ऐसी समस्याएं देश भर में हैं। शहरों से निकलकर गांवों-कस्बों तक हमें देश के सामने माजूद चुनौतियों पर संवाद करना और राजनीति, सामाजिक और आर्थिक फ्रंट पर जंग लड़नी होगी।

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने 9 अगस्त को "भारत छोड़ो आन्दोलन" और "करो या मरो" का नारा दिया था।

- **आज भारत को मनुवाद की ओर धकेला जा रहा है जो देश की एकता और अखंडता पर खतरा है : अली**

यह साल इस आह्वान का 80 वां साल है। इसी तरह आज देश की जनता को धार्मिक ध्रुवीकरण के खिलाफ रणनीति बनाकर आंदोलन करना होगा। तुषार गांधी ने "नफरतों भारत छोड़ो", "प्यार मोहब्बत लाएंगे-देश को बचाएंगे" का नारा दिया और रणनीति के साथ आंदोलन करने की जरूरत बताई। सबसे पहले नफरतों के खिलाफ आंदोलन का आगाज करके लोगों में चेतना जगाने की जरूरत है। 9 अगस्त से इसकी प्रक्रिया शुरू करने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर पूर्व सांसद और ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक वीमन्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सुभाषिनी अली ने कहा कि आज भारत को मनुवाद की ओर धकेला जा रहा है जो देश की एकता और अखंडता पर खतरा है। आज संवैधानिक मूल्यों पर खतरा मंडरा रहा है। हमें संविधान के अनुसार समानता, धर्मनिरपेक्षता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करना होगा जिसमें दलित, किसान, महिला और सभी वर्गों को साथ मिलकर संविधान की रक्षा करनी होगी।

सूचना का अधिकार आन्दोलन की प्रणेता अरुणा राय ने राज्य की प्रत्येक स्कूल में संविधान की प्रस्तावना का पठन करने पर जोर दिया ताकि बच्चों में प्रारम्भ से ही संविधान के प्रति निष्ठा बढ़ सके। संविधान हमें समानता का अधिकार देता है। इस अवसर पर निशा-तारासिंह सिद्धू, डी.के. छंगाणी, कविता श्रीवास्तव, अब्दुल सलाम जौहर, सुनीता चतुर्वेदी, नजमुद्दीन, रवीन्द्र शुक्ला, सुमित्रा, कुणाल रावत, बौद्ध समाज के टी.सी. राहुल, कविता शर्मा जितेन्द्र मेघवाल, समग्र सेवा संघ के अध्यक्ष सवाईसिंह, कार्यवाहक अध्यक्ष अरविन्द, फादर विजयपाल, सबीना अबरार सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए महिला, मजदूर, कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त किए।

# 'जिसके रक्षक देवकी नंदन, दुनिया करती उसको वंदन'




**जेकेके व जाजम फाउंडेशन की ओर से रविवार को आयोजित हरिजस कार्यक्रम में लोक गायिका सुमित्रा देवी ने हरिजस की प्रस्तुति दी।**

**जयपुर,** (का.सं.)। जवाहर कला केंद्र में रविवार को हरि भजनों के साथ दिन की शुरुआत हुई। बरसते मेघ भी लोक संगीत की जाजम बैठने से नहीं रोक पाए। शहरवासियों ने बड़ी संख्या में पहुँचकर लोक गायिका सुमित्रा देवी व साथियों की प्रस्तुति का आनंद लिया। मौका था जेकेके व जाजम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हरिजस कार्यक्रम का।

अलसुबह ही लोग कार्यक्रम के लिए जुटने लगे थे। आलम यह रहा कि बाहर बादल बरसते रहे और कृष्णायन सभागार में सुमित्रा देवी के श्रीमुख से भजनों की गंगा। सुमित्रा देवी ने कालूराम रचित विघ्न हरो महाराजा गजानन्द गौरी के नंदा भजन से शुरुआत की। इसके बाद कबीर दास का गाड़ी धीरे-धीरे हांको, नारायण दास का वारी जाऊं रे बलिहारी जाऊं रे, मीरा बाई का सारा जग में नाम कमायो मीरा मेड़तणी, दल जी सेठ का भजन हेलो म्हारो सांभलो रूणीचा रा राजा समेत 9 भजन पेश किए। तंबूरे पर रूपदास, मंजीरे पर सुमेर दास व ढोलक पर इकबाल ने संगत की।

कामड़ जाति से आने वाली सुमित्रा देवी मूलत: पाली जिले के जैतारण की रहने वाली हैं। काफी संघर्ष के बाद उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। सुमित्रा बचपन से ही माँ के प्रेम से महरूम रहीं। उन्होंने अपने पिता स्व. सज्जनदास से गायन सीखा। सज्जनदास दिन में बकरियाँ चराते और रात में अपनी बेटी संग जागरण में गाया करते थे। सुमित्रा देवी ने देश-विदेश में प्रस्तुतियाँ देकर राजस्थानी संगीत को आगे बढ़ाया।

# केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस का सत्याग्रह कल

**जयपुर,** (का.प्र.)। भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार की ओर से संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं के विरुद्ध द्वेषपूर्ण कार्यवाही के विरोध में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता एवं नेता मंगलवार को शहीद स्मारक गवर्नमेंट हॉस्टल चौराहा जयपुर पर शांतिपूर्ण सत्याग्रह करेंगे।

केंद्र सरकार की गलत नीतियों एवं जनविरोधी निर्णयों के विरोध में आवाज उठाने वाले नेताओं को प्रताड़ित करने हेतु केंद्र सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। केंद्र सरकार की इस नीति के अनुसरण में ईडी द्वारा निराधार एवं तथ्य हीन आरोपों में पूर्व में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को नोटिस दिया गया तथा 55 से 60 घंटे तक पूछताछ की और अब इसी नीति के तहत कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी को ईडी द्वारा नोटिस दिया गया है। इसके विरोध में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी द्वारा मंगलवार को शहीद स्मारक गवर्नमेंट चौराहा जयपुर पर शांतिपूर्ण सत्याग्रह किया जाएगा। सत्याग्रह में राजस्थान मंत्रिमंडल के सदस्य, विधायक, विधायक प्रत्याशी, सांसद, सांसद प्रत्याशी, कांग्रेस पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे।

## नीरज चौपड़ा को राज्यपाल ने दी बधाई

**जयपुर,** (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भाला फेंक स्पर्धा में रजत पदक जीतने पर नीरज चोपड़ा को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में थोड़ा-बहुत उतार चढ़ाव जारी

## राज्य में रविवार को थोड़ी गिरावट के बाद 213 नए संक्रमित मिले, इससे पहले शनिवार को 253 रोगी पाए गए थे

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में करोना संक्रमण के नए मामलों में थोड़ा-बहुत उतार चढ़ाव बना हुआ है। इसके चलते रविवार को थोड़ी गिरावट के बाद 213 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर 1622 हो गए हैं।

प्रदेश में रविवार को 18 जिलों में 213 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शनिवार को 253 रोगी पाए गए थे। इधर आज राजधानी जयपुर में सबसे ज्यादा 48 नए संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा जोधपुर में 40, अलवर में 23, बीकानेर में 18, अजमेर में 15,

- **जयपुर में सबसे ज्यादा 48 जबकि जोधपुर में 40 नए मरीज मिले हैं।**
- **प्रदेश में एक्टिव केस बढ़कर 1622 हो गए हैं।**

उदयपुर व बाड़मेर में 11-11, भीलवाड़ा, डूंगरपुर, बांसवाड़ा व सिरोही में 7-7, सीकर में 5, नागौर में 4, दौसा व चित्तौड़गढ़ में 3-3, झालावाड़ में 2 और बारां तथा धौलपुर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं 16 जिलों भरतपुर, बूंदी, चूरू, गंगानगर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालोर, झुंझुनूं, करौली, कोटा, पाली, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाई माधोपुर और टोंक में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है।

प्रदेश में रविवार 204 मरीज ठीक हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस बढ़कर 1622 हो गए हैं। राजधानी जयपुर में पिछले चौबीस घंटों 66 संक्रमितों के ठीक होने से 351 एक्टिव केस रह गए हैं। वहीं जोधपुर में 368, बीकानेर में 118 और अजमेर में 100 मरीजों का इलाज चल रहा है। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में किसी भी संक्रमित की मौत नहीं हुई है। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9577 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

जयपुर में रविवार को सबसे ज्यादा 9 संक्रमित प्रताप नगर में मिले हैं। इसके अलावा वैशाली नगर में 8, मालवीय नगर में 6, अजमेर रोड, लालकोठी व मानसरोवर में 3-3, सिविल लाइंस व विद्याधर नगर में 2-2 तथा आमेर, बनीपार्क, बरकत नगर, गंगापोल, हसनपुरा, जगतपुरा, जवाहर नगर, झोटवाड़ा, फागी, सीकर रोड, सोड़ाला और सिरसी रोड इलाके में 1-1 नया संक्रमित मिला है।






## तीये की बैठक



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है मेरे पूजनीय पिताजी **श्री बद्री नारायण जी डंडोरिया** का दिनांक 23.7.22 को स्वर्गवास हो गया है। जिनकी तीये की बैठक दिनांक 25.7.22 (सोमवार) को सांय 5:00 से 6:00 बजे निवास स्थान एस-4, अशोक चौक, आदर्श नगर, जयपुर पर रखी गई है।

**शोकाकुल-** श्री छगनलाल जी डंडोरिया (चाचा), डॉ. श्री प्रेमचंद जी, श्री ताराचंद जी, श्री शिवचरण जी, श्री सोहनलाल जी, श्री रामचरण जी, श्री अनिल कुमार जी (भ्राता), श्री विजय कुमार (पुत्र), जय डंडोरिया (पौत्र)।

मो.- 6350088564, 7220856378



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है मेरे पूजनीय पिताजी **श्री लक्ष्मी नारायण जी मीणा** का स्वर्गवास 23.7.22 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक सोमवार 25.7.22 को दोपहर 1:00 से 4:00 बजे तक ग्राम त्रिलोकपुरा, रायसर पर होगी।

**शोकाकुलः** रामधन, मोहनलाल (भाई), रतन, हरी, पंकज (SBI), नीरज (पुत्र), महेश, मनीष, मालती -फूलचंद (पुत्री- दामाद) एवं समस्त ब्याडवाल परिवार। 9950999229



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पुत्र **हर्ष शर्मा (नन्नू) जांगिड** का आकस्मिक निधन दिनांक 23.7.22 को हो गया है। तीये की बैठक दिनांक 25.7.22, साय 5 से 6 बजे, निवास स्थान ए-193, शिव नगर, मुरलीपुरा, (मिंकु रेस्टोरेंट के पीछे), जयपुर पर होगी।

**शोकाकुलः** सतीश शर्मा (पिता), दिनेश शर्मा (ताऊजी), रतनलाल, लक्ष्मीनारायण, बालकिशन, अशोक (चाचा), अजय, सुरेश, विशाल, यश, कुलवंत, कुलदीप, कौशल (भ्राता), भव्यांश (भतीजा) एवम समस्त खटवाड़िया परिवार, जैतपुरा वाले।

मो.: 7976757313, 7791919959

## खोया-पाया

मेरे ससुर स्व. श्री रंजन खण्डेलवाल पुत्र श्री केशर देव जाति ब्राह्मण निवासी - जे-10, शिवाजी नगर, जालौर, राजस्थान द्वारा अपने जीवन काल में अपने स्वामित्व की सम्पत्ति जिला जयपुर, तहसील सांगानेर, ग्राम नानकपुरा उर्फ हेमा की नांगल मे खसरा नम्बर 9, 10 व 18 मे रूपान्तरित ग्रुप हाऊसिंग भूखण्ड के ब्लॉक सी-2 (जी) मे निर्मित सुविख्यात परिसर "गुरूशिखर- H" की सातवी मंजिल पर एक फ्लैट/यूनिट नम्बर H-802 स्थित है, उक्त फ्लैट/यूनिट का बिल्ट अप एरिया 520 वर्गफीट व सुपर बिल्टअप एरिया 650 वर्गफीट है की मेरे हक में वसीयत दिनाकित 17.07.2019 निष्पादित की थी जो असल वसीयत लाल कोठी से मालवीय नगर जयपुर आते हुये कही गुम हो गई है। मिलने पर उक्त पते पर पहुचाने का श्रम करें - आकाश कुमार पुत्र श्री विजय कुमार जाति ठाकुर निवासी वार्ड नम्बर-02, एस.एम. कनवेन्शन सेन्टर के पास, पालमपुर, कांगडा, हिमाचल प्रदेश-176061, मोबाईल नम्बर - 8558007070.

## कार्यालय ग्राम पंचायत खरेटा पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.

क्रमांक-SP-1 **अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2022-23** दिनांक-20/7/22

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यों हेतु पंचायती राज विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उसी दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु. राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 इन्ची बोरिंग सिंगल फेस मोटर एवं टंकी निर्माण कार्य रा.प्रा. विद्यालय लीला की ढाणी स्कूल में गॉव खरेटा | 2/8/2022 12PM | 2/8/2022 2 PM | 2/8/2022 4PM | 4.37 लाख | 8740/- | 200/- |

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरादायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच, ग्राम पंचायत खरेटा, पं. समिति मुण्डावर (अलवर) — NIB N. ZAL2223A0583, UBN N. ZAL2223GSLB00806 — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत खरेटा, पं. समिति मुण्डावर (अलवर)

## कार्यालय ग्राम पंचायत नंगली औझा, पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर)

क्रमांक-ग्रा.प./न.औ./नि.सा./टैण्डर निविदा/23 **निविदा सूचना** दिनांक-19/07/2022

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, ग्राम पंचायत में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं में वित्तीय वर्ष 2020-21 में क्रय की जाने वाली निर्माण सामग्री हेतु राजस्थान वैट अधिनियम 2003 के अन्तर्गत /राज्य वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत ठेकेदार एवं पी. डब्लू. डी. एवं यू. आई. टी. में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से ग्राम पंचायत स्तर पर सीलवन्द निविदाएं निम्नांकित कार्यक्रम अनुसार आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु. राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्माण सामग्री आपूर्ति वर्ष 2022-23 | 29/7/2022 12 बजे तक | 29/7/2022 2.00 बजे तक | 29/7/2022 3.0 बजे | 9.90 लाख | 19800/- | 500/- |

निविदा की शर्तें-
1. निविदा निर्धारित प्रपत्र में स्वीकार की जायेगी। जो निर्धारित दिनांक व समय तक निविदा शुल्क रुपये 500/ नकद जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है तथा अमानत राशि डीडी/चैक/नकद द्वारा स्वीकार की जावेगी।
2. निविदायें संबंधित ग्राम पंचायत में विक्रय की जाकर प्राप्त की जा सकती है।
3. सभी दरें रायल्टी, आयकर, जीएसटी आदि सहित प्रस्तुत की जावेगी।
4. गठित क्रय समिति द्वारा निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
5. अन्य शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर पढ़ी जा सकती है।

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत नंगली औझा, पं.सं. मुण्डावर (अलवर) — NIB-ZAL2223A0576, UBN-ZAL2223GSOB00800 — सरपंच, ग्राम पंचायत नंगली औझा, पं.सं. मुण्डावर (अलवर)

## कार्यालय ग्राम पंचायत नंगली औझा पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.

क्रमांक-ग्रा.प./न.औ./नि.सा./टैण्डर निविदा/22 दिनांक-19/7/22

**अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2022-23**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यों हेतु पंचायती राज विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनो मे पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उसी दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु. राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गंदे पानी की निकासी हेतु सीवर लाइन कार्य गांव के मध्य से नया कुंआ की ओर सुखमनहेडी | 29.07.22 12PM तक | 29.07.22 02PM तक | 29.07.22 03PM तक | 7.0 लाख | 14000/- | 500/- |
| 2 | अशोक के घर से नाले की ओर सीवर लाइन कार्य सुखमनहेडी | 29.07.22 12PM तक | 29.07.22 02PM तक | 29.07.22 03PM तक | 8.0 लाख | 16000/- | 500/- |


उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरादायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच, ग्राम पंचायत नंगली औझा, पं. समिति मुण्डावर (अलवर) — NIB N. ZAL2223A0581, UBN N. ZAL2223GSOB00801 — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत नंगली औझा, पं. समिति मुण्डावर (अलवर)




# टोंक में दो दिन लगातार बारिश से बांधों-तालाबों में पानी आना शुरू

## गहलोद का रपटा टूटकर बहने से कई गांवों का सीधा संबंध टूटा



लगातार बरसात से बनास नदी का गहलोद रपटा टूट गया।


■ रपटा टूटने से फंसे कई लोग बीच नदी में, कम बहाव के रास्ते होकर निकले सुरक्षित

**टोंक,** (नि.स)। जिले में पिछले दो दिन से हो रही तेज बारिश के चलते लगभग सभी बांधो एंव तालाबो में पानी की आवक बनी हुई है। लगातार बरसात से बनास नदी का गहलोद रपटा तीन जगह से टूटकर बह गया वही टोंक से गहलोद होकर जाने वाला रास्ता भी बंद होने से करीब 20-25 गांवों का टोंक से सीधा सम्बंध टूट गया है। इसी तरह बीसलपुर बांध के कैचमेंट एरिया में तेज बारिश से बीते 24 घंटे में बीसलपुर बांध में भी इस सीजन की सबसे अधिक यानि आधा मीटर 50 सेंटीमीटर पानी की आवक हुई है। इसी के साथ शाम 4 बजे तक बीसलपुर बांध का जल स्तर 309.82 आरएल मीटर हो गया है।

रविवार को सवेरे गहलोद घाट के दूसरे रपटे पर घूमने गये कुछ युवक वापसी के दौरान पहला रपटा भी टूट जाने से आधा दर्जन लोग पानी के बीच में फंस गये, जिन्हे आसपास खेतो में काम कर रहे लोगो ने हाथ पकडकर बाहर निकाला। जिसमें दो पत्रकार पवन शर्मा व रोशन शर्मा भी फंसल गए। इस सीजन में पहली बार मालपुरा क्षेत्र के भागलपुर केरवालिया बांध की चादर भी चल गई है। इस तेज बारिश के चलते बनास नदी में भी पानी की आवक बढ गई। इससे जिला मुख्यालय के पास से गुजर रही बनास नदी पर बना गहलोद रपटा तीन जगहों से टूट गया। यह तो गनिमत रही कि जब यह रपटा टूटा उस समय लोगों की आवाजाही नहीं थी। वरना दिन में ये रपटा टूटता तो हादसा हो सकता था। रपटा टूटने की सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुभाष मिश्रा समेत प्रशासनिक व पीपलू पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर जायजा लेने के बाद बनास के दोनों छोर पर बेरीकेटस लगाकर लोगों की आवाजाही रविवार से रोक दी गई।

मौके पर किसी भी दुर्घटना से निपटने के लिए एसडीआरएफ की टीम भी तैनात कर दी गई है। रपटे के बीच फंसे लोगों को एसडीआरएफ टीम भी पहुंचे के साथ बाहर नही लगा सकी और पानी के बीच फंसे लोगों को नदी के कम बहाव के क्षेत्र से पैदल आना पडा और अपने वाहनों को नदी के बीच खेतो में छोडना पडा।

## लगातार बरसात से पहाड़ से फूट पड़े दर्जनों झरने



बीसलपुर रोड पर स्थित भैंरू झाम झरने पर मनोरंजन करते पर्यटक।

**टोंक,** (निसं)। जिले के टोडारायसिंह में गत दिनों लगातार बारिश होने से तक्षकगिरी पहाड से दर्जनभर झरने फूट पडे। रविवार का अवकाश होने से सुबह से ही बडी संख्या में लोगों की भीड जुटना शुरू हो गई। वहीं सुबह से ही चौपहिया वाहनों की कतार लगने लगी। कस्बे से बीसलपुर रोड पर पहाड से करीब दर्जनभर झरने गत दो दिनों से चल रहे है। जिसमें मुख्य रूप से भैंरू झाम, हाथ खल्ला, मसानिया खल्ला, जोगिडा सहित अन्य शामिल है। वहीं बीसलपुर तक करीब 13 किमी रास्ते पर कई जगहों पर छोटे छोटे झरने भी फूट रहे है।

इस दौरान जगह जगह पर लोग लाडपुरा बालाजी, भैंरू झाम, पंचमुखी हनुमान मंदिर, गढ के बालाजी मंदिर, बीसलपुर बांध सहित रमणीक स्थलों पर पिकनिक मनाते नजर आए। वाहनों की आवाजाही के चलते कई जगहों पर जाम लगने से घंटो वाहन चालकों को इंतजार करना पडा। वहीं दुपहिया वाहन चालकों को भी काफी परेशानी का सामना करना पडा। यहां जयपुर, फागी, डिग्गी, मालपुरा, अजमेर, टोंक, केकडी आदि शहरों से बडी संख्या में रमणीक स्थलों को मनोरम दृश्य देखने पहुंचें। बरसात को दौर रविवार को भी जारी रहा। रविवार को क्षेत्र के घारेडा बांध में भराव क्षमता 18 फिट के मुकाबले 14.9 फिट पानी की आवक हुई है, और आवक बनी हुई है। इसी प्रकार गांव पंवालिया के माताजी के तालाब में पानी की आवक बनी हुई है, वहीं मोर के सार्वजनिक तालाब में भी भराव क्षमता तक पहुंच गया है।

सुबह आई बरसात से घरों में पानी घुसने से आमजन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। गांव कुहाडा बुजूर्ग में आमरास्तों में पानी भरने से आवागमन में परेशानी का सामना करना पड रहा है। गांव सनोदिया में भी यही हाल है। वहीं उपखण्ड प्रशासन के निर्देश के बावजूद पंचायत प्रशासन की ओर से गांवों में पानी की निकासी के लिए संसाधनों का अभाव दिखाई दिया। खेत पानी से लबालब हो गए। खेतों में पानी भरने से फसलें चोपट हो गई।

# नकली नोट की फैक्ट्री में मिले 2.74 करोड़ फर्जी नोट, छह गिरफ्तार

## घर में हो रही थी 2000-500 के नोटों की प्रिंटिंग

■ इस पूरे गिरोह का सरगना चंपालाल शर्मा उर्फ नवीन बताया जा रहा है

■ बीकानेर में छापे गए ये नकली नोट राजस्थान के अलावा देश के अन्य शहरों में भी हवाला व्यापारियों के माध्यम से करोड़ों रूपए पहुंचाए गए हैं

**बीकानेर,** (कासं)। यहां वृंदावन एन्कलेव के एक मकान में पिछले एक साल से नकली नोट छापने की मशीन लगी थी। पुलिस ने यहां से 2 करोड़ 74 लाख रुपए के नकली नोट बरामद किए हैं। वहीं, कुल 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस का दावा है कि पिछले एक साल में बेहिसाब नकली नोट छापकर हवाला व्यापारियों के माध्यम से देशभर के बाजारों में उतारे जा चुके हैं।

पुलिस ने बताया कि लूणकरनसर के दो सिपाहियों को करीब एक महीने ग्राम पंचायतों में मीटिंग के दौरान सूचना मिली थी कि नकली नोट छापने का काम हो रहा है। सिपाहियों की सूचना आईजी ओमप्रकाश पासवान तक पहुंची। जहां से छानबीन शुरू हो गई। करीब एक से डेढ़ महीने तक पुलिस कार्रवाई का प्रयास करती रही। पुलिस ने वृंदावन एन्कलेव के मकान संख्या 670 पर छापा मारकर वहां से रविकांत जाखड़, नरेंद्र शर्मा उर्फ विक्की और मालचंद शर्मा को गिरफ्तार किया। मकान में रखे 2 करोड़ 74 लाख रुपए भी पुलिस ने जब्त कर लिए। पुलिस कार्रवाई से पहले चंपालाल शर्मा उर्फ नवीन सारस्वत, पूनमचंद शर्मा और राकेश सारस्वत मौके से निकल गए। जिन्हें नोखा के पास गिरफ्तार कर लिया गया। ये लोग बैंक चैक के बदले नकली नोट देने वाले थे।

बीकानेर में छापे गए ये नोट राजस्थान के अलावा नई दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, पुणे, चैन्नई, बैंगलोर, पटना, गुवाहटी, शिलॉन्ग, लुधियाना, चंडीगढ़ , सूरत, अहमदाबाद, वृंदावन, बनारस, गाजियाबाद में हवाला व्यापारियों के माध्यम से नकली नोट पहुंचाए हैं। इन शहरों में कितने रुपए पहुंचे, इसका हिसाब अब तक नहीं मिल पाया है।

इस पूरे गिरोह का सरगना चंपालाल शर्मा उर्फ नवीन बताया जा रहा है। नोटबंदी के दौरान नवीन से पांच करोड़ दस लाख रुपए बरामद हुए थे। जिसका मामला बीछवाल थाने (बीकानेर) में दर्ज है। चंपालाल के भाई विशाल की मंडी में आढ़ त की दुकान है। विक्की उर्फ नरेंद्र शर्मा के खिलाफ 2019 में पालनपुर पश्चिम गुजरात में मामला दर्ज है। तब उसने 43 लाख रुपए के नकली नोट छापे थे। वो इस मामले में गुजरात जेल में रह चुका है और 27 जुलाई को ही उसकी पेशी होने वाली है।

नकली नोट लेकर हवाला व्यापारियों को देने का काम दीपक रैगर के माध्यम से होता था। चंपालाल शर्मा की गैंग का एक सदस्य दिल्ली नोट सप्लाई करने के लिए होटल में रुके हुए थे लेकिन कार्रवाई की भनक लगने पर वो फरार हो गए। इस पर बीकानेर आईजी ने हरियाणा के करनाल में पुलिस आईजी को सूचना दी है। यहां दीपक रैगर की गिरफ्तारी के प्रयास हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि उसे भी हिरासत में लिया गया है। जल्द ही बीकानेर पुलिस उसे लेकर आएगी। व्यापारी लोग हवाला से लेन-देन करने की बजाय वैधानिक तरीके से लेनदेन करे, आम जन किसी अनजान व्यक्ति से लेनदेन करते वक्त नोटो को ध्यान से चैक करें, अन्धेरे में नकदी का लेन-देन करने से बचे।



संत विजय दास जी के आत्मदाह मामले पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा गठित 4 सदस्यीय जांच समिति ने भरतपुर जिले के पासोपा गांव, आदिबद्री मंदिर का दौरा किया। उच्चस्तरीय समिति में राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद सत्यपाल सिंह एवं सांसद बृजलाल यादव मौजूद रहे। यहां उन्होंने घटनास्थल का मौक़ा मुआयना किया व प्रमुख संतों से पूरे घटनाक्रम के विषय में जानकारी ली।

# जर्जर हवेलियों को गिराने का काम शुरू



सांभर के वार्ड 22 में जर्जर हवेली के हिस्से को पालिका की ओर से गिराने का काम शुरू हुआ।

**सांभरझील,** (निसं.)। यहां वार्ड 22 स्थित में रविवार को पालिका प्रशासन की ओर से बारिश से गिरी हवेलियों को गिराने का काम तेजी से शुरू किया गया। अधिशासी अधिकारी मनीषा यादव से बात करने पर बताया कि इसके लिए सफाई निरीक्षक विनोद पारीक को इस काम के लिए खास तौर पर तैनात किया गया है। इसके तहत वार्ड 22 स्थित चारभुजा गली के पास मोतीराम शर्मा के मकान के सामने वाली हवेली को गिराने का काम शुरू कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि ऐसी जर्जर हवेलियों के मालिकों को हमारी ओर से पहले भी नोटिस जारी किए गये थे तथा जान माल की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए इन्हें भी यथाशीघ्र ही गिरवा कर लोगों को राहत दी जाएगी। सफाई निरीक्षक विनोद पारीक ने बताया कि प्यारे मोहन माथुर की हवेली को गिराया गया शेष जर्जर भवनों को भी सोमवार को गिराया जाएगा।

# नुपूर शर्मा को मारने भारत आए घुसपैठिए को भेजा जेल

■ श्रीगंगानगर में कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट में किया पेश

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। भाजपा नेता नुपुर शर्मा को मारने के इरादे से भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश करने वाले पाकिस्तानी घुसपैठिए रिजवान अशरफ को रविवार को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। उसे जेल भेजने के आदेश दिए गए। फिलहाल श्रीगंगानगर जेल में रखा गया है। घुसपैठिया पूरे प्लान के साथ भारत आया था। जिसका बाद में तहरीक-ए-लब्बैक से संपर्क मिला था।

रिजवान अशरफ ने 16 जुलाई की रात हिंदुमलकोट सीमा चौकी के खखां इलाके में घुसपैठ की कोशिश की थी। उसे आज सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे कोर्ट में लाया गया। कोतवाली और हिंदुमलकोट पुलिस जाब्ता साथ रहा। हिंदुमलकोट एसएचओ रामप्रताप और कोतवाली एसएचओ देवेंद्र सिंह की देखरेख में उसे पुलिस जीप में कोर्ट लाया गया। दोपहर करीब साढ़े बारह बजे के आसपास उसे जेल भेजने के आदेश हुए। इसके बाद श्रीगंगानगर की सेंट्रल जेल भेज दिया गया। एसपी आनंद शर्मा नेबताया कि घुसपैठिए के पकड़े जाने के बाद से लोकल पुलिस और तमाम खुफिया एजेंसियां लगातार पूछताछ कर रही थी। शनिवार को उसकी रिमांड अवधि समाप्त हो गई। उसके बाद उसे श्रीगंगानगर जेल भेज दिया गया।

घुसपैठिया रिजवान अशरफ पाकिस्तान के धार्मिक संगठन तहरीक-ए-लब्बैक से जुड़ा हुआ है। इसी संगठन की विचारधारा से प्रेरित होकर वह पाकिस्तान में लाहौर और कई अन्य इलाकों से होते हुए भारत की सीमा तक पहुंच गया। जहां उसे बीएसएफ ने गिरफ्तार कर लिया। उसने पूछताछ में माना कि वह भाजपा नेता नुपुर शर्मा की विवादित टिप्पणी से नाराज था और इसी कारण वह नुपुर शर्मा को मारने के लिए भारत आया था।

## सन्त विजयदास के निधन पर जताया शोक

**भरतपुर/हलैना,** (निस)। धर्म रक्षा संघ के तत्वावधान में श्रीराम मंदिर वृन्दावन में महामंडलेश्वर स्वामी रघुनाथ दास महाराज की अध्यक्षता में धर्म गोष्ठी का आयोजन किया गया। ब्रज की धरोहरों के संरक्षण के लिए शहीद हुए बाबा विजय दास को भावभीनी शोक श्रद्धांजलि व्यक्त की गई। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय मार्गदर्शक महंत मोहिनी बिहारी शरण महाराज ने कहा कि कांग्रेस सरकार सनातन धर्म एवं संस्कृति को नष्ट करने के लिए आदिबद्री की पहाड़ियों में खनन करा रही थी, 551 दिनों से संतों के धैर्य की परीक्षा ले रही थी, बाबा विजय दास ने अपना बलिदान देकर बृज की धरोहरों की रक्षा की है। मगर ब्रज चौरासी कोस में भगवान श्री कृष्ण की लीला स्थली के कनकाचल और आदि बद्री पर्वत श्रंखला को बचाने के लिए विगत 12 वर्षों से संत समाज संघर्ष कर रहा था।

# नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ पर शिक्षक निलंबित

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले के पल्लू क्षेत्र के कल्लासर गांव के गवर्नमेंट अपर प्राइमरी स्कूल में प्रबोधक शिक्षक हनुमान दास स्वामी ने एक नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ की। प्राथमिक तौर पर टीचर के दोषी पाए जाने पर शिक्षा विभाग ने आरोपी को निलंबित कर दिया।

नाबालिग ने यह सूचना परिजनों को दी तो उन्होंने आरोपी शिक्षक की जमकर पिटाई की। इसकी सूचना पुलिस और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को दी। पीड़िता के परिजनों के अनुसार आरोपी शिक्षक ने स्कूल समय में एक कमरे में बच्ची के साथ गलत आचरण किया। बच्ची घबराई तो आरोपी शिक्षक ने बच्ची को डांटते हुए कहा कि अगर यह सब घर पर बताया तो तुम्हें जान से मार दूंगा। उसने बच्ची को डराने के लिए यह भी कहा कि पहले भी दो लड़कियों ने अपने घर में बताया था जिनको मैंने मार दिया। स्कूल समय होने के बावजूद बच्ची के तैयार नहीं होने पर परिजनों ने कारण पूछा तो उसने यह सारी घटना उनको बता दी। जिसके बाद परिजनों ने स्कूल जाकर हंगामा किया और आरोपी शिक्षक की पिटाई की दी। इसके बाद पुलिस और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सूचित किया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रारम्भिक जिला शिक्षा अधिकारी रामेश्वर गोदारा ने रावतसर ब्लॉक शिक्षा शिक्षा अधिकारी पन्ना लाल कड़ेला से जांच रिपोर्ट मांगी। मौके पर पहुंचे ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पन्नालाल ने हनुमानदास स्वामी को प्राथमिक तौर पर दोषी माना, इस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। हालांकि परिजनों ने पुलिस में रिपोर्ट नहीं दी है।

# मौसेरे भाई-बहन हत्या का मास्टर माइंड आरोपी महाराष्ट्र से दस्तयाब

■ मृतक की पत्नी और तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा

■ सोमवार तक जोधपुर लेकर पहुंचेगी पुलिस

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के लूणी तहसील के सर गांव में बीते सोमवार को मौसेरे भाई बहन की हत्या करवाने वाला मास्टर माइंड को पुलिस ने महाराष्ट्र के नासिक शहर से दस्तयाब किया है। वह एक स्थान पर नौकरी करते मिला। पुलिस इसे लेकर सोमवार तक जोधपुर पहुंचेगी। घटना में मृतक की पत्नी और तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भिजवाया जा चुका है।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम गौरव यादव ने बताया कि घटना का मास्टर माइंड शंकर पटेल को महाराष्ट्र के नासिक शहर से देर रात दस्तयाब किया गया है। प्रकरण से जुड़ी अहम जानकारियां अब पता लग सकेंगी। झंवर थानाधिकारी मनोज कुमार परिहार के नेतृत्व पुलिस की टीम को पहले गुजरात भेजा गया था। बाद में पता लगा कि उसने अपना ठिकाना बदल दिया है तो महाराष्ट्र तक पुलिस गई। नासिक शहर में वह देर रात दस्तयाब हो गया।

बता दें कि गत सोमवार को लूणी थाना क्षेत्र के सर गांव की सरहद पर सुबह करीब 9 बजे यह घटना हुई है। कविता पटेल ने पटवारी 2021 का एग्जाम दिया था। इसके बाद सोमवार को जोधपुर तहसील ऑफिस में पहली बार जॉइन करना था। कविता रोहिचा कलां गांव की रहने वाली है। सर गांव में उसका ससुराल है। लेकिन, ससुराल व पीहर पक्ष के लोग कर्नाटक में रहते हैं। इसी गांव में मौसी का बेटा रमेश पटेल रहता है। लूणी से जोधपुर की दूरी करीब 37 किलोमीटर है। ऐसे में रमेश मौसी की बेटी कविता को बाइक पर ही जोधपुर के लिए रवाना हो गया। गांव से निकलते ही एक एसयूवी कार ने टक्कर मार दी। हादसे में रमेश और कविता की मौत हो गई थी। हादसे के बाद लोगों ने आरोप लगाया कि जानबूझ कर दोनों भाई-बहन की हत्या की गई।

## कार से 43 किलो डोडा-पोस्त बरामद

**जोधपुर,** (कासं) । जोधपुर के बिलाड़ा थाना क्षेत्र में खारीया मीठापुर क्षेत्र में एक कार से डोडा पोस्त बरामद किया। पुलिस ने ऑल्टो कार से 43 किलो डोडा-पोस्त के साथ तस्कर को भी गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण अनिल कयाल ने बताया कि 23 जुलाई को थानाधिकारी बिलाड़ा मय जाब्ता ग्राम झाक में हो रहे अवैध खनन की रोकथाम के लिए बाईपास से खारिया मीठापुर झाक की तरफ जा रहे थे। तभी सामने खारिया मीठापुर की तरफ से एक सफेद रंग की ऑल्टो कार आ रही थी, जो थाने की गाड़ी को दूर से देखकर ऑल्टो कार को रोककर उसमें से एक व्यक्ति भागने लगा।

ऑल्टो कार का चालक कार को फिर से खारिया मीठापुर की तरफ मोड़ने लगा। जिस पर पुलिस टीम ने कार का पीछा कर ऑल्टो कार व चालक को दस्तयाब कर तलाशी ली गई तलाशी के दौरान कार में दो प्लास्टिक के काले कट्टों में अवैध डोडा पोस्त भरा दिखाई दिया। इसे जब्त किया गया। वजन करवाने पर इसका वजन 43 किलो पाया गया। कार चालक पप्पूराम विश्नोई निवासी गोयतों की ढाणी बिसलपुर पुलिस थाना डांगियावास को गिरफ्तार किया। इसका साथी आरोपी गिरधारी रात के अंधेरे में बारिश होने के चलते चकमा देकर भाग गया।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया की जनजाति गौरव यात्रा शुरू

## मुर्मू जब दिल्ली में शपथ लेंगी जनजाति वर्ग वागड़ प्रयाग वेणेश्वर धाम पर मनायेगा उत्सव

**बांसवाड़ा-तलवाड़ा,** (निसं)। देश में पहली बार जब आदिवासी महिला के रुप में राष्ट्रपति पद की शपथ द्रोपदी मुर्मू लेंगी ठीक उस समय जनजाति नेता वागड प्रयाग बेणेश्वर धाम पर इस ऐतिहासिक पल की खुशियां बांटेंगे।

पूनिया ने बताया कि जनजाति नेताओं की इच्छा थी कि जब मुर्मू राष्ट्रपति पद की शपथ लें तब भाजपा प्रदेशाध्यक्ष उनके बीच में रहे। जनजाति नेताओं के आग्रह पर उन्होंने इस यात्रा का निर्णय लिया। पूनिया ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में अब्दुल कलाम तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में रामनाथ कोविन्द व द्रोपदी मुर्मू को सर्वोच्च पद के लिए चुना गया है। उन्होंने दावा कि कि लोकतंत्र ने सबको समानता का अधिकार दिया है एक सामान्य परिवार की महिला को राष्ट्रपति पद तक पहुंचाने का फैसला ऐतिहासिक है जो 75 सालों के इतिहास में पहली बार हुआ है। डॉ. पूनिया के साथ भाजपा प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा, प्रदेश उपाध्यक्ष हेमराज मीणा, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र मीणा, माधोराम चौधरी सहित अनेक प्रदेश स्तरीय नेता मौजूद रहे।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया सहित उत्साहित कार्यकर्ताओं ने तिरंगा एवं भगवा लहराते हुए आमलिया गणेश मंदिर पर कमल पुष्पों की श्रृंखला बनाई।

**राज्य अपराधों की राजधानी बना:-** पत्रकारों से बातचीत करते हुए डॉ. पूनिया ने कहा कि राज्य में कांग्रेस के साढे तीन साल के शासन में सात लाख मुकदमे दर्ज हुए हैं। ऐसा लगता है कि राज्य अपराधों की राजधानी बन गया है। उन्होंने भरतपुर में बृज भूमि में महंत विजयदास महाराज के आत्मदाह के निर्णय को भी सरकार की लापरवाही करार दिया। पूनिया ने कहा कि महंत 551 दिन से धरने पर बैठे थे लेकिन सरकार ने उनकी नहीं सुनी और महंत को आत्मदाह के लिए विवश होना पडा।

**तिरंगा लहराया:-** इस यात्रा में घाटोल विधायक हरेन्द्र निनामा, गढी विधायक कैलाश मीना, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविन्द सिंह राव, पूर्व राज्यमंत्री भवानी जोशी व धनसिंह रावत, पूर्व संसदीय सचिव भीमा भाई डामोर, ओम पालीवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष भगवत पुरी, मनोहर पटेल व मनोहर त्रिवेदी, भाजपा के वरिष्ठ नेता हकरु मईडा, आपदा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. जिनेन्द्र शास्त्री, धर्मेन्द्र राठौड, मीडिया प्रभारी गौरव सिंह राव, कृष्णा कटारा, मुकेश रावत, शीतल भंडारी, श्यामा राणा, दीपसिंह वसुनिया सहित अनेक स्थानीय नेता गौरव यात्रा में नारेबाजी करते हुए जोश दिखा रहे थे। इस गौरव यात्रा का आकर्षण राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भी रहा। कार्यकर्ताओं के हाथों में तिरंगा और भगवा लहरा रहा था वहीं हाथों में मुर्मू की फोटो छपी तख्तियां भी थी।

**कमल ही कमल:-** पूनिया जब शक्तिपीठ से रवाना होकर गणपति मंदिर पहुंचे तो वहां पर कमल के फूल लिये अनेको बच्चे पहुंचे और इन बच्चों ने पुनिया के चारों ओर कमल की श्रृंखला बना दी। पूनिया ने भी इन बच्चों की पीठ थपथपाई और भगवान गणपति को कमल के पुष्प अर्पित किये।

# रीट अभ्यर्थियों को देरी पर दूसरे दिन भी नहीं मिली परीक्षा केन्द्र पर एंट्री, पुलिस से उलझते दिखे युवा

## सोडाला स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले कॉलेज में दूसरी पारी में दोपहर 2 बजे बाद पहुंचे 30 से अधिक कैंडिडेट्स को एंट्री नहीं दी गई, नाराज अभ्यर्थियों और परिजनों ने कॉलेज के बाहर विरोध जताया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। मानसून के बीच रीट परीक्षा युवाओं के लिए बेहद परेशानी भरी रही। रविवार को लगातार दूसरे दिन भी जयपुर में परीक्षा केन्द्रों पर देरी से पहुंचे अभ्यर्थियों को एंट्री नहीं मिली। इस कारण कई सेंटर्स के बाहर युवक-युवतियां पुलिस से उलझते दिखे।

जरा सी देरी के कारण जो अभ्यर्थी परीक्षा देने से वंचित हो गये, वे गुस्से और

- **जयपुर में शनिवार-रविवार को चार पारियों में 79. 55 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी**

परेशानी में नजर आए। बारिश ने कई युवाओं के शिक्षक बनने का अवसर छीन लिया। सुबह की पारी में 9:01 बजे और दोपहर में 2 बजे बाद पहुंचे परीक्षार्थियों को एंट्री नहीं मिली। अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्रों पर रोते-गिड़गिड़ाते रहे, लेकिन किसी ने उनकी नहीं सुनी।

सोडाला स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले कॉलेज के बाहर भी ऐसा ही कुछ देखने को मिला। यहां दोपहर 2 बजे बाद पहुंचे 30 से अधिक कैंडिडेट्स को एंट्री नहीं दी गई। इससे गुस्साएं अभ्यर्थियों और उनके परिजनों ने कॉलेज के बाहर जमकर हंगामा कर दिया। जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से समझाइश की। परीक्षार्थियों ने कॉलेज गेट के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया।

टोंक रोड सीतापुरा स्थित बालाजी अस्पताल के पास एक कॉलेज में दूदू से परीक्षा देने आई निरमा देवी बारिश व जाम के कारण समय पर नहीं पहुंच पाई। अभिभावक हनुमान सहाय ने बताया कि 9.15 पर पहुंचे। प्रवेश नहीं दिया। करीब 10-15 परीक्षार्थी परीक्षा से वंचित रहे। वहीं एसके कॉलेज में गेट की गफलत की वजह से अभ्यर्थियों को कुछ मिनट अतिरिक्त लग गए। रीट परीक्षा में शामिल होने आई अभ्यर्थी ने बताया कि पहले बारिश की वजह से वह शहर में कई स्थानों पर फंस गई। जैसे-तैसे एसके कॉलेज सेंटर पर पहुंची। गेट बंद होने की वजह से अभ्यर्थी वहीं रोने लग गई।



रीट परीक्षा देने पहुंची महिला अभ्यर्थियों के हाथ में बंधी राखी व रक्षा सूत्र भी पुलिस ने कटवाये। फोटो-राष्ट्रदूत

दरअसल प्रदेशभर में 1380 केंद्रों पर रीट परीक्षा शनिवार और रविवार को 2-2 पारियो में हुई। पहली पारी की एग्जाम सुबह 10 बजे से थी, जबकि दूसरी पारी की परीक्षा दोपहर 3 बजे से थी।

जयपुर के 219 परीक्षा केन्द्रों पर शनिवार जैसा माहौल देखने को मिला। जरा सी देरी से पहुंचे कैंडिडेट्स पुलिस के सामने रोते हुए नजर आए। इस पात्रता परीक्षा में 60 प्रतिशत से ज्यादा नंबर लाने वाले अभ्यर्थी अगले साल जनवरी में 46,500 पदों पर होने वाली टीचर भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे।

जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि बिना इंटरनेट बंद किये जिले में शांतिपूर्ण तरीके से रीट परीक्षा संपन्न करवाई है। जयपुर जिले में शनिवार-रविवार की 4 पारियों में 3 लाख 53 हजार 754 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, लेकिन मात्र 79.55 प्रतिशत अभ्यर्थी ही परीक्षा में बैठे। पहली पारी में 47 हजार 200, दूसरी पारी में 79 हजार 42 तृतीय पारी में 82 हजार 277 और चतुर्थ पारी में 72 हजार 899 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रही। इस कारण नकल और पेपर लीक को रोकने में हम कामयाब रहे।

रीट एग्जाम में नकल और पेपर लीक को रोकने के लिए पुलिस की परीक्ष केन्द्रों और उसके आसपास के क्षेत्र में कड़ी नजर रही। रीट परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थियों की तलाश ली, किसी को भी मोबाइल, ब्लूटूथ, केलकुलेटर, घड़ी, चेन, अंगूठी, ईयर रिंग के साथ प्रवेश नहीं दिया गया। अभ्यर्थी सिर्फ शर्ट, टी शर्ट, हाफ स्लीव का कुर्ता और कुर्ती पहन कर ही परीक्षा दे सके। दुपट्टा पहनी महिलाओं को भी प्रवेश नहीं मिला। यहां तक कि अभ्यर्थियों के जूते-चप्पल भी एक्जाम रूम के बाहर खुलवाये गए।

कलेक्टर के मुताबिक रीट परीक्षा में नकल और पेपर लीक रोकने के लिए पुलिस और प्रशासन ने सख्त रवैया अपनाया। कड़ी निगरानी और मॉनिटरिंग के कारण ही बिना नेटबंदी परीक्षा शांतिपूर्ण करवा सके। परीक्षा केन्द्रों पर प्रत्येक कर्मचारी सरकारी था, किसी भी निजी व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति नहीं थी। परीक्षा केन्द्रों के साथ-साथ आसपास के इलाके में भी पुलिस की कड़ी निगरानी रही, ताकि कोई बाहर से नकल न करवा सके। उधर राज्य सरकार ने परीक्षार्थियों के लिए रोडवेज और लो फ्लोर बसों में सफर निःशुल्क कर रखा है।

## रीट परीक्षा शुरू होने से पहले अभ्यर्थियों को प्रवेश से रोका, उन सेंटर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई होगी : खाचरियावास

### 'परीक्षार्थी एक घंटे पहले एक्जाम सेंटर पर आए, देश में ऐसा कोई एक्ट नहीं है'

**जयपुर** (कासं)। खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास खुलकर रीट अभ्यर्थियों के समर्थन में आए। उन्होंने कहा कि इतनी तेज बारिश के बीच अभ्यर्थी रो रहे थे, बारिश के कारण देरी हुई। परीक्षा 10 बजे से होने वाली थी, जो अभ्यर्थी 9.20 बजे परीक्षा केन्द्र पर पहुंच गए, उन्हें भी प्रवेश नहीं दिया गया। पुलिस को रोकने का कोई हक नहीं था।

उन्होंने पुलिस पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि पुलिस क्या नकल रोक रही है। 2 मिनट लगती है, सब चैक करने में। ऐसे पुलिस वालों पर कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री से बात करूंगा। जिन सेंटर पर एग्जाम शुरू होने यानी 10 बजे से पहले अभ्यर्थियों को प्रवेश से रोका गया है, उन सेंटर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एक घंटे पहले अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र पर आए, ऐसा कोई एक्ट देश में नहीं है। मंत्री ने कहा कि मैंने खुद जयपुर कलक्टर से बात की तो बोले कि मैसेज कर दिया, ऐसा क्या मैसेज किया कि प्रवेश ही नहीं दिया गया। खाचरियावास ने कहा नियम भले ही परीक्षा शुरू होने के 1 घंटे पहले एग्जाम सेंटर में पहुंचने के हों, लेकिन एग्जाम शुरू होने से पहले यदि कोई अभ्यर्थी सेंटर में पहुंच जाता है, तो उसे परीक्षा से वंचित नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा कि यह कानून है और इसी कानून को लेकर कई अभ्यर्थी तो कोर्ट तक पहुंच चुके हैं। खाचरियावास ने कहा कि राजस्थान विश्वविद्यालय में भी ऐसा नहीं होता, जैसा रीट के एग्जाम में एग्जाम सेंटर संचालक और अधिकारी कर रहे हैं।

## 'खतरों के खिलाड़ी' बने परीक्षार्थी



रीट परीक्षा देने के बाद अपने घर लौटने की जल्दी में परीक्षार्थी रोडवेज बसों की खिड़कियों में से अंदर घुसते दिखे। यही हाल निजी वाहनों का था।

# आकेड़ा डूंगर के तालाब में डूबने से दो बच्चे मरे

- **बारिश के कारण यहां भरा था 6 फीट तक पानी, नहाने पहुंचे थे पांच दोस्त**
- **छलांग लगाते हुए कीचड़ में फंस गए बच्चे, रोने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने 3 बच्चों को बचाया**

**जयपुर** (कासं)। विश्वकर्मा थाना इलाके में आकेड़ा डूंगर स्थित एक तालाब में रविवार सुबह नहाने गए पांच दोस्तों में से 2 की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिए। बताया जा रहा है 2-3 दिन से हो रही बारिश के बाद ही तालाब में करीब 5-6 फ़ीट पानी भरा था। पहले यह खाली था।

थानाधिकारी रमेश सैनी ने बताया कि हादसे में मनीष गुप्ता (14) पुत्र धूपनाथ और रोहित बुनकर (16) पुत्र बाबूलाल निवासी बालनाथ नगर रोड नंबर-17 विश्वकर्मा की मौत हो गई। मनीष 7वीं क्लास और रोहित 9वीं क्लास में पढ़ता था। वहीं, इरशाद (17) पुत्र इस्लाम अली (12वीं क्लास), निकिल शाह (14) पुत्र संतोष (9वीं क्लास) और अनिकेत यादव (12) पुत्र संजय अहीर (8वीं क्लास) को मौके पर मौजूद लोगों की मदद से बचा लिया गया। पुलिस ने बताया आकेड़ा डूंगर स्थित तालाब में पहले ज्यादा पानी नहीं था। कुछ दिन से हो रही बारिश के चलते तालाब का जल स्तर करीब 6 फ़ीट तक पहुंच गया है। रविवार सुबह करीब 8 बजे पांचों दोस्त तालाब पर पहुंचे थे, जहां नहाने के लिए पानी में उतर गए। छलांग लगाते ही अचानक कीचड़ में पैर फंस गए। गहराई में जाने लगे तो बच्चे रोने चिल्लाने लगे। तालाब के पास ही कुछ लोग नहाने में आए थे, जिन्होंने बच्चों की आवाज सुनकर दाड़ लगाई और तालाब से सभी को बाहर निकाला। लेकिन तब तक मनीष और रोहित की मौत हो चुकी थी।

## सार-समाचार

### 'समाज के विकास के लिए योग्यता चुने'



**जयपुर**। लखेसरा और रोपाड़ा में आज संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष पूर्व आईएएस एल.सी असवाल ने की। समिति अध्यक्ष असवाल ने महिलाओं, बुजुर्गों एवं युवाओं से विस्तार से संवाद कर सुरक्षा एवम एकता के बारे में दृढ़ता से कहा कि योग्यता एवं व्यक्तित्व का चयन होना चाहिए, जिससे घर-परिवार और समाज का विकास हो सके। समिति अध्यक्ष असवाल ने लखेसरा में रामफूल बैरवा को साफा पहनाया और वंचित वर्ग से पढ़ लिख कर आगे आई महिला नाथी देवी, वीना देवी एवं भारती देवी को शॉल ओढाकर उनका हौसला बढ़ाया जिससे वहां की महिलाओं एवं पुरुषों ने कहा कि आप जेसे योग्यता और व्यक्तित्व के धनी हमारे क्षेत्र में आएंगे तो हमारे क्षेत्र का विकास होगा और हमको एक नया मुकाम हासिल होगा। इसी के साथ रोपाडा वार्ड नंबर 122 में राधा-गोविंद के मंदिर में समिति अध्यक्ष एल.सी असवाल पूर्व आईएएस ने आम के पौधों का वृक्षारोपण किया और वहां के पंडित मोहन, गौरी शंकर शर्मा, रमेश चंद शर्मा, सत्यनारायण, पूरण चंद, सीता मीणा, प्रेम देवी, सीताराम बेरवा सहित अनेकों लोगों ने समिति अध्यक्ष असवाल का जोरदार स्वागत किया। सभी महिला-पुरुषों का समिति की महिला शाखा अध्यक्षा संतोष ने आभार जताया।

### "वैटरन गोल्फ टूर्नामेन्ट" आयोजित



**जयपुर**। जयपुर में मानसून का स्वागत करने के लिए, वैटर्नस् गोल्फर्स ने आज गोल्फ का राउण्ड खेलकर मानसून की फुहारों के साथ जश्न मनाया। गोल्फ गेम का शॉट गन टी-ऑफ प्रातः 9 बजे टी नम्बर-1 से किया गया। सभी सीनियर गोल्फर्स का उत्साह उस समय चरम पर था जब वे अपनी गेंद हवा में उड़ा रहे थे। रामबाग गोल्फ क्लब के इतिहास में पहली बार डॉ. अशोक गुप्ता की कप्तानी में "वैटरन गोल्फ टूर्नामेन्ट" का आयोजन किया गया। यह वरिष्ठ गोल्फर्स के योगदान को मान और सम्मान देने के लिए प्रबन्ध समिति का एक प्रयास है। 60 से 85 वर्ष की आयु के कुल 44 वरिष्ठ अनुभवी गोल्फर्स, मैदान पर सक्रिय थे। पूरे मैच के दौरान वरिष्ठ गोल्फर्स मस्ती, हंसी व पूर्ण आनन्द से भरपूर रहे, जिससे वातावरण अति प्रफुल्लित रहा। वरिष्ठ सदस्य इस टूर्नामेन्ट से भावुक भी हुए व सम्मानित महसूस किया कि डॉ. अशोक गुप्ता व उनकी टीम सदस्यों के प्रयासों से "भूले हुए गोल्फर्स" सुर्खियों में आये। कुणाल सिंह, कोषाध्यक्ष, संजीव चौधरी, संयुक्त सचिव, डॉ.संजय आर्या व मनीष कुमावत, कार्यकारिणी सदस्य विशेष रूप से इस आयोजन को सफल बनाने में अग्रणी रहे व इनकी अहम भूमिका रही। महिलाओं की भूमिका भी इस टूर्नामेन्ट में कम नहीं रही, दो उत्साही महिलाओं द्वारा भी इस टूर्नामेन्ट में हिस्सा लिया गया और साबित किया कि "उम्र में कोई बाधा नहीं है" एवम् महिलाएं भी कम नहीं है।

### डीएमपीएल में सुरों की जंग जारी

**जयपुर**। सावन की फुहारों के बीच चिकित्सकों की गायन प्रतियोगिता डीएमपीएल की रंगत दूसरे दिन और भी बढ़ गई जब भाग लेने वाली सभी टीमों ने एक से बढ़कर एक दमदार प्रस्तुतियाँ दीं। लीग चेयरमैन डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि लगभग सभी मुकाबलों में जीत-हार का अंतर बेहद मामूली रहा। लीग कोर्डिनेटर डॉ. हर्षुल ने बताया कि प्रीमियर मुकाबलों में सीतादेवी व मंगलम हॉस्पिटल का प्रदर्शन शानदार रहा। आयोजन सचिव डॉ. अनिल यादव ने बताया कि लीग मैचों की विजेता चारों टीमों ने फाइनल में जगह बना ली, जहाँ त्यागी आई ने टीम अक्स लेज़र को, एन्टी कैंसर ने टीम एस.आर.के. हॉस्पिटल को, कृष्णा हॉस्पिटल चाकसू ने मंगलम को व सीतादेवी हॉस्पिटल ने आँगन मेडिनोवा को परास्त कर फाइनल में स्थान पक्का किया। लाइव ऑरकेस्ट्रा के संगीत में कपिल बालोतिया का कार्य सराहनीय रहा। डॉ. हरीश भारद्वाज व डॉ. रवींद्र सिसोदिया ने मंच संभाला।

### बदमाशों ने युवक का मोबाइल छीना

**जयपुर**। रामनगरिया इलाके में बाइक सवार तीन बदमाश एक व्यक्ति का मोबाइल छीन ले गए। पुलिस ने बताया रामपुरा थोई (सवाई माधोपुर) निवासी हीरालाल जाट सीबीआई फाटक के पास क्रेन ऑपरेटर का काम करता है। वह 22 जुलाई की रात सीबीआई फाटक से कमरे पर पैदल लौट रहा था।

# एसएमएस अस्पताल में देर रात हंगामा मचा

- **डाई खत्म होने से एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी रुकी**

**जयपुर**। राजधानी के सवाई मानसिंह अस्पताल में शनिवार देर रात को कार्डियोलॉजी में डाई उपलब्ध नहीं होने से मरीजों की एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी अटक गई। मरीजों को डॉक्टरों ने एक दिन पहले एंजियोग्राफी-एंजियोप्लास्टी के लिए तारीख दे दी। मरीज कैथलैब में भी पहुंच गए।

डॉक्टरों ने 50 एमएल डाई की डिमांड की तो स्टोर से 20 एमएल ही उपलब्ध मिली। यह मरीजों के लिए अनुपयोगी थी। डाई नहीं मिली तो मरीजों के परिजन कार्यवाहक अधीक्षक डॉ.राजेंद्र बागड़ी के पास पहुंचे और हंगामा किया। इसका वीडियो बना कर डॉ. बागड़ी ने एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ.राजीव बगरहट्टा को भेज दिया। अस्पताल प्रशासन ने डाई सप्लाई करने वाली कंपनी को बुलाया। कंपनी ने कुछ डाई उपलब्ध कराई तब जाकरमरीजों की एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी हो पाई। डॉक्टरों ने बताया कि सरकार ने जांच, दवा, ऑपरेशन व हार्ट स्टेंट सहित अन्य सभी इलाज फ्री कर दिया, लेकिन अस्पताल के पास खरीद के लिए बजट उपलब्ध नहीं है। इस वजह से दवाइयां व उपकरणों की खरीद नहीं हो पा रही है। कंपनी को भुगतान नहीं होने से डाई सप्लाई बंद कर दी गई।

वहीं एसएमएस अस्पताल प्रशासन का कहना है कि डाई की साइज को लेकर कुछ परेशानी आ गई थी। कंपनी ने आनन-फानन में लोकल कंपनी से लेकर डाई उपलब्ध कराई है। सोमवार को 20 एमएल की डाई को 50 एमएल में बदला लिया जाएगा। इसके बाद डाई की कमी नहीं होगी।

## नाबालिग से जबरन दोस्ती की कोशिश

**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर थाना इलाके में एक नाबालिग पर जबरन दोस्ती का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी 10वीं कक्षा की छात्रा की मां ने रिपोर्ट दी है कि राहुल नाम का लड़का आए दिन स्कूल से आते समय बेटी का पीछा करता है। उस पर जबरन दोस्ती का दबाव बनाता है। कुछ दिन पहले पीछा करता हुआ घर आ गया, जिसका विरोध किया तो पति से मारपीट कर बेटी से छेड़छाड़ की और चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी है।

## आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर**। कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में चार साल से फरार चल रहे दो हजार रूपए के इनामी अपराधी आरोपित दीपक सिंधी निवासी डी-210, विधाधर नगर हाल 338, शिव नगर मुरलीपुरा को गिरफ्तार किया है।

# जवाहरात कारखाने से 80 लाख के रत्न और तीन लाख की नकदी चोरी

## ब्रह्मपुरी इलाके की हुसैन कॉलोनी में शनिवार देर रात हुई वारदात

- **पुलिस ने मौके से चोर के फुट मार्क और फिंगर प्रिंट लिए है, तलाश जारी**
- **कारखाना मालिक ने काम से निकाले गए और कहासुनी वाले कारीगरों पर शक जताया**

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र में शनिवार-रविवार की मध्यरात्रि चोर एक कारखाने में सेंध लगाकर करीब 80 लाख रूपए के रत्न सहित तीन लाख रूपए की नकदी चुरा ले गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं, खबर लगते ही डीसीपी नॉर्थ परिस देशमुख भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। एफएसएल टीम ने मौके से चोर के फुट मार्क और फिंगर प्रिंट लिए हैं। पुलिस फुटेज में मिले हुलिए के आधार पर चोरो की तलाश में जुटी है।

थानाधिकारी प्रदीप सिंह ने बताया हुसैन कॉलोनी, ब्रम्हपुरी निवासी जावेद चौधरी का जगदीश कॉलोनी में माउंट रोड पर जेमस्टोन्स मैनफैक्चरिंग का कारखाना है। घटनाक्रम के मुताबिक शनिवार देर रात करीब 2 बजे दो चोर कारखाने पर आए और कटर से ताले तोड़ अंदर घुस गए। इसके बाद कारखाने में तैयार रखा करीब 80 लाख रूपए का माल सहित 3 लाख की नकदी चुरा कर ले गए। वारदात कारखाने के बाहर लगे कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने रिपोर्ट में काम से निकाले गए और कहासुनी होने वाले कारीगरों पर शक जाहिर किया है। फुटेज के अनुसार चोर अपने साथ कटर ले कर आया था। कारखाने के मुख्य गेट पर लगे सीसीटीवी से छिपते हुए उसने कैमरे का एंगल बदल दिया था। इसके बाद कटर से ताले काट कारखाने में अंदर प्रवेश किया और वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार पीड़ित का अलीम जेम्स के नाम से कारोबार है, जिसमें रूबी, बेरुज, पुखराज, नीलम, पन्ना, माणक सहित कई प्रकार के जेमस्टोन्स की घिसाई कर पक्का माल तैयार करवाया जाता है। पीडित ने करीब 80 लाख रूपए का माल तैयार कर अपने आफिस की डेस्क में रखा था, जिसकी आज हैदराबाद में डिलीवरी थी। पीड़ित ने इसके लिए एयर टिकिट्स भी बनवा ली थी, लेकिन उससे पहले ही माल चोरी को गया।



सावन के पवित्र माह में भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करने के लिए रविवार को सैकड़ों कावड़िये गलताजी तीर्थ से जल लेकर आए। रामगंज और बड़ी चौपड़ से निकलते कावड़ियों का यह दल तिरंगा झंडा भी थामे रहा, उन्होंने देश में एकता और सामाजिक सौहार्द बनाये रखने की अपील की।

## 140 कोचिंग परिसरों के आवेदन आज से

**जयपुर**। राजस्थान आवासन मण्डल की ओर से प्रताप नगर में विकसित कोचिंग हब प्रोजेक्ट में संस्थानिक सम्पत्तियों की आवंटन प्रक्रिया 25 जुलाई से शुरू होगी। कोचिंग हब के 140 कोचिंग परिसरों का लॉटरी के माध्यम से आवंटन किया जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 25 जुलाई शुरू होंगे, लोग 25 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवासन आयुक्त पवन अरोडा ने बताया कि पहले चरण में निर्मित 5 ब्लॉक में कुल 140 कोचिंग परिसरों के आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। करीब 1588.06 वर्गफीट से 8025.56 वर्गफीट तक सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल के इन सभी कोचिंग परिसरों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।

# विशारद उपाधि पाकर स्टूडेंट्स के चेहरे खिले

**जयपुर**। संगीत आश्रम संस्थान का विशारद उपाधि समारोह रविवार को शास्त्रीनगर के साइंसपार्क ऑडिटोरियम में हुआ। समारोह में शास्त्रीय संगीत गायन, वादन व नृत्य के 25 स्टूडेंट्स को विशारद उपाधि से नवाजा गया। तमाम स्टूडेंट्स के चेहरे संगीत की डिठियां पाकर खिल उठे। सभी उपाधि मुख्य अतिथि संयुक्त सचिव (आर्ट एंड कल्चर डिपार्टमेंट)पंकज ओझा और संगीत नाटक अकादमी के पूर्व चेयरमैन अशोक पाण्डेय ने प्रदान की। समारोह के दौरान खचाखच भरा ऑडिटोरियम दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। समारोह में गायन में ममता शर्मा, नबमिता मुखर्जी, संध्या असवाल, प्राजक्ता जायसवाल, नमन अटोलिया, हसीन वारसी, मधुमिता सेन, अर्पित माथुर समेत 13 स्टूडेंट्स, गिटार में सुधीर सहल व चिराग माथुर, तबले में जतिन माथुर और कथक में सिद्धि खंडेलवाल, कांची भार्गव, याशिका कुमावत समेत 9 स्टूडेंट्स को संगीत की विशारद उपाधि मिली। समारोह के दौरान विशारद उपाधि प्राप्त वोकल के स्टूडेंट्स ने राग पूरिया धनाश्री, कामोद, दरबारी और यमन समेत अनेक शास्त्रीय रागों की बंदिशें पेशकर खूबसूरत सुर लगाव, ठहराव व पकड़ जैसे तकनीकी पक्ष का उम्दा प्रदर्शन किया।

## हथियार समेत बदमाश पकड़ा

**जयपुर**। शास्त्रीनगर पुलिस ने वारदात की फ़िराक में घूम रहे एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपित अमन उर्फ़ मोनू (23) सोनीपत हरियाणा हाल ऑफिसर कॉलोनी, करणी विहार का रहने वाला है, जिसे सुभाष कॉलोनी में पट्रोल पंप के पास वारदात की फ़िराक में घूमते पकड़ा है। आरोपित के कब्जे से देशी कट्टा व कारतूस बरामद किया गया है।

# नाहरगढ़ जंगल में दोस्तों के साथ घूमने गया युवक गुम हुआ, पुलिस ने देर रात तलाशा

- **चार दोस्तों ने पहले खुद तलाशा, जब नहीं मिला तो वीकेआई थाना पुलिस की मदद ली**

**जयपुर** (कासं)। नाहरगढ़ अभ्यारण के जंगल में शनिवार को पार्टी करने गए पांच दोस्तों में से एक युवक खो गया। काफी तलाशने पर भी जब वह दोस्तों को नहीं मिला और अंधेरा हो गया तो दोस्त घबरा गए। आखिरकार उन्होंने विश्वकर्मा थाने पहुंचकर पुलिस ने मदद मांगी।

इस पर पुलिस की दो-तीन टीमों ने रात के अंधेरे में ड्रेगन लाइट लेकर सर्च अभियान चलाया। करीब 6 घंटे की तलाश के बाद युवक खंडर के पास रोता हुआ मिला। जान बचाने आई पुलिस को देखते ही गले लगाकर जोर-जोर से रोने लगा। पुलिस जंगल से बाहर निकालकर उसे बचाकर लाई। विश्वकर्मा थानाधिकारी रमेश सैनी ने बताया कि अजमेर रोड निवासी नरेन्द्र अपने 5 दोस्तों के साथ शनिवार को पार्टी करने निकला था। नाहरगढ़ अभ्यारण के मायला बाग के जंगलों में पांचों दोस्तों ने पार्टी की। शाम करीब 6 बजे पार्टी कर बात करते हुए पैदल-पैदल 4 दोस्त जंगल से बाहर निकल आए, लेकिन नरेन्द्र जंगल से बाहर नहीं आया। कॉल करने पर नेटवर्क की वजह से मोबाइल भी बंद आ रहा था। जंगल के अंदर घुसकर दोस्तों ने आधे घंटे तक नरेन्द्र को ढूंढा।

अंधेरा होने पर नरेन्द्र को लेकर उनकी चिंता बढ़ गई। घबराए चारों दोस्त विश्वकर्मा थाने जा पहुंचे। एचएचओ रमेश सैनी को देखते ही युवक बोले कि 'जानवर दोस्त को खा जाएंगे। जंगल में पार्टी करने गए थे, दोस्त नरेन्द्र खो गया। अंधेरा हो रहा है दोस्त को बचा लो।' इस पर रमेश सैनी ने तुरंत पुलिस की 3-4 टीमें बनाकर लापता नरेन्द्र के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू किया। जानवरों के हमले से बचने के लिए हथियारों से लैस होकर जंगल में पुलिस टीमें घुसी। वाहन जाने का रास्ता नहीं होने पर पुलिस को पैदल जंगल में जाना पड़ा। ड्रेगन लाइट से फोकस मारने के साथ जोर-जोर आवाज लगाकर नरेन्द्र की तलाश शुरू की।

अंधेरे में ड्रेगन लाइट और आवाज देकर नरेन्द्र को ढूंढ रही पुलिस को लेपर्ड के हमले का भी डर था। रात करीब 9:30 नरेन्द्र के मोबाइल नेटवर्क आने पर पुलिस का कॉन्टैक्ट हुआ। कॉन्टैक्ट होने पर उसने बताया कि वह एक खण्डर के पास है। पुलिस ने उसकी लोकेशन मंगवाई। लोकेशन भेजने के साथ ही नरेन्द्र ने कहा उसके मोबाइल में सिर्फ 4 प्रतिशत बैट्री है। पुलिस ने उसे कहा वह वहां से हिले नहीं, हम बचाने आ रहे है। आखिरकार पुलिस ने उसे ढूंढा तो नरेन्द्र खंडर के पास चट्टान पर रोते हुए मिला। पुलिस को देखकर भागकर रमेश पुलिस के गले लगकर रोने लगा। वह बोला पुलिस ने मुझे दूसरी जिदंगी दी है। नहीं तो उसे जंगल में जानवर खा जाते। रात करीब 11:30 बजे पुलिस उसे जंगल से सुरक्षित बाहर निकालकर लाई।

ARBiT
it happens here...

राष्ट्रदूत
MONDAY
25 July 2022
A-B



## The Coldest Inhabited Place on Earth

The valley of Oymyakon in Yakutia or The Pole of Cold is located in the northeast Russia. Here temperatures can reach -70 degrees, which is so cold that even alcohol freezes. With few modern conveniences available this seemingly uninhabitable village is home to 500 Siberian people with traditional occupations like reindeer herding, hunting and fishing. Tourism is also becoming popular among those who can brave the harsh conditions.

#J'ADORE

# Fashion Under The Umbrella

Monsoon is about bright, cheerful colours and comfortable clothes. From 'work from home' meetings to cosy coffee dates, dress according to the season to impress.

The word 'Monsoon' brings into mind relentless downpours, chilly winds and muddy streets, and of course heart-warming moments and memories being the silent observer enjoying a cup of coffee and watching the rain hit the earth.

Monsoon is about bright, cheerful colours and comfortable clothes. From 'work from home' meetings to cosy coffee dates, dress according to the season to impress.

So, it is time to put back jeans, maxi skirts, long palazzos and trousers into the closet. And build up a new wardrobe collection for monsoon fashion trends. It's a season of shorts, dresses and playsuits as shorter clothes help to prevent getting stained from the rain splashes.

Also add leather shoes and heels to the list. So here are some ideas that will help you with what to wear during this season.

### Shorten the Hemline

**Shorter** hemlines mean staying away from getting mud stains on clothes. Go for shorts, playsuit and dresses. Dresses like skater dress, A-line dress will be perfect outfits for this monsoon season. Comfort should be our topmost priority while selecting attire and these dresses solve the purpose as well as looks amazing.



### Rubber Shoes



**It** may seem flip flops will be a good option but rubber shoes are the best rain friendly shoes. Unlike flip flops and loose slippers they do not squirt back the dirt on clothes or feet. They are cheap, washable and comfortable. Wearing heels won't give an easy walk. So avoid wearing heels as well.

### Ethnic Wear

**Every** season is Ethnic Season. Opt for short kurtis with ankle length leggings instead of floor length Anarkali's, salwar suits and Palazzos. As mentioned above shorter the hemline, cleaner the clothes. Use a scarf instead of a dupatta, fuse it up a bit.



### Bye Bye Denim & Linen

**Denim** gets heavier and Linen shrinks after getting wet. So, they are a big no-no this season. Go for fabrics which are easy drying like cotton, mulmul, chiffon, nylon. Shorts in solid colours are a must have for this season as they can be replaced with the jeans. Solid coloured shorts are like a master key which you can pair up with almost any casual wear. Khaki shorts are a hot trend.



### Colourful Wardrobe

**Say** no to whites! White clothes get stained during monsoon season easily and usually tend to become transparent after getting wet. Pick bright poppy colours, floral prints are a good example of that. This brings out the playful side of your personality and upgrades your wardrobe up a notch for Monsoon fashion trends.



There was a strange glimmer in Naseer's eyes. Like the glint in the eyes of a cheetah. He was now getting used to this life in the jungle. Now even the memory of a home was beginning to fade. They would stay away for two or three months at a stretch, then return briefly. To collect the scattered pots and pans, boxes and bundles and then flee once again. Dadi was the only one who stayed put... lying in one place like a bundle of hay.

# Gulzar On The Tragedy Of Afghanistan





Shruti Kothari

The four poems below and the short story were written almost 20 years ago at the time of the first withdrawal of western forces from Afghanistan. It is tragic that 20 years later there is a sense of déjà vu in reading these. The question posed in the story; The Stone Age; finds ample answers in the images from present day Afghanistan we see today. Clearly, nothing has changed or if it has, not for the better. To superpowers, Afghan lives don't matter.

### In the Back Light of the Sun

*In the back light of the sun*
*The ruined houses*
*And Afghan children sitting on the walls*
*Look alive*
*On the cover of the American Art Journal*
*Save for the slight smoke still rising from them!?*

### A More Than 200-Feet High Pillar of Smoke

*'A more than 200-feet high pillar of smoke*
*Twisting and twirling upon itself*
*And unfurling above it an umbrella of dense black smoke*
*Erupted from the belly of a small bomb*
*And spread all over Qandhar*
*Darkness descended at noon*
*As ash fell to the ground from the dark smoke*
*People walking about were killed.'*
*In the coming generations when*
*A grandmother narrates this*

#FICTION-PICK


*Children will shut their eyes thinking it is just a story ....and go to sleep!*

### Don't Worry About Khanum, Now, Abbu

*Don't worry about Khanum, now, Abbu*
*She doesn't take her sleeping pills*
*The bitter medicines too have stopped*
*The way she used to get scared at night*
*Seeing the flying tents in the sky*
*And clutch at the walls and say:*
*'Stop! Stop! The house is moving!'*
*She doesn't get those fits anymore*
*A tank suddenly entered the house*
*We buried her on Thursday,*
*Whatever little we could find of her*
*Don't worry about Khanum, now, Abbu!*

### Flight

*The soles of the feet had begun to fester*
*From running*
*Bullets sprayed in the streets*
*Like shooting stars breaking upon Kabul*
*Like suns bursting here and there*
*And entire houses blown away*
*Once again, Abbu said: 'Let us run away'*
*But this time Mahmood wrenched his hand free*
*Pulled out a slingshot from his pocket and asked:*
*'Abbu, whose side is Allah on?*
*Theirs or on my side?'*



Gulzar





### The Stone Age

The bomb had fallen some distance away but the walls of the house could not bear the impact of its explosion. After all, they were made of mud. In a matter of moments, they crumbled. His younger sister was buried in the debris, and died. The elder sister picked him up and ran, her face unveiled. The smoke in the alley provided a veil. The father held the mother's hand, tucked a bundle of some belongings and a trunk that was always kept packed and ready, and they all ran away.

He was then four years old.

"Abbu...here...the goras are on that side!"

And he jumped away from his Apa's side. His eyesight was sharp. Coming from the road ahead, a jeep passed by showering bullets along the way.

"Naseer has saved us!"

His sister smothered him with kisses. His mother showered him with love and blessings.

There was a strange sort of glimmer in Naseer's eyes. Like the glint in the eyes of a cheetah. He was now getting used to this life in the jungle. Now even the memory of a home was beginning to fade. They would stay away for two or three months at a stretch then return briefly. To collect the scattered pots and pans, boxes and bundles, and then flee once again. Dadi was the only one who stayed put... lying in one place like a bundle of hay.

He was two years old when he had first heard the roar of the aeroplanes and the thunder of bombs. His entire house was shaking as he clung to his mother's breast and trembled. His mother had tied him to her chest with a sling fashioned out of a wide piece of cloth. She clutched a bundle in one hand and held Bano, his younger sister, in the other. His father had a little trunk tucked under his arm. He was muttering something under his breath as he dragged his mother till the door, and said: "Amma! Try, try a little! Hold Allah's finger and come till the mosque."

Dadi too was muttering and cursing, God knows who: his father or god? Naseer's eyes had been glittering then, too. He had seen the stars falling from the skies. And the suns bursting upon the earth. An innocent thought had crossed his mind even then: "Why is Allah so terrifying? ... Why does he scare us so?"

Two years is far too short an age but the eyes... the eyes can swallow and gobble a great deal during this tender age. And hoard all that they see. To ruminate over later, like camels do.

The mosque was filled with the stench of blood. Bleeding hands, knees, shoulders, necks. There were very few people who were whole and intact. For Naseer this was the 'normal' view of the world. This is the world he had seen from the day he had opened his eyes. This is the world he had grown up in. To see blood on the ground and want to splatter it with his feet was much the same to him as splashing his feet in rain water.

He heard many new names in the mosque. He knew the names of most of his clansmen. But Russian, American, Bush, Turgenov, firangi, copter, helicopter.... these seemed to be names of some other clan. Their jungles must be beyond those hills - from where these helicopters flew in; from where these balls of fire came in to destroy their homes. He hadn't yet forgotten the death of his tiny sister.

*"Houses fall down, don't they, Abbu... then, why do we live in houses?"*
*He was three years old when he had asked this question. Those days they had come to stay in a city with pucca houses.*
*"It rains fire outside, son, because bombs fall," his father had said.*
*"Who drops them?"*
*"They ... those white people who come in helicopters."*
*"Why do they drop bombs?"*
*"Because they are our enemies!"*
*"Are we, too, their enemies?"*
*"Of course, what else?"*
*And a year and a half later, he had asked:*
*"So, can we too drop a bomb on their mountain?"*
*"We don't have helicopters, son."*
*"Then how will we drop them?"*
*"We have the fidayeen; that's why we have sent our martyrs."*

He didn't understand. The words were becoming difficult... fidayeen! He added another word to his piggy-bank. He would 'spend' it when he grew up. Though he had fallen silent, he was far from satisfied with such answers. But like flies, these questions would keep buzzing around his face. He would go and sit outside and work on making his sling-shot.

There was another village behind the mountain. Some families found refuge in a stable. There was little noise here. Abba would visit every few days. Once, Abba didn't come for many days. Ammi would fall in prostration and pray. She would always be praying. Her eyes would always be wet with tears. Once, Naseer asked her as he lay on the ground: "What are you praying for, Ammi?"

"I was asking Allah to keep your father safe, my son."

Naseer kept lying on the ground and staring at the sky. Then, he asked softly: "Ammi, whose side is Allah on? Our side, or their's?"

He turned around. But Ammi had gone.

writetoarbit@rashtradoot.com

The bomb had fallen some distance away but the walls of the house could not bear the impact of its explosion. After all they were made of mud. In a matter of moments they crumbled. His younger sister was buried in the debris, and died. The elder sister picked him up and ran, her face unveiled. The smoke in the alley provided a veil. The father held the mother's hand, tucked a bundle of some belongings and a trunk that was always kept packed and ready, and they all ran away.

He didn't understand. The words were becoming difficult... fidayeen! He added another word to his piggy-bank. He would 'spend' it when he grew up.





#PARENTING

# Protecting Your Kid's Eye Health

Many parents may not be aware of both the short and long term health issues linked to excessive screen time, including its effect on children's eyes.



Half of parents are unaware that screen time can affect children's eye health, suggest poll results.

The poll also indicates outdated beliefs about eye risks among parents and low use of eye protection like sunglasses.

"Many parents may not be aware of both the short and long term health issues linked to excessive screen time including its effect on children's eyes," says Sarah Clark, co-director of the C.S. Mott Children's Hospital National Poll on Children's Health at University of Michigan Health.

"Our findings suggest that some parents may have inaccurate perceptions of activities that affect their child's eye health and vision and how to minimize risks."

The national representative report is based on responses from 2,002 parents of children ages 3-18 surveyed in April.



Some experts have pointed to the combination of increased screen time and less time outdoors as factors that may put children at higher risk for developing myopia or near-sightedness which can lead to serious eye problems in the future. The rate of near-sightedness in children has increased dramatically in the past 30 years.

Research is ongoing but studies suggest outdoor time protects against myopia.

"Parents should encourage at least one to two hours of outdoor time per day because exposure to natural light benefits eye development," Clark says.

"Parents should enforce family rules to ensure children have a sustained period of non-screen time during the day. This is especially important during summer months when they're off from school and may have less structured downtime."

Some research has also indicated associations between working up close like reading or using a tablet increasing the odds of myopia.

"It's important time to think about myopia risks for children because kids with this condition often become more near sighted over time," says Olivia Killeen, ophthalmologist at the University of Michigan's Health Kellogg Eye Centre, who consulted on the report.

"The age of myopia onset is the most significant predictor of severe myopia later in life."

### Protection From Sunlight & Sports

Another overlooked area of eye health protecting little eyes from intense sunlight.

Less than a third of parents polled say wearing sunglasses when outdoors has a major impact on children's vision and eye health, with just two in five having their child wear the eyewear when outdoors.

In fact, when children are outdoors they should wear sunglasses or wide-brimmed hats to decrease the risks of ultraviolet radiation damage which can contribute to eye problems in older age, Clark says.

"While parents often make sure their children's skin is protected with sunscreen they may not think about protecting their eyes from the sun as well," Clark says.

Many parents polled also skip steps that help minimize eye injuries during activities that include a risk of objects hitting the child's eye at high speed or force, with less than a third of parents saying their child wears protective glasses or goggles during contact sports.

Clark recommends parents seek advice from their child's health provider for safe and comfortable eyewear for sports like lacrosse, tennis, baseball and softball and basketball.

However, most parents polled say children and teens wear protective glasses or goggles when doing activities that pose a risk of eye injuries including working with tools and playing shooting games like Nerf guns or paintball.

### Outdated Ideas

After time spent on screens the most common factors parents identify as impacting children's vision and eye health are reading in poor light, how close children sit to the TV/screen, diet, and blue light from screens.

"Some parents may still follow advice from past generations on protecting kids' eyes," Clark says. "Reading in poor light or sitting close to the TV can cause eye fatigue or strain, but they will not do any permanent damage or long term eye problems."

Less than a third of parents say children wear glasses that block blue light. While the amount of blue light does not damage eyes, it may impact circadian rhythms and make it harder for children to fall asleep. Experts recommend children stop blue light screen use at least one hour before bedtime.

### Vision Tests

Four in five parents report their child has had a vision test during a visit to the paediatrician or family doctor while more than a fourth say kids were tested at school or daycare.

Most parents report their child's health insurance covers the full or partial cost of visits to an eye doctor while 9% say they are not covered and 7% are unsure. Parents who report no coverage for eye doctor visits are less likely than parents with full or partial coverage to say their child has seen an eye doctor in the last two years.


One in seven parents say their child did not had a vision test or seen an eye doctor in the past two years.

"Children should get vision tests at least every two years to make sure eyes are developing properly," Clark says.

"It's important to identify and treat vision problems as early as possible because undiagnosed issues can lead to serious eye conditions in the future including permanent vision loss."



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# दूसरे दिन आयोजित हुई अध्यापक पात्रता परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न

## प्रथम पारी में 87.92 तथा द्वितीय पारी में 93.62 प्रतिशत उपस्थिति रही

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा-2022 (रीट) रविवार को निविघ्न सम्पन्न हो गई। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और रीट के मुख्य समन्वयक लक्ष्मी नारायण मंत्री और समन्वयक मेघना चौधरी ने संयुक्त बयान जारी कर बताया की रीट परीक्षा कन्ट्रोल रूम को राज्य के सभी परीक्षा केन्द्रों पर शान्तिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न होने की सूचना मिली है।

राजस्थान शिक्षा बोर्ड प्रशासन ने सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए राज्य सरकार, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कार्मिकों का धन्यवाद ज्ञापित किया है। रोडवेज, रेल्वे और परिवहन विभाग ने परीक्षार्थीयों के आवागमन की माकूल व्यवस्था की, जिस कारण कहीं भी किसी तरह के जाम स्थिति पैदा नही हुई और परीक्षार्थी भी परीक्षा समाप्ति के पश्चात् सुविधाजनक तरीके से अपने गन्तव्य स्थान को रवाना हो गये।

परीक्षा की शुचिता एवं गोपनीयता को बनाये रखने के लिए बोर्ड ने इस वर्ष कई नये नियम बनाये। रीट परीक्षा के सुरक्षा मानकों मे कुछ नये आयाम जोड़े गये। रीट की समन्वयक मेघना चौधरी ने बताया की शनिवार को रीट परीक्षा के प्रथम स्तर की परीक्षा मे राज्य के समस्त परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों की उपस्थिति 79.23 प्रतिशत रही। इस परीक्षा मे 3,18,508 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। रीट परीक्षा के द्वितीय स्तर की परीक्षा तीन परियों मे आयोजित की गई। शनिवार को सांयकालीन सत्र मे आयोजित द्वित्तीय स्तर की प्रथम पारी मे 3,79,923 परीक्षार्थी परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। उपस्थिति 87.92 प्रतिशत रही। रविवार को प्रात:कालीन सत्र मे आयोजित द्वित्तीय स्तर की द्वित्तीय पारी मे 4,04,188 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए जिनकी उपस्थिति 93.62 प्रतिशत रही। वही सायंकालीन सत्र में आयोजित द्वितीय स्तर की परीक्षा की तृतीय पारी में 368691 परीक्षार्थी शामिल हुए जिनकी उपस्थिति 85.58 प्रतिशत रही। शनिवार को आयोजित दोनों सत्रों की रीट परीक्षा की ओएमआर शीट राज्य के सभी जिलों से सशस्त्र पुलिस व्यवस्था के साथ रविवार सुबह तक रीट कार्यालय पहुच गई। इसी तरह रविवार को आयोजित रीट द्वितीय स्तर की परीक्षा की दोनों पारियों की ओएमआर शीट पूरे प्रदेश से रीट कार्यालय पहुचने का सिलसिला जारी है।


# लेहणा घाटी में बस पलटने से 12 से ज्यादा सवारी घायल

## हादसे के बाद ड्राइवर और कंडक्टर मौके से भाग गए

**डूंगरपुर,** (निसं)। बिछीवाड़ा अन्तर्गत एनएच 48 पर रविवार को दोपहर में बांसवाड़ा के गनोड़ा से अहमदाबाद जा रही एक निजी ट्रेवल्स की बस बेकाबू होकर नेशनल हाइवे के किनारे पलट गई। इससे बस में हाहाकार मच गया। बस में 40 से ज्यादा सवारी बैठी हुई थी, जिसमें से 12 से ज्यादा सवारी घायल हो गई और अन्य को मामूली चोटें आई हैं। घायलों को बिछीवाड़ा हॉस्पिटल में भर्ती करवाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीकृष्णा अजंता ट्रेवल्स की एक बस रविवार को बांसवाड़ा के गनोड़ा से अहमदाबाद जा रही थी। डूंगरपुर होते हुए बस आगे रवाना हुई। एनएच 48 पर लेहणा घाटी में पहुंचते ही बस अनियंत्रित हो गई। ड्राइवर ने जैसे ही ब्रेक लगाए तो बस वापस बिछीवाड़ा डूंगरपुर की तरफ मुड़ गई और फिर हाइवे के किनारे नाले पर पलट गई। बस पलटते ही सवारियां चीखने चिल्लाने लगी। बस में एक दूसरे पर टकराते हुए नीचे गिरे। लोगों के हाथ, पैर, सिर और शरीर पर कई जगह चोटें आई। कई लोगों को अंदरूनी चोटें भी आई। एक्सीडेंट के बाद ड्राइवर और कंडक्टर मौके से भाग गए।

- गनोड़ा से अहमदाबाद जा रही थी श्रीकृष्णा अजंता ट्रेवल्स की एक बस
- हाइवे से गुजर रहे दूसरे वाहनधारियों ने बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला


लेहणा घाटी में अनियंत्रित होकर पलटी निजी बस।

हाइवे से गुजर रहे दूसरे वाहनधारियों ने बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला। इसके बाद एंबुलेंस से घायलों को बिछीवाड़ा हॉस्पिटल के लिए रवाना किया। घटना की सूचना पर बिछीवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची। इस घटनाक्रम में तनवीर सिंह निवासी वरदा, महेंद्र सिंह, अल्पा कुंवर, महेंद्र सिंह निवासी निठाउवा गामड़ी, कैलाश, भारती निवासी टोकवासा, बापुलाल डामोर निवासी सागवाड़ा, भरत सिंह सोलंकी निवासी उदयपुरा सागवाड़ा, जेसी कुंवर निवासी कनबा समेत कई लोग को भर्ती करवाया गया है। इसमें से चार लोगों की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया है। वहीं, दूसरे कई लोगों को भी मामूली चोटें आई हैं। पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।

# रीट परीक्षा में काफी अभ्यर्थी समय से लेट पहुंचने के कारण शामिल नहीं हो पाए

**झुंझुनूं,** (निसं)। पूरे प्रदेश में चली रीट परीक्षा दो दिनों तक झुंझुनूं के 59 परीक्षा केंद्रों पर हुई। दो दिनों तक बिना कोई गड़बड़ी के परीक्षा संपन्न होने के बाद पुलिस और प्रशासन ने राहत की सांस ली। रविवार को परीक्षा के अंतिम दिन दोनों पारियों में 91.81 फीसदी अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। रविवार को भी शनिवार की तरह काफी अभ्यर्थी समय से लेट पहुंचने के कारण परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए। वहीं जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुड़ी तथा एसपी मृदुल कच्छावा ने अपनी टीमों के साथ परीक्षा केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं को देखा। पूरी परीक्ष में ट्रेफिक जाम को छोड़ दें तो कहीं पर भी व्यवस्था फेल नहीं दिखी। दोनों दिन दोनों पारियों में परीक्षा संपन्न होने के बाद मुख्य चौराहों पर ट्रेफिक को सामान्य कराने में ना केवल ट्रेफिक पुलिसकर्मी, बल्कि आरएसी जवान भी जद्दोजहद करते नजर आए। इधर, अभ्यर्थियों ने शनिवार की तरह रविवार का पेपर भी इजी और सामान्य ही बताया।


झुंझुनूं में परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों की अच्छी तरह से जांच पड़ताल की गई।

- फुल बाजू के कुर्ते और शर्ट की हाफ बाजू काटकर परीक्षा केंद्रों पर ही आधी कर दी गई

जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुड़ी ने बताया कि रीट परीक्षा की प्रथम पारी में जिले में 19730 अभ्यर्थियों में से 18743 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। वहीं 987 अनुपस्थित रहे। जबकि दूसरी पारी में 19729 अभ्यर्थियों में से 17486 रहे उपस्थित और 2,243 अनुपस्थित रहे। पहली पारी में 95.08 प्रतिशत व दूसरी पारी में 88.63 प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुड़ी ने जेपी जानू सीनियर सैकंडरी, जेके मोदी स्कूल, मुरारका कॉलेज, रानी सती मंदिर के पास झुंझुनूं एकेडमी स्कूल और नेतराम मघराज कॉलेज में बने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान निजी सहायक विपिन चौधरी भी साथ रहे।

झुंझुनूं में आयोजित हो रही रीट परीक्षा 2022 में दूसरे दिन की दूसरी पारी के दौरान सेठ मोतीलाल कॉलेज परिसर में बनाए गए एक सेंटर पर पुलिस का मानवीय चेहरा देखने को मिला। सेंटर पर परीक्षा देने के लिए आए हेजमपुरा निवासी मुकेश कुमार का 3 दिन पहले ही सड़क हादसे में पैर टूट गया था। वह परीक्षा केंद्र पर टेंपो में सवार होकर आया। परीक्षा केंद्र पर व्हीलचेयर नहीं होने के कारण पैर फ्रेक्चर हुए अभ्यर्थी मुकेश कुमार को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसी दौरान वहां तैनात मोबाइल पार्टी इंचार्ज विजेंद्र सिंह को इसकी जानकारी मिली कि एक अभ्यर्थी टेंपो में है और व्हीलचेयर नहीं होने के कारण परीक्षा केंद्र नहीं जा पा रहा है। जिस पर उन्होंने तत्काल अपनी मोबाइल पार्टी की गाड़ी से उसको परीक्षा केंद्र के अंदर पहुंचाया। परीक्षार्थी मुकेश ने पुलिस मोबाइल पार्टी का आभार जताया। इसके अलावा भी शहर में परीक्षा से संबंधित आपराधिक मूवमेंट पर नजर रखने के लिए ना केवल सादा वर्दी में पुलिसकर्मी लगाए गए है। बल्कि सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जा रही है।

पहले दिन लेट लतीफी के चलते कई अभ्यर्थियों को परीक्षा से वंचित होना पड़ा था। इसी कारण रविवार सुबह नौ बजने में जब एक-दो मिनट की दूरी थी। तो परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा के लिए मैराथन भी देखने को मिली। कई महिला और पुरूष अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र के दरवाजे तक दौड़ लगाकर पहुंचे। वहीं पहले दिन की तरह रविवार को दूसरे दिन भी पुलिस और प्रशासन की सख्ती देखने को मिली। फुल बाजू के कुर्ते और शर्ट की हाफ बाजू काटकर परीक्षा केंद्रों पर ही आधी कर दी गई। इसके अलावा दुपट्टा आदि भी बाहर ही रखवाए गए। सभी परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों का आना अल सुबह से शुरू हो गया। नौ बजे तक सभी अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। इसके बाद प्रवेश बंद कर दिया गया। जिसके कारण रविवार को भी एनएमटी कॉलेज, मोतीलाल कॉलेज व मोरारका कॉलेज में कई अभ्यर्थियों को परीक्षा से वंचित भी होना पड़ा। मोतीलाल कॉलेज में केंद्र की गफलत के कारण भी एक परीक्षार्थी लेट हो गया। लेकिन उसे बाद में राहत देते हुए प्रवेश दे दिया गया।

# रोटी बैंक ने भंडारा लगाया


रोटी बैंक की ओर से दूसरे दिन रविवार को भी रीट अभ्यर्थियों के लिए खाने की व्यवस्था की गई।

**पाली,** (निसं)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित रीट 2022 परीक्षा के मध्य नजर सेवा को समर्पित रोटी बैंक की ओर से रविवार को भी दूसरे दिन बांगड़ स्कूल तिराहे पर शामियाना लगाकर रीट परीक्षा में आने वाले युवक-युवतियों महिलाओं के लिए खाने की व्यवस्था की। रोटी बैंक के अध्यक्ष आनंद कवाड, सचिव लखपत भंडारी के नेतृत्व में रोटी बैंक जीरावाला मित्र मंडल के सदस्यों ने सुबह 10:बजे से 3:00 बजे तक सभी परीक्षार्थियों को यहां पर खाना खिलाया। रोटी बैंक द्वारा पिछले वर्ष भी परीक्षार्थियों के लिए खाने की दो जगह व्यवस्था की गई थी।

रविवार को दूसरे दिन भी यहां बांगड़ स्कूल तिराया पर खाने की व्यवस्था की गई जिसमें सभी परीक्षार्थियों के साथ उनके परिजनों और ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों को भी खाना खिलाया गया। इस अवसर पर रोटी बैंक के रोशन सेमलानी, चंद्र प्रकाश कोचर मेहता ,महावीर बोकडिया ,निर्मल परिहार ,जितेंद्र चौधरी, भारत मालवीय, राजू कोठारी, अर्जुन बेनीवाल,. ढगलाराम परिहार, नंदू भाई सब्जी वाला दिनेश सेन आदि का सहयोग रहा।

# गांजा जब्त कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया

- नागालैंड से लेकर आया था तस्कर 55 किलो गांजा
- झुंझुनूं में प्रवेश करते ही डीएसटी टीम ने दबोचा

**पचेरी कलां,** (निसं)। करीब ढाई हजार किलोमीटर दूर से अवैध गांजा लेकर पहुंचे एक तस्कर को झुंझुनूं की पचेरी कलां पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई डीएसटी झुंझुनूं तथा जयपुर की सीआईडी सीबी की टीम ने संयुक्त रूप से की है। दरअसल गांजा तस्कर कई दिनों से सीआईडी सीबी की रडार पर था। जिसका पीछा करते करते जयपुर की सीआईडी सीबी की टीम भी झुंझुनूं तक पहुंच गई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक मारीगांव आसाम निवासी 33 वर्षीय अमित सुतारधर काफी दिनों से गांजा तस्करी का काम करता है। जिसका इनपुट जयपुर सीआईडी सीबी को मिला हुआ था। अवैध गांजे की एक खेप लेकर अमित सुतारधर डीमापुर नागालैंड से रवाना हुआ। जो नागालैंड से दिल्ली तक रेलगाड़ी में सफर करके पहुंचा। वहीं दिल्ली से झुंझुनूं के लिए प्राइवेट बस में बैठा। लगातार वह जयपुर सीआईडी सीबी की रडार पर था। प्राइवेट बस देर रात को ज्यों ही राजस्थान के झुंझुनूं में प्रवेश की। उसी वक्त पचेरी कलां थाने के सामने नाकाबंदी कर बस को रूकवाया गया। जिसमें आरोपी अमित बैठा हुआ था। जिसके पास एक बैग भी था। इस बैग की तलाशी ली तो उसमें 55 किलो के करीब अवैध गांजा था। आरोपी से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि यह माल वह उदयपुरवाटी में पहुंचाने के लिए आया था। जिसे लेकर भी पुलिस जांच में जुट गई है।

**कोटपुतली इलाके में करता था सप्लाई :-** सूत्रों की मानें तो अमित काफी दिनों से राजस्थान में गांजा सप्लाई कर रहा है। हालांकि पुलिस जांच में ऐसी कोई पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन सूत्र बताते है कि कोटपुतली इलाके में वह गांजा सप्लाई करता था। जिसका इनपुट झुंझुनूं डीएसटी के पास था। झुंझुनूं डीएसटी ने यही इनपुट जयपुर सीआईडी सीबी के साथ साझा किया था। जिसके बाद जयपुर सीआईडी सीबी इसके पीछे लग गई थी। लेकिन इस बार अमित सप्लाई देने झुंझुनूं ही पहुंच गया तो डीएसटी ने जयपुर सीआईडी सीबी के साथ आरोपी को धर दबोचा।

बताया जा रहा है कि डीमापुर गांजे की खेती का बड़ा केंद्र है। यही कारण है कि वहां पर गांजा आसानी से 3-4 हजार रूपए किलो में मिल जाता है। इस माल को चार गुना कीमत में बेचने के लिए गांजे की तस्करी कर राजस्थान पहुंचाया जाता है। राजस्थान में गांजे की कीमत 12 से 13 हजार रूपए किलो आसानी से मिल सकती है। इस चार गुना पैसे के चक्कर में अमित काफी दिनों से राजस्थान में गांजा सप्लाई कर रहा था।

# पर्यटक स्थलों पर उमड़ी भीड़

**जोधपुर,** (कासं)। प्रदेश में छाए मानसून के असर से मौसम सुहावना बना हुआ है। रविवार को मारवाड़ में मौसम सुबह से ही खुशनुमा बना हुआ है। आसमां बादलों से अटा पड़ा है। अवकाश रहने से लोगों ने इसका आनंद पर्यटन स्थलों पर उठाया। हालांकि दोपहर तक शहर में बारिश नहीं हो पाई। मगर बादलों की आवाजाही बनी हुई है। घने काले बादल शहर में छाए हुए है। जोधपुर संभाग में भी बादलों के छाने से मौसम पूर्णत: खुशनुमा बना हुआ है। सुहाने मौसम से पर्यटन स्थल मंडोर उद्यान, कायलाना, कदमकंदी, अरनाझरना और शास्त्री सर्किल पर लोगों का काफी जमावड़ा रहा। कईयों ने तो रविाारिया गोठ का भी आयोजन भी रखा।


# तीर्थनगरी पुष्कर में मूसलाधार बारिश के बाद सरोवर पानी से लबालब हुआ

## तीन चार सालों बाद पुष्कर में रविवार को मेहरबान हुए इंद्र देवता

**पुष्कर,** (निसं)। पवित्र तीर्थ नगरी पुष्कर में रविवार को हुई बारिश से सरोवर में भारी जल की आवक हुई है। अब सरोवर लबालब नजर आने लगा है। वही बारिश की वजह से पुष्कर की मुख्य सड़के दो ढाई फिट पानी से लबालब भर गइ। जिससे आवागमन बंद हो गय। गत तीन चार सालों बाद हुई बारिश से पुष्कर में रविवार को इंद्र देवता मेहरबान हुए है जिससे सरोवर में काफी पानी की आवक हुई।

पुष्कर सरोवर हिंदुओ का बड़ा तीर्थ है इसे ब्रह्म सरोवर भी कहते है। सरोवर में लाखो लोग स्नान पूजा करते है। सरोवर में पानी की आवक देखने के लिए लोग सरोवर के किनारे बने फूल पर पहुँच गए। लोग कई सालों बाद हुई बारिश से खुश नजर आए। बारिश की वजह से पुष्कर के मुख्य मागी में पानी भर गया जिससे सड़के दरिया बन गयी। जिसकी वजह से लोगो को गुजरने में भारी परेशानी उठानी पड़ी। अब सरोवर का जल स्तर लगभग 13 फुट हो गया है। स्थानीय निवासी सावर सिंह रावत ने बताया कि तीन चार साल बाद हुई बारिश से काफी खुशी है।

बारिश में आए कई जहरीले खोबरे रविवार को हुई बरसात से पुष्कर सरोवर में कई जहरीले सांप बह कर आए हैं। स्नान पूजा अर्चना करने वाले सभी श्रद्धालुओं को बड़े ही ध्यान से सरोवर में अभी स्नान करना चाहिए हालांकि पानी में सांप काटने से जहर नहीं चढ़ ता है लेकिन फिर भी घाट के किनारे अगर सांप काटता है तो निश्चित रूप से कोई बड़ा हादसा हो सकता है।


पुष्कर में बारिश के चलते सरोवर का जल स्तर 13 फीट हो गया है।

# वॉटर मैन केरॉन रानशले के कुल्हे का ऑपरेशन

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर के वॉटर मैन के नाम से मशहूर एवं शहर के प्राचीन एवं ऐतिहासिक जलस्त्रोतों की रख-रखाव कर आमजन को जागरूक करने वाले आयरलैण्ड निवासी केरॉन रानशले के पैर की कूल्हे का ऑपरेशन रविवार को मथुरादास माथुर अस्पताल में डॉ. अरूण वैश्य द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।

मेहरानगढ म्यूजियम ट्रस्ट के महाप्रबन्धक जगतसिंह राठौड ने बताया कि 17 जुलाईको डॉ. महेन्द्रसिंह तंवर को सूचना प्राप्त हुई कि केरॉन फिसलने दुर्घटनाग्रस्त हो गये हैं और उनके पैर के कुल्हे में चोट आयी है और उन्हें मथुरादास माथुर अस्पताल में भर्ती किया गया है। तुरन्त ही इस बाबत् सूचना मेहरानगढ म्यूजियम ट्रस्ट के मुख्य प्रबन्ध न्यासी पूर्व शासक गजसिंह को भिजवाई गई। उन्होंने तुरन्त प्रभाव से सभी प्रकार की सहायता उपलब्ध करवाने के निर्देश प्रदान किये। इस पर मेहरानगढ ट्रस्ट से कर्मचारी को भेजकर डॉक्टर्स से सम्पर्क करे उनके इलाज के आवश्यक संसाधन उपलबध करवाये गये।

जैसे ही सोशल मीडिया और समाचार पत्रों से केरॉन के दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी मिली अनेक शहरवासी व सामाजिक संस्थाओं ने अस्पताल पहुंचकर न केवल उनकी कुशल क्षेम पूछी बल्कि मदद के लिए भी अपने हाथ बढाये। हमारे शहर की अपणायत व संस्कृति को चरितार्थ करते हुए एक विदेशी के लिए संकट की घडी में लोग बिना किसी निजी स्वार्थ के खडे हो गए। हमारे शहर की यही पहचान है, जिस पर हमें गर्व है।

# न्याय पाने की चाहत में अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है 'बेगुनाह लुटेरा'

**कानपुर।** न्याय पाने की चाहत में बेगुनाह लुटेरा व उसके परिजन अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के चक्कर लगा रहे हैं। उन्हें विश्वास है कि उन्हें न्याय मिलेगा और मनगढ्न्त कहानी रचने वाले दोषी पुलिसवालों को सजा अवश्य मिलेगी। जी हां, मामला गुजैनी थाने का है। मिली जानकारी के अनुसार गुजैनी थाना क्षेत्र के अम्बेडकर नगर नहर पुल के पास 18/19 जून 2022 की रात्रि में लूट की तीन वारदातों को अंजाम दिया गया। लेकिन पुलिस ने पहली लूट के पीड़ित को वादी, दूसरे पीड़ित को गवाह और तीसरे पीड़ित को आरोपी बनाकर जेल भेज दिया। लेकिन कहा जाता है कि सच्चाई सामने आ ही जाती है और यही हुआ भी। अब तीनों वारदातों के तथ्यों के मिलने पर पुलिस की फर्जी खेल खुल गया। परिणामत: पुलिस द्वारा किये गये लूट के खुलासे पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कानपुर पुलिस कमिश्नरेट अन्तर्गत नवसृजित थाना गुजैनी क्षेत्र में बिगत 18/19 जून 2022 को गुजैनी नहर व हाइवे के पास एक ही रात में कुछेक मिनटों के अन्तराल पर लूट की तीन वारदातों को अंजाम दिया गया। किन्तु पुलिस ने तीनों वारदातों को एक दिखा दिया और पहली घटना के पीड़ित को वादी मुकदमा, दूसरी घटना के पीड़ित को गवाह और तीसरी घटना के शिकायतकर्ता अम्बेडकर नगर निवासी राजन सिंह को आरोपी बनाकर जेल के सलाखों के पीछे भेज दिया।

इसके बाद प्रकाश में आया है कि वादी मुकदमा गोविन्द प्रसाद व चश्मदीद गवाह ब्रजेश कुमार सैनी ने जेल भेजे गये राजन सिंह को निर्दोष बताते हुए माननीय न्यायालय व पुलिस आयुक्त के समक्ष शपथपत्र दे दिये थे। साथ ही अब इस खुलासे में नया मोड़ आ गया है और जेल छूटे आरोपी राजन सिंह ने बताया कि उसके साथ भी लूट की गई थी जिसकी सूचना उसने 112 पर दी थी किन्तु उसकी कोई बात नहीं सुनी गई बल्कि पुलिस ने उसे आरोपी बनाकर जेल भेजकर उसका कैरियर खत्म कर दिया। वादी मुकदमा गोविन्द प्रसाद व चश्मदीद गवाह ब्रजेश कुमार सैनी ने गुजैनी पुलिस पर गम्भीर आरोप लगाया कि सिर्फ गुडवर्क के चक्कर में थानाध्यक्ष रवि शंकर त्रिपाठी ने राजन सिंह को आरोपी बनाया है।

राजन के भाई शिववीर सिंह ने बताया कि जिले के आलाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को मामले से अवगत करा चुका है लेकिन दोषी पुलिस वालों पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई जिससे लगता है कि पुलिस के कुछ अधिकारियों का संरक्षण दोषी पुलिस वालों को प्राप्त है। शिववीर ने बताया कि अपने भाई को न्याय दिला कर रहेगा और न्याय दिलाने के लिये वो निचली अदालत से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक की चौखट तक जायेगा। लेकिन अपने निर्दोष भाई को जेल भेजने वालों को सख्त से सख्त सजा दिलाकर रहेगा।

# डूंगरपुर में दिनभर रुक रुककर चला फुहारों का दौर

- निठाउवा में सर्वाधिक सवा इंच बारिश, बांधों व जलाशयों में पानी की आवक जारी

**डूंगरपुर,** (निसं)। शहर में दिन खुलने के साथ ही फुंहारो का दौर दिनभर चलता रहा, हालांकि इससे न तो परीक्षार्थियों को और न ह आमजन को अपनें कार्यों में व्यवधान का सामना करना पडा। बाढ़ नियंत्रण कक्ष के अनुसार सर्वाधिक वर्षा निठाऊवा में 30 एमएम दर्ज की गई। पिछले दिनों से हुई बारिश के बाद जिले के कुछ जलाशयों व बांधों में पानी की आवक शुरू हुई हैं, लेकिन अभी भी झमाझम बारिश का इंतजार हैं। जिसके माध्यम से जिले के तालाब बांध लबालब हो सके। शहर के पेयजल के दोनों प्रमुख स्त्रोत अभी रिते पडे हुए हैं, हालांकि रूक रूककर हो रही वर्षा के कारण जो ट्ययूबवेल नकारा हो गये थे उनमें पुन: पानी की आवक शुरू हो गई हैं।

जिले में पिछले कुछ दिनों से मानसून की बेरुखी बनी हुई है। रविवार को सुबह आसमान में बादल छाए रहे। धूप तक नहीं निकली और 9 बजे बाद अचानक बूंदाबांदी और फिर हल्की बारिश का दौर शुरू हो गया। जिला कंट्रोल रूम के अनुसार रविवार सुबह 8 बजे तक पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा बारिश निठाउवा में सवा इंच (30 एमएम) रिकॉर्ड की गई है। इसके अलावा झोथरी में 14 एमएम, साबला में 13 एमएम, धंबोला में 10 एमएम, कृषि विज्ञान केंद्र फलोज में 5.5 एमएम, डूंगरपुर में 6 एमएम, गलियाकोट में 4 एमएम, गणेशपुर में 2 एमएम, सागवाडा और आसपुर में 1 एमएम, चिखली में ढाई एमएम, बारिश रिकॉर्ड की गई है। देवल, कनबा में सुखा रहा। जिले में इस मानसून में अब तक औसत 307 एमएम बारिश हुई है। वहीं, जिले के सोमकमला आंबा बांध समेत सभी 23 बांधों में पानी की कोई खास आवक नहीं हुई है। बांध अब तक खाली पडे हैं।

## संक्षिप्त

### भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा पौधारोपण

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेश संयोजक डॉ.माधव सिंह की अगुवाई में ब्रह्मचारी बाबा आश्रम श्रीमाधोपुर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर आश्रम के बाबा सतगिरी महाराज के सानिध्य में ग्यारह पौधे लगाकर उनकी सार संभाल का जिम्मा लिया गया। इस अवसर पर रामजीलाल शर्मा, पार्षद शिवपाल योगी, उमाशंकर ठठेरा, शांतिलाल सोनी,अजय शर्मा, रामजीलाल कुडी, विनोद सैनी चांद, एडवोकेट सोहन लाल सैनी, किशोरी लाल प्रजापत, राजू बागवान, लीलेश समेत अनेक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।विदित रहे कि भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा आज पूरे प्रदेश में पौधरोपण किया गया।

### भजनानंद गिरी का निर्वाण दिवस मनाया

**झिलाय, (निसं)।** जूना अखाडा आश्रम घांटा करीरिया पर महामंडलेश्वर संत भजनानंद गिरी का पांचवा निर्वाण दिवस संत कर्मानंद गिरी के सानिध्य में धूमधाम से मनाया गया। आश्रम सेवा समिति के गोविन्द हाकला व मोहरसिंह कुण्डेर ने बताया कि महामंडलेश्वर स्वामी भजनानंद गिरी का कई अनुष्ठानों के साथ अभिषेक करके गुरुपूजन एवं महाआरती की गई। उसके बाद पंगत महाप्रसादी की गई। कार्यक्रम संपूर्ण आयोजन भामाशाह सीताराम पोसवाल द्वारा किया गया।

### 'वृक्ष जीवन का अभिन्न अंग है'

**निवाई, (निसं)।** गांव कांटोली में स्थित मां भद्रकाली मंदिर में संत श्रीराम महाराज के नेतृत्व पौधारोपण किया गया। संत श्रीराम ने कहा कि वृक्ष जीवन का अभिन्न अंग है वन का संरक्षण करना हम सब का दायित्व है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण करना चाहिए जिससे आने वाली भावी पीढ़ी को सुरक्षित जीवन मिल सके। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री प्रभु बाडोलिया ने कल्प वृक्ष, रुद्राक्ष, बड, पीपल, आम, नारियल, आंवला सहित 51 पौधे श्रीराम महाराज को भेंट कर रविवार को मंदिर परिसर में संघन वृक्षारोपण किया। बाडोदिया ने लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प दिलवाया। इस अवसर पर रामकिशन गुर्जर, रामराय गुर्जर, मनराज गुर्जर, कैलाश मीणा सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

### सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपा

**पावटा, (निसं)।** पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल के नेतृत्व में प्रागपुरा 33केवी सब ग्रेड स्टेशन को शहरी क्षेत्र (सिटी फीडर) से जोडने की मांग को लेकर सहायक अभियंता कपिल शर्मा को ज्ञापन सौपते हुए गोयल ने बताया कि जल्दी से जल्दी बिजली की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले समय में धरना प्रदर्शन किया जाएगा तथा इससे भी कार्य नही हुआ तो आमरण अनशन भी किया जा सकता है। इस दौरान युवा मोर्चा अध्यक्ष शंकर पंडित, विक्रम यादव, बिशन सिंह शेखावत, जितेंद्र शर्मा, विक्रम सिंह, विक्की सिंह, बंसी मेहरा, हरीश स्वामी, महेश धानका, हरी स्वामी गुरुजी, अमरजीत, सुरेश सिंह, पुरण आर्य, कमलेश धनकड आदि लोग मौजूद रहे।

### लायंस क्लब की ओर से पौधे लगाये

**राजगढ , (निसं)।** लायंस क्लब की ओर से मेगा वृक्षारोपण के तहत रविवार को संकल्प आईटीआई में 21 पौधे लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। लायंस क्लब के अध्यक्ष अजय यादव ने बताया कि लायंस क्लब इस वर्ष विभिन्न स्थानों पर 251 पौधे लगाएगा। लायंस क्लब के सचिव वीरेंद्र दाधीच ने बताया कि रविवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम में लॉयन एन एल वर्मा, प्रदीप महावर, एवं क्लब के अन्य सदस्यों सहित गणमान्य जन मौजूद रहे।

### बजरी से भरा वाहन जब्त

**निवाई, (निसं)।** बरोनी पुलिस ने अवैध बजरी से भरा बिना नंबर का एक ट्रैक्टर-ट्रोली को जब्त किया है। बरोनी थानाधिकारी हरिराम ने बताया कि शनिवार की देरशाम को गश्त के दौरान गांव खण्डवा व पहाडी के बीच अवैध बजरी भरकर आ रहा ट्रैक्टर दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही चालक ट्रेक्टर-ट्रोली को छोडकर फरार हो गए। ट्रैक्टर-ट्रोली में अवैध बजरी भरी होने पर उसको जब्त कर थाने में खडा करवाया दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चिकित्सा मंत्री की जनसुनवाई में फरियादियों ने सुनाई समस्या



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने निज निवास मंडावरी पर जनसुनवाई में विधानसभा क्षेत्र सहित प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए फरियादियों से जन सुनवाई की।

**लालसोट, (निसं)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने निज निवास मंडावरी पर जनसुनवाई में विधानसभा क्षेत्र सहित प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए फरियादियों से जन सुनवाई की गई। मंत्री मीणा द्वारा की गई जन सुनवाई के दौरान मूलभूत सुविधाओं से जुडी समस्याओं के अलावा स्थानांतरण को लेकर भी जनसुनवाई में लोगों की खासी भीड रही।

जन सुनवाई के दौरान मंत्री मीणा के पास चिकित्सा विभाग होने के चलते विभिन्न जगहों पर चिकित्सा महकमे में कार्यरत चिकित्सा अधिकारी एवं चिकित्सा कर्मी कांग्रेस कार्यकर्ताओं व मंत्री मीणा के नजदीकी लोगों के माध्यम से जन सुनवाई के दौरान इच्छित जगहों पर ट्रांसफर करने की अपील करते नजर आए। वही जन सुनवाई के दौरान थर्ड ग्रेड टीचर स्थानांतरण को राज्य सरकार द्वारा अब तक नहीं खोलने को लेकर मंत्री मीणा से थर्ड ग्रेड टीचर स्थानांतरण को भी खुलवाने के लिए मुख्यमंत्री से आग्रह करने की मांग की गई। फिलहाल जनसुनवाई में मौजूदा समय में स्थानांतरण से वेन हटे होने के चलते के कारण किए जा रहे स्थानांतरण में आसपास क्षेत्र की दूरदराज जगहों पर सेवा दे रहे लोगों द्वारा मंत्री मीणा से आसपास क्षेत्र में लगने के लिए स्थानांतरण कराने की गुहार लगाई गई।

- थर्ड ग्रेड टीचर स्थानांतरण शुरू करने की मांग

वही थर्ड ग्रेड टीचरों के स्थानांतरण से रोक नहीं हटने के कारण तृतीय श्रेणी अध्यापकों में मायूसी छाई हुई है। वही थर्ड ग्रेड टीचर स्थानांतरण को लेकर शिक्षा मंत्री पहले ही स्पष्ट कर चुके है कि तृतीय श्रेणी अध्यापकों के स्थानांतरण के लिए पॉलिसी तैयार हो चुकी है एवं पॉलिसी को मुख्यमंत्री के पास अनुमोदन के लिए भेज दिया गया है। तृतीय श्रेणी अध्यापकों की संख्या अच्छी खासी होने के चलते शायद इस बार चुनाव के नजदीक ही सरकार इन तृतीय श्रेणी अध्यापकों के तबादले करेगी ताकि चुनाव के समय इन तबादलों का सीधा लाभ मिल सके। मंत्री मीणा द्वारा की गई जनसुनवाई में आए लोगों द्वारा विभिन्न समस्याओं से मंत्री मीणा को अवगत कराया गया जहां पर मंत्री मीणा द्वारा संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके से ही दूरभाष पर संबंधित लोगों की समस्याओं का समाधान के लिए निर्देशित किया गया। जन सुनवाई के दौरान विधानसभा क्षेत्र सहित दूरदराज से आए कई लोग मौजूद रहे।

## चिकित्सा मंत्री लालसोट व मंडावरी का करेंगे अवलोकन

**लालसोट, (निसं)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा सोमवार को प्रशासन शहरों के संग शिविर का अवलोकन कर वहां जनसुनवाई भी करेंगे।

चिकित्सा मंत्री मीणा सोमवार को लालसोट नगर पालिका एवं मंडावरी नगर पालिका वार्ड में प्रशासन शहरों के संग तृतीय चरण के चल रहे शिविर का अवलोकन करेंगे। प्रशासन शहरों के संग शिविर ओके प्रथम चरण की शुरुआत में ही चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा नगरपालिका क्षेत्रों में पट्टा विहीन लाभार्थी परिवारों को ज्यादा से ज्यादा पट्टा बनाकर देने का आव्हान किया गया था। वही मंत्री मीणा द्वारा कृषि भूमी क्षेत्र में बसी कॉलोनियों के आबादी नियमन आदि शिविरों में लाभार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए थे। वही लालसोट व मंडावरी नगर पालिका द्वारा प्रशासन शहरों के संग शिविर में लाभार्थियों को विभिन्न श्रेणियों का पट्टा देकर भूखंड मकान आरती का मालिकाना हक देकर लाभान्वित भी किया गया है साथ ही मौजूदा समय में मंडावरी नगर पालिका क्षेत्र में मास्टर प्लान बनाने का कार्य प्रगति पर है वहीं प्रशासन शहरों के संग शिविर के दौरान पट्टा देने के लिए कृषि भूमि खातेदारी भूमि का लेआउट बनाकर सुमोटो की प्रक्रिया भी की गई है।

## चातुर्मास के मंगल कलश स्थापना में जैन धर्मावलंबी उमड़े

**चाकसू, (निसं)।** श्री दिगम्बर जैन बडा मंदिर कोट चाकसू में रविवार को आचार्य शशांक सागर महाराज के चातुर्मास के लिए मंगल कलश स्थापना समारोह में जैन धर्मावलंबियों का सैलाब उमड पडा।

- साधु सेवा से मिलने वाले आशीर्वचन से धर्मलाभ मिलता है : आचार्य शशांक जी

मुनि संघ सेवा समिति चाकसू के मीडिया प्रभारी जगदीश जैन बैंक वाले के अनुसार आचार्य मुनिराज सिद्धांत सागर महाराज के शिष्य एवं साधु सेवा तीर्थ प्रणेता आचार्य शशांक सागर महाराज के 23वें चातुर्मास 2002 के शुभारंभ सकल जैन समाज द्वारा मंगल कलश की स्थापना के साथ शुरू किया गया। प्रातः अभिषेक पूजा, शांति धारा का आयोजन हुआ। आचार्य शशांक सागर महाराज ने अपने प्रवचन के दौरान चातुर्मास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह चार महिने समाज के लिए त्याग, तप, स्वाध्याय, साधना एवं धर्मानुसार बताए आचरण पर चलना होता है। साधु सेवा से मिलने वाले आशीर्वचन से धर्म का लाभ मिलता है। ध्वजारोहण का पुण्य चाकसू निवासी तेजमल अग्रवाल परिवार को एवं दीप प्रज्वलित करने का पुण्य निवाई निवासी धर्मचंद दिनेश कुमार चवंरिया वालों को मिला। कार्यक्रम के लिए बनाए गए पांडाल के उद्घाटन का पुण्य विमलादेवी बडजात्या को मिला है। समिति के अध्यक्ष अशोक गंगवाल एवं महामंत्री रमेश गोयल के अनुसार सभी धार्मिक गतिविधियों का संचालन दमोह निवासी पंडित डॉ अभिषेक जैन के मार्ग दर्शन में होंगे एवं नैनवां से आमंत्रित दुर्गेश जैन एण्ड पार्टी द्वारा भक्ति संगीत के विभिन्न कार्यक्रमों में श्रोता भाव विभोर हो उठे। उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार छाबडा अनुसार कलश स्थापना समारोह में ध्वजारोहण, दीप प्रज्वलन, पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेंट, संगीतमय गुरूपूजा, आचार्य मुनि शशांक सागर के आशीर्वचन के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुए।

## शिक्षा के क्षेत्र में समाज का गौरव बढ़ाने की विधायक ने अपील की

**मालपुरा, (निसं)।** अखिल भारतीय बैरवा महासभा मालपुरा टोडारायसिंह की नवीन कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे निवाई विधायक व पीसीसी महासचिव प्रशांत बैरवा ने सामाजिक कुरीतियों को त्याग शिक्षा के क्षेत्र में समाज का गौरव बढाने की समाज बंधुओं से अपील कर युवाओं को प्रेरित किया।

बस स्टेण्ड स्थित बैरवा धर्मशाला मे आयोजित समारोह मे विधायक प्रशांत बैरवा ने महासभा के नवीन अध्यक्ष रामस्वरूप बैरवा, महामंत्री रामदयाल बैरवा, शिवजीलाल बैरवा, कोषाध्यक्ष गोपाल बैरवा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामनारायण बैरवा व प्रवक्ता राजेन्द्र बैरवा सहित कार्यकारिणी के 60पदाधिकारियों व सदस्यों को समाजहित में सबको साथ लेकर उत्कृष्ट कार्य कर समाज को एकता के सूत्र मे फिरोने की सामुहिक शपथ दिलाई। इस अवसर पर विधायक बैरवा ने अजमेर रोड पर निर्माणाधीन छात्रावास विकास मे निजी कोष से 2 लाख रूपये के आर्थिक सहयोग की घौषणा कर आगे भी सहयोग का विश्वास दिलाया।



कार्यकारिणी के 60पदाधिकारियों व सदस्यों को सबको साथ लेकर उत्कृष्ट कार्य कर एकता के सूत्र में फिरोने की सामूहिक शपथ दिलाई।

अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक राकेश कुमार बैरवा सहित अन्य वक्ताओं ने भी समाज मे शिक्षा की अलख जगाने का संकल्प दोहरा युवाओं को प्रेरित किया। इस दौरान बडी संख्या मे मौजूद बैरवा समाज के प्रबुद्धजनो ने नवीन महासभा की कार्यकारिणी को माला व साफा पहना सम्मान से नवाजा गया। लावा सरपंच कमल जैन,डीआर छोगालाल गुर्जर,पूर्व उपप्रधान गोपाल गुर्जर,एडवोकेट गणपत बैरवा, गजेन्द्र बोहरा, रामफूल, कैलाश बैरवा सहित कांग्रेसजनों ने भी विधायक प्रशांत बैरवा का स्वागत किया।

## प्रशासन शहरों के संग अभियान को लेकर सीएम का प्रस्तावित दौरा रद्द

**कोटपूतली, (निसं)।** प्रशासन शहरों के संग अभियान के द्वितीय चरण के तहत सोमवार को कस्बा स्थित मोरीजावाला धर्मशाला में लगाये जाने वाले कैम्प का अवलोकन किये जाने को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का प्रस्तावित दौरा रद्द हो गया। उल्लेखनीय है कि रविवार अल सुबह मुख्यमंत्री के दौरे की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन का अमला व्यवस्थाओं की तैयारियों में जुट गया था।

वहीं जिला कलक्टर प्रकाश राज पुरोहित व जयपुर ग्रामीण एसपी मनीष अग्रवाल भी कोटपूतली पहुँच गये थे। प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत सोमवार दोपहर करीब 11 बजे मुख्यमंत्री गहलोत को जरिये हैलीकॉप्टर कोटपूतली पहुँचना था। जिसके लिए कस्बा स्थित राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय में हैलीपेड का निर्माण भी

- मुख्यमंत्री गहलोत को कोटपूतली में करना था पट्टों का वितरण

युद्ध स्तर पर किया जा रहा था। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर क्षेत्रीय विधायक व उच्च शिक्षा एवं गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने भी राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय एवं प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल मोरीजावाला धर्मशाला का अवलोकन करते हुए व्यवस्थायें जाँची। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। सभापति पुष्पा सैनी ने बताया कि अभियान के तहत मोरीजावाला धर्मशाला में प्रस्तावित कैम्प में 111 पट्टे दिये जाने है। साथ ही विभिन्न विभागों के काउन्टर भी कैम्प में लगाये जाकर आमजन की समस्याओं का निस्तारण किया जाना है। इसी कैम्प के निरीक्षण, अवलोकन व आमजन को पट्टे प्रदान करने एवं विभागीय गतिविधियों, राज्य सरकार की योजनाओं की समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री गहलोत का प्रस्तावित दौरा अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गया। लेकिन कैम्प सोमवार को बदस्तुर जारी रहेगा। जहाँ गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव बतौर मुख्य अतिथि पट्टों का वितरण करेंगें। इस दौरान सभापति प्रतिनिधि एड. दुर्गाप्रसाद सैनी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष छीत्तरमल सैनी, बी एल यादव, एडीएम जगदीश आर्य, एएसपी विधा प्रकाश, तहसीलदार सूर्यकांत शर्मा, डीएसपी डॉ. संध्या यादव, परिषद् आयुक्त फतेह सिंह मीणा, एसएचओ सवाई सिंह समेत बडी संख्या में अधिकारीगण मौजूद रहे।

## कड़ी सुरक्षा के बीच 28 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई रीट परीक्षा

**दौसा, (निसं)।** जिला एवं पुलिस प्रशासन की कडी सुरक्षा के बीच रविवार को दूसरे दिन जिले के 28 परीक्षा केन्द्रों पर रीट परीक्षा आयोजित की गई।

पहली पारी में 12 हजार 557 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया तथा दूसरी में 12 हजार 23 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। वही रविवार को दूसरे दिन भी कई परीक्षार्थी परीक्षा देने से वंचित रह गये। उधर परीक्षा समाप्ति के बाद शहर में यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई। यातायात पुलिसकर्मियों को भारी मशक्कत करनी पडी। जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। बिना जांच, परख के परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश नहीं दिया गया। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा बार बार चेतावनी दिये जाने के बावजूद कई परीक्षार्थी समय पर नहीं पहुंचे जिसके चलते पुलिसकर्मियों ने परीक्षार्थियों को प्रवेश नहीं दिया। अधिकांश परीक्षार्थी पुलिसकर्मियों के सामने गिडगिडाते रहें।

## भामाशाहों का अभिनंदन समारोह

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के बसंत प्रभु आदर्श विद्या मंदिर में सेवा भारती समिति द्वारा रविवार को कोटपूतली ब्लॉक के सरकारी स्कूलों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं एवं भामाशाहों का अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर समाजसेवी एड. अशोक कुमार बंसल, डॉ. आर आर यादव, मौजीराम गुर्जर, संतोष कुमार जैमन विभाग मंत्री, महेश कुमार गोयल प्रान्त सह मंत्री ने बतौर अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की।

# फलदार पौधों से किसानों की आय दुगनी होगी व आत्मनिर्भरता बढ़ेगी : कर्नल राठौड़

**जयपुर, (निसं)।**भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड रविवार को विधानसभा क्षेत्र आमेर में रहे। इस दौरान उन्होंने प्रातः 10 बजे जाहौता में हीरो मोटोकॉर्प द्वारा सीएसआर गतिविधि के तहत चलाए जा रहे हरियाली से समृद्धि की ओर कार्यक्रम में पौधा रोपण कर कृषि वानिकी परियोजना की शुरूआत की।

इस परियोजना में 101 किसानों को 200-200 फलदार पौधों का वितरण किया जायेगा जिससे उनकी आय बढेगी और आत्मनिर्भिर बन सकेंगे। साथ ही उन पौधों की अगले तीन साल तक देख रेख हो सके और ड्रिप ऐरिगेशन सिस्टम द्वारा पानी लगता रहे जिससे पानी की बचत हो। उसके लिए सभी किसानों को ड्रिप ऐरिगेशन सिस्टम फिल्टर के साथ उपलब्ध करवाया जायेगा। कर्नल राज्यवर्धन ने किसानों को तिरंगे भी भेंट किए और आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत 13 से 15 अगस्त के बीच अपने घरों पर तिरंगा लगाने की अपील की।



जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन ने आमेर विधानसभा क्षेत्र के जाहौता में वृक्षारोपण कर कृषि वानिकी परियोजना की शुरूआत की।

इस अवसर पर कर्नल राज्यवर्धन ने कहा हरियाली से ही जीवन में खुशहाली आएेगी। पानी जीवन के लिए बहुत आवश्यक है और हमें अपनी आने वाली पीढी के लिए ना केवल पानी बचाना है बल्कि यह भी कोशिश करनी पडेगी कि अधिक से अधिक मात्रा में बरसात हो। बरसात अधिक करने का हरियाली एक आसान तरीका है। राजस्थान में जल स्तर प्रतिवर्ष गिरता जा रहा है यह आने वाले समय के लिए एक गम्भीर समस्या है। हमारा फर्ज है कि हम आने वाली पीढ़ी के लिए अच्छे भविष्य का निर्माण करें, इस लिए हम सभी को हर वर्ष कम से कम एक वृक्ष लगाने का संकल्प लेना है। सिर्फ पौधा लगाने से ही काम नही चलेगा बल्की जिस प्रकार हम अपने बच्चो की परवरिश करते है उसी प्रकार उस वृक्ष की भी परवरिश भी करनी होगी। इसके बाद कर्नल राज्यवर्धन ने दोपहर 1 बजे चन्दवाजी में राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के जीर्णोद्धार कार्य और चेक डैम का उद्घाटन किया। उन्होंने क्षेत्र में चल कोरोना बूस्टर डोज कैम्प का भी निरीक्षण किया।

- चन्दवाजी में राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के जीर्णोद्धार कार्य और चेक डेम का उद्घाटन
- हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगे भेंट कर 13 से 15 अगस्त तक घर पर लगाने की अपील की

## सार-समाचार

### गोशालाओं के पदाधिकारियों तथा सरपंचों की बैठक




**अलवर, (निसं)।** आदर्श गौशाला समिति के तत्वारधान में रविवार को बानसूर क्षेत्र की समस्त गोशालाओं के पदाधिकारियों तथा सरपंचों की बैठक हुई। इसमें सरपंच खेडा, पूर्व सरपंच लोयती, सरपंच इन्द्राडा, पूर्व सरपंच बानसूर ने गोचर अतिक्रमण मुक्त करवाने के प्रयासो के बारे में बताया। सभी अध्यक्षों और सरपंचों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन के ढीलेपन के कारण अतिक्रमण कारियों के हौंसले बुलन्द है। गोचर नपने के बाद भी प्रशासन कब्जा नही दिलवा रहा है। सभा के अध्यक्ष राज गो सेवा समिति मुण्डनवाड़ा गोचर अतिक्रमण मुक्त करवाने के लिए राजनेताओं के ऊपर दबाव बनाने का आव्हान करते हुए कहा कि सभी गोशालाओं और पंचायता का एकसाथ सरकार के जमीर को जगाने का प्रयत्न करना चाहिए तभी प्रशासन की नींद टूटगी। आवश्यकता पड़ने पर सभी गोशालाएं एक साथ अपनी कार्य नीति बनाए।

### वाहनों के पलटने से आधा दर्जन घायल

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ग्राम सांगटेड़ा के निकट हुए सडक हादसे में एक बोलेरो कार व स्विफ्ट कार पलट जाने से दोनों गाडीयों में सवार करीब आधा दर्जन लोग गंभीर घायल हो गये। हादसे के सुचना पर पनियाला थाने के एएसआई रतनसिंह मैय जाप्ता मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को निजी वाहन से राजकीय बीडीएम अस्पताल पहुंचाते हुए राजमार्ग सुचारू करवाया। पुलिस के मुताबिक हादसे में सरिता पटेल, मायरा पटेल, श्रीमती कौशल्या देवी, श्रमती अशरफी देवी, दयाराम व रामसिंह गंभीर घायल हो गये। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सरिता पटेल, कौशल्या देवी व अशरफी की हालत गंभीर होने पर उन्हें जयपुर रैफर कर दिया। जबकी अन्य घायलों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रसत वाहनों को जप्त कर लिया है।

### कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय राजपूत छात्रावास में राजपूत सभा ब्लॉक कोटपूतली की कार्यकारिणी के चुनाव जिलाध्यक्ष मोती सिंह सावली, जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह बडनगर एवं चुनाव अधिकारी पृथ्वी सिंह जोधपुरा के निर्देशन में संपन्न हुए। जिसमें नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में सुरेंद्र सिंह तंवर बनेठी को अध्यक्ष, भागीरथ सिंह रायकरणपुरा को उपाध्यक्ष, श्याम सिंह रामनगर को महामंत्री, भोम सिंह कल्याणपुरा को संगठन मंत्री, विक्रम सिंह राघवजी की ढाणी को सहमंत्री, मेघराज सिंह भोजावास को कोषाध्यक्ष सहित 15 कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित किए गए।

### बाइक चोरी का मामला दर्ज

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय थाने में एक व्यक्ति ने बाइक चोरी का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार ग्राम भालोजी निवासी रामेश्वर पुत्र बुलाराम यादव ने दर्ज करवाया कि उसका लडका जितेन्द्र विगत 18 जुलाई की रात्रि को करीब 10 बजे कंवरपुरा स्टैण्ड स्थित डेयरी के पास अपनी मोटरसाईकिल नम्बर आर जे 32 एसएच 4340 खडी करके जागरण में गया था। जहाँ से अल सुबह प्रातः 3 बजे आकर देखा तो बाईक वहां नहीं थी। जिसे अज्ञात चोर चुरा कर ले गये।

### डिस्पेंसरी के पास से बाइक चोरी

**जयपुर (कासं)।** राजधानी के झोटवाड़ा इलाके में कांटा चौराहे पर सरकारी डिस्पेंसरी के पास से चोर बुधवार को एक मोटर साइकिल चोरी कर ले गए। वाहन चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैदी हो गई। पीड़ित सोनू मीणा निवासी हरमाड़ा घाटी सीकर रोड ने झोटवाड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया कि वह रोजाना कांटा चौराहा सरकारी डिस्पेंसरी के पास काम करने आता है। बुधवार को उसने अपनी बाइक ऑफिस के बाहर खड़ी कर दी। शाम को काम खत्म करने के बाद जब वह घर जाने के लिए पार्किंग में पहुंचा तो वहां उसे बाइक गायब मिली। आसपास तलाश करने पर भी उसे बाइक का कुछ पता नहीं चला। इस पर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। ऑफिस के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने पर एक युवक बाइक को चोरी कर ले जाता हुआ दिखाई दिया। इस पर पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया। हालांकि चार दिन गुजर जाने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला है।

### ग्रामीणों ने लगाए 121 पौधे

**निवाई, (निसं)।** गांव गोविन्दपुरा में ग्रामीणों ने श्मशान घाट के मिट्टी की चार दीवारी करवाकर परिसर में पौधारोपण करवाया। पर्यावरण प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव केदार शर्मा ने बताया कि ग्रामीणों ने आपस में पैसे एकत्रित कर अपने ही बजट से श्मशान घाट में जेसीबी से मिट्टी की बाउंड्री करवाकर रविवार को 121 पौधे लगाकर उनका संरक्षण करने का संकल्प लिया।

## 27वीं कावड़ यात्रा शिवाड़ के लिए गाजे-बाजे के साथ रवाना



कावड़ यात्रा के श्याम मंदिर पर पहुंचने पर पालिकाध्यक्ष दिलीप ईसरानी के नेतृत्व में सभी कावड़ियों का माला पहनाकर स्वागत किया।

**निवाई, (निसं)।** शिवशक्ति सेवा मंडल के तत्वावधान में रविवार को 27वीं कांवड यात्रा शिवाड के लिए गाजे-बाजे के साथ रवाना हुई।

मंडल के सदाशिव नायर एवं नरेंद्र माहुर ने बताया कि रविवार को राधादामोदर कुंडों से 54 कावंडियों ने कावड में जल भरकर ध्वज की विधिवत पूजा अर्चना कर गाजे-बाजे के साथ शिवाड धाम के लिए रवाना हुए। कावंड यात्रा गणगौरी बाजार, चौहट्टी बाजार, सब्जी मंडी, बडा बाजार, अहिंसा सर्किल होते हुए श्याम मंदिर पहुंची। कांवड यात्रा में भजनों पर श्रद्धालु नाचते गाते चल रहे थे। कांवड यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। कावड यात्रा श्याम मंदिर पर पहुंचने पर पालिकाध्यक्ष दिलीप ईसरानी के नेतृत्व में सभी कावंडियों का माला पहनाकर स्वागत किया। कावंडियों ने श्याम बाबा श्याम के दर्शन कर शिवाड धाम के लिए रवाना हो गए। सोमवार की सुबह कावडिएं द्वारा भगवान घुश्मेश्वर महादेव का अभिषेक किया जाएगा। इस अवसर पर सुरेंद्र दाधीच, मनीष कैसोट, संजय पाराशर, रमेश शिवराज, कैलाश, जगदीश, रामबाबू गुप्ता, कृष्ण सिंह व भंवर सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

- श्याम मंदिर पर पालिकाध्यक्ष ने कावड़ियों का किया स्वागत

## संक्षिप्त

### भैंस चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**डिग्गी, (निसं)।** डिग्गी थाना पुलिस ने चोरी की एक भैंस बरामद कर दो आरोपियों को गिरप्तार किया। डिग्गी थानाधिकारी सतयनारायण चोधरी ने बताया कि आरोपी मोहसीन पुत्र शमशुदीन निवासी अविकानगर मालपुरा व ओमप्रकाश पुत्र मदन लाल बागरिया निवासी डूंगरीकला को गिरप्तार कर उनके कब्जे से एक भैंस बरामद की गई हे। डूंगरीकला निवासी गजराज सिंह पुत्र हरिसिंहि दरोगा ने दिनाकं 23 जुलाई 2022 को डिग्गी थाने मे भैंसे चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। डिग्गी थानाधिकारी ने बताया कि मामले मे आरोपियों से पूछताछ की जाएगी।

### भूतेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया

**टोंक, (निसं)।** राष्ट्रीय संत दिव्य मुरारी बापू द्वारा श्रीमंशापूर्ण भूतेश्वर महादेव मन्दिर में चल रही महाशिवपुराण कथा के दौरान रविवार को भूतेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया। प्रचार मंत्री मनोज मिश्रा ने बताया कि रविवार को राष्ट्रीय संत दिव्य मुरारी बापू ने श्रावण माह में श्रीमंशापूर्ण भूतेश्वर महादेव का जलाअभिषेक किया और भगवान शिव का पंचामृत से अभिषेक कराकर पूजा अर्चना कराई। इस अवसर पर घनश्याम दास महाराज, मन्दिर अध्यक्ष बबलू बन्ना भगवतसिंह राणावत, उपाध्यक्ष गोपाल जडिया, महेन्द्र बंसल, नाथूलाल गुर्जर, बाबूलाल जांगिड, कैलाश मामा विजयवर्गीय, शंकर लाल विजयवर्गीय मनोज मिश्रा मौजूद थे।

### बारिश से कच्चे घर की दीवार ढही

**अलवर, (निसं)।** मालाखेडा पंचायत समिति क्षेत्र में ग्राम ढाकपुरी में दो दिन से हो रही बारिश के चलते शनिवार रात को अचानक कच्चे घर की दीवार धराशाही होने से घर में सो रहे परिवार के लोग बाल बाल बच गए। सरपंच सुनिता राजेश यादव ने बताया कि पंचायत के पप्पी हरिजन पुत्र धन्नाराम हरिजन का कच्चे घर की तेज बारिश के चलते दीवार धराशाही हो गई। जिससे परिवार बेघर हो गया। वहीं घर में सो रहे लोग दीवार ढहने के दौरान बाल बाल बच गए। परिवार के लोगों के रहने के लिए आवास को लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण के लिए एसडीएम व बीडीओ को पत्र भेजा गया है ताकि पिडित परिवार को आशियाना मिल सके।

### एक्सईएन ऑफिस का उद्घाटन आज

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** विधायक दीपेंद्र सिंह शेखावत 25 जुलाई सोमवार को साय 5 बजे श्रीमाधोपुर कस्बे में पंचावाली रेलवे अंडरपास के पास स्थित विद्युत विभाग के कार्यालय में एक्सईएन ऑफिस का उद्घाटन करेंगे। इससे पूर्व दोपहर 11 बजे ग्राम पृथ्वीपुरा में कार्यकर्ताओं से मिलेंगे, 12:30 बजे शिवराम का बास में पेयजल योजना का शिलान्यास करेंगे व दोपहर 1 बजे ग्राम कल्याणपुरा में कार्यकर्ताओं से मिलेंगे।

### किशोर योगी महासचिव नियुक्त

**टोंक, (निसं)।** अखिल भारतीय पिछडा वर्ग महासभा के प्रदेशाध्यक्ष कन्हैया लखेरा अलीगढ ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी मुकेश यादव तथा राजस्थान प्रभारी रविन्द्र रवि मेरठ की सहमति तथा राष्ट्रीय सचिव दिनेश सैन झींगर की अनुशंसा पर अपनी नवीन प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया है। कार्यकारिणी में टोंक निवासी किशोर योगी को महासचिव पद पर नियुक्त किया गया है।

# अंतर्राज्यीय बैंक डकैती गिरोह का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार



एक्सिस बैंक में चोरी की वारदात का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**बहरोड/भिवाडी, (निसं)।** जिला पुलिस भिवाडी ने 4 जुलाई 2022 को भिवाडी में स्थित एक्सिस बैंक की शाखा में छह मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए बदमाशों ने बैंक के कर्मचारियों व ग्राहकों को हथियारों की नोक पर बंधक बनाते हुए बैंक के लॉकर में रखे 94 लाख रुपए सहित लॉकर में रखे सोने के आभूषण बैग में भरकर फरार हो गए थे। जो लगभग 1 करोड 25 लाख की डकैती थी।

भिवाडी जिला पुलिस ने उक्त डकैती को गंभीरता से लेते हुए आईपीएस शांतनु

> ■ 4 जुलाई को भिवाड़ी स्थित एक्सिस बैंक में आए बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया था

कुमार के निर्देशन में भिवाडी पुलिस के उच्च स्तरीय अधिकारियों सहित लगभग 45 की संख्या में नियुक्त 5 टीमों ने एक्सिस बैंक में हुई डकैती की वारदात का खुलासा करते हुए बैंक डकैती के 3 मुख्य अभियुक्तों सहित एक सहयोगी महिला को भी गिरफ्तार करते हुए अंतरराज्यीय बैंक डकैती गिरोह का पर्दाफाश किया। भिवाडी पुलिस की पांच टीमों ने अथक प्रयास करते हुए बैंक डकैती के आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिसमें आरोपियों के अलग-अलग क्षेत्रों में होने की वजह से गिरफ्तारी करना एक बडी चुनौती थी परंतु पुलिस टीम भिवाडी ने हवाई मार्ग व सडक मार्ग अपनाते हुए एक साथ अलग अलग तीन स्थानों से बैंक डकैती के आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए अंतरराज्यीय बैंक डकैती गिरोह के आरोपियों को पकडने में कामयाब रही।

डकैती के आरोपियों को पकडने की कार्यवाही के दौरान जितेंद्र सोलंकी थानाधिकारी फूलबाग ने पुलिस टीम के साथ हवाई मार्ग से नेपाल बॉर्डर पहुंचकर आरोपी जमील अख्तर सुभानी व मुकेश को गिरफ्तार किया। वहीं मुकेश कुमार डीएसटी प्रभारी ने टीम के साथ सीतापुर उत्तर प्रदेश से आरोपी सत्यम शुक्ला को गिरफ्तार किया तथा हरविलाश डीएसटी प्रभारी ने टीम के साथ दिल्ली से महिला आरोपी उमारानी को गिरफ्तार किया। इस दौरान भिवाड़ी पुलिस ने अलग-अलग शहर तथा कस्बों के हजारों सीसीटीवी फुटेज को खंगालते हुए आरोपियों तक पहुंची। जिसमें तकनीकी विश्लेषण व बेहतरीन कार्यशैली के चलते भिवाड़ी पुलिस ने अंतरराज्यीय बैंक डकैती गैंग का पर्दाफाश किया। कार्यवाही के दौरान बड़ी कार्यवाही करते हुए 5 पिस्टल मय मैगजीन, 2 खाली मैगजीन, 40 जिंदा कारतूस, वारदात में प्रयुक्त स्कॉर्पियो गाडी व जैमर, 2 लाख 67 हजार रुपए नकदी तथा आरोपियों से शेष बरामदगी के प्रयास जारी हैं। गिरफ्तार मुल्जिमों में जमील अख्तर सुभानी पुत्र सफीक आलम निवासी उत्तरी दिनाजपुर पश्चिम बंगाल, मुकेश कुमार पुत्र प्रदीप महता बसमतिया अररिया बिहार, सत्यम शुक्ला पुत्र रजनीश निवासी ग्राम बहिया बहरामपुर जिला सीतापुर उत्तरप्रदेश, उमारानी पुत्री नंदलाल निवासी चन्द्रलोक सोसायटी थाना मानसरोवर पार्क दिल्ली शामिल हैं।

### महिलायों ने प्रशिक्षण लेकर खुद बनाए सूट और बांटे

**अलवर, (निसं)।** अलवर में कुछ जरुरतमन्द महिलायों ने खुद सिलाई का व्यवसायिक परीक्षण लिया और अब उन्होंने सीखकर सूट सिलाई की जो खुद के लिए ही नहीं गरीब महिलायों को भी वितरित किए।

खान चंद चिमनी बाई हजरती ट्रस्ट की ओर से नेक कमाई के सहयोग से रविवार को दाउदपुर में आत्म विस्वास केंद्र में सिलाई सीख रही महिलायों को उनके सिले हुए सूट वितरित किए। इन महिलायों को अंतोयदय फाउंडेशन की ओर से सिलाई की ट्रेनिंग दी जाती है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहा कि इन महिलायों से सतीश भाटिया ट्रस्ट के सहयोग से 20 हजार कपडे के थैले बनवाकर निशुल्क वितरित किए जाएंगे। नेक कमाई समूह की ओर से संरशक मीना तनेजा ने स्वागत किया। विश्वविधालय के सहायक कुलसचिव आशुतोष शर्मा ने नेक कमाई समूह के कार्यक्रमो की जानकारी दी। समाजसेवी दौलत राम हजरती ने इस कार्यक्रम की जानकारी दी। इस अवसर पर अध्यक्षता प्रदीप आर्य ने की। इस अवसर पर मँजू चौधरी अग्रवाल,मीना तनेजा,गणपति महोत्सव समिति के अध्यक्ष अविनाश गुप्ता, सचिव रविन्द्र गर्ग, समाजसेवी राजेश विरमानी, प्रेम गांधी, किशन चंद गांधी, राम दयाल अरोरा, हरप्रकाश मुंजाल ने विचार व्यक्त किये।

### कलेक्टर एवं एसपी ने कावड़ यात्रियों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**अलवर, (निसं)।** जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी एवं पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने रविवार को शहर में कावड यात्रियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने टैल्को सर्किल के पास कावड यात्रियों के लिए बनाए गए शिविर समेत अन्य शिविरों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा कावड यात्रियों से बातचीत कर अलवर जिले की कावड यात्रियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। कावड यात्रियों ने अवगत कराया कि अलवर जिला प्रशासन द्वारा कावड यात्रियों के लिए बेहतरीन है। जिले में प्रवेश के साथ ही शिविर व्यवस्था के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था आदि के इंतजाम व्यवस्थित है। उन्होंने जिला प्रशासन के द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की।

## विप्र सेना का युवा शक्ति संगम एवं प्रतिभा सम्मान समारोह

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** विप्र सेना के तत्वाधान में रविवार को माहेश्वरी धर्मशाला श्रीमाधोपुर में युवा शक्ति संगम एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।

विप्र सेना के श्रीमाधोपुर तहसील अध्यक्ष मुकेश कुमार शर्मा ने बताया कि सूर्य मंदिर लोहागर्ल धाम के जगद्गुरु रामानुजाचार्य महंत स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के सानिध्य में आयोजित के मुख्य अतिथि विपश्यना के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ लोकेश चतुर्वेदी थे। विप्र सेना के संरक्षक मक्खन लाल शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री संगठन महेश शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष हरि नारायण महंत, मोहर सिंह गौड, विप्र सेना प्रदेश प्रमुख दिनेश दादिया, सरपंच हांसपुर प्रतिनिधि सुभाष शर्मा, गौड विप्र परिषद के पूर्व अध्यक्ष जटाशंकर व्यास, राजस्थान ब्राह्मण महासभा के जिला महामंत्री दिनेश शर्मा, विप्र सेना युवा अध्यक्ष गोपाल सुधाकर शर्मा, भामाशाह प्रकाश हरसुखा, देवीकीन्नदन



विभिन्न सेवाओं से जुडी 125 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विप्र सेना के संरक्षक डा लोकेश चतुर्वेदी ने कहा कि समाज की शैक्षिक प्रतिभाओं को समाज के समर्थ बंधुओं को संरक्षण देना चाहिए। इस अवसर सह शैक्षिक, खेल कूद सामाजिक पत्रकारिता, चिकित्सा व स्वास्थ्य से जुडी 125 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। अतिथियों का स्वागत विधानसभा अध्यक्ष मुकेश शर्मा, नागेश शर्मा, नीतिन तिवाडी, पंकज शर्मा, पवन गोठवाल,अजय लोकनाथका, अमित जोशी ने किया। मंच संचालन दिलीप स्वामी ने किया। कार्यक्रम में श्रीमाधोपुर गौड़ विप्र परिषद के जटाशंकर व्यास, पूर्व मंत्री राजेन्द्र कुमार नायनकाजोशी, नागरमल लोकनाथका, नंदकिशोर शर्मा, रामजीलाल शर्मा, पार्षद सुनील पुरी, आदि उपस्थित थे।

### अनन्या साबू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**फुलेरा, (निसं)।** हाल ही में सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें कक्षा 12 वीं के विज्ञान संकाय में सैंट एन्सेल्म स्कूल की



अनन्या साबू

विद्यार्थी एवं फुलेरा की निवासी अनन्या साबू पुत्री अमित साबू ने 97.40 अंक प्राप्त कर फुलेरा विधानसभा में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता सहित क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है। सैंट एन्सेल्म स्कूल के फादर सीजू ने बताया कि अनन्या ने परीक्षा में श्रेष्ठ अंक प्राप्त कर सम्पूर्ण फुलेरा विधानसभा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं अनन्या की माता अनुपमा ने बताया कि अनन्या की पढाई के प्रति शुरुआत से रूचि है एवं पढाई के मामले में स्वयं जागरूक रहती है और साथ ही कडी मेहनत करती है। परीक्षा में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने पर साबू को उनके परिचितो व रिश्तेदारों ने मोबाइल पर एवं व्यक्तिगत रूप से बधाइयाँ और शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की गई।



दौसा जिला युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों की बैठक रविवार को डाक बंगला में जिला अध्यक्ष प्रकाश मुडियाखेडा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इधर बैठक से पूर्व युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने गांधी तिराहें पर महंगाई, बेरोजगारी एवं ईडी व सीबीआई का दुरुपयोग का आरोप लगाते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला फूंका। युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव भरत शर्मा, जिला परिषद सदस्य मेघराम नांदरी, महवा विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष हरेंद्र गुर्जर, विनोद पीलोडी, पार्षद कैलाश वाल्मीकि, फराज खान, दुर्गाशंकर उदाला, मोईन खान, रोशन मीना राजपुरा, सिकराय ब्लाक अध्यक्ष बजरंग लाखनपुरा, जितेंद्र मीना, मंडावर ब्लॉक अध्यक्ष अशोक गुर्जर, रामराज महवा, संजय मुंडियाखे?ए रितिक वाल्मीकि, विक्रम सांथा, मुनेश मीना, गोपाल मीणा आदि युवा कांग्रेस पदाधिकारियो ने बैठक एवं प्रदर्शन में भाग लिया।

### विधायक की अनुशंसा पर 24 सड़कों के लिए 10 करोड़ मंजूर

**किशनगढबास, (निसं)।** विधायक दीपचंद खैरिया की अनुशंसा पर सरकार ने 24 नोन पेचेबल मिसिंग लिंक सडकों के लिए 10 करोड रुपए मंजूर किए हैं।

विधायक खैरिया के निजी मीडिया सहायक सुनील कान्त गोल्डी ने बताया कि राजस्थान सरकार के बजट घोषणा सत्र 2022-23 की पालना में विधानसभा किशनगढबास में 10 करोड की नॉन पेचेबल व मिसिंग लिंक सडकों की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है।

इसमें मिर्जापुर से चोंडावता 63 लाख, धमुकड गाँव से चावंडिया 34 लाख, किशनगढबास नौगांवा सडक से मॉडल स्कूल चोरबसई 60 लाख, बाघोडा स्कूल से संत बास 75 लाख, दौलतपुर से गूगलहेडी 34 लाख, टांकाहेडी से सेवखेडा 50 लाख, तरवाला से टोहरी 18 लाख, तरवाला से मीरका बसई 34 लाख, खैरथल नगर पालिका सडक से टहटडा 47 लाख, माचा से इलियास के घर तक 41 लाख, जगता बसई सडक से राताकला 48.50 हजार, धोलियानो के बास से बाझोट 41 लाख, बघेरीखुर्द से सुराया 50 लाख, डालावास से मिरदावास ब्लॉक सीमा तिजारा 37 लाख, चाचियावास से बडसरा 34 लाख, मेन सडक से ढाकी की ढाणी करवड 34 लाख, संपर्क सडक सरजीत का बास बाघोर तहनोली 17.50 हजार नूरा के घर से हुसेपुर तिबारा 46 लाख, मेन सडक पर कॉलगांव स्कूल 34 लाख, आलमपुर से बघाना अपटू हरियाणा सीमा 85 लाख, संपर्क सडक चांदपुर 8 लाख, संपर्क सडक दुमहेडा 34 लाख, संपर्क सडक नूरनगर 35 लाख रुपए राशि विभाग की ओर से स्वीकृत की गई है। 24 नॉन पेचेबल व मिसिंग लिंक सडकों की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति विभाग द्वारा जारी की गई है।

## सार-समाचार

### फुलेरा में कावड़ यात्रियों का स्वागत



**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा कस्बे में रविवार को प्रात: तीर्थस्थल देवयानी सरोवर से कावड यात्रा लेकर आ रहे यात्रियों का फुलेरा के गांधी चौक निवासी धर्मप्रेमी महावीर प्रसाद जैन व उनकी पत्नि सुनिता जैन ने स्वागत कर अल्पाहार एवं जल-पान भी करवाया। महावीर प्रसाद जैन ने बताया कि भगवान की भक्ति करने के अनेक तरीके है, जिसके अंतर्गत विभिन्न कार्य किये जा सकते है। जिसमें पानी की प्याऊ, गायों को चारा खिलाना, भूखे को भोजन कराना आदि कार्य करने से भी पुण्य लाभ मिलता है। इस अवसर पर अनेक कावङ यात्रीयों सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।
फोटो : कार्यक्रम के दौरान कावङ यात्री एवं धर्मप्रेमी

### रीट पात्रता परीक्षा दूसरे दिन शांतिपूर्वक सम्पन्न



**टोंक, (निसं)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा शिक्षक भर्ती हेतु आयोजित दो दिवसीय रीट पात्रता दूसरे दिन रविवार को शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। जिसमें हजारों अभ्यार्थियों ने शांतिपूर्वक परीक्षा दी। टोंक शहर में रीट परीक्षा को देखते प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियो के साथ पूरे शहर में पुलिस जवान गश्त के तैनात रहे। पहली पारी में परीक्षा को लेकर जिला मुख्यालय पर 24 केन्द्र बनाए गए है, जिसमें रविवार को पहली पारी में सुबह 10 से साढे 12 बजे तक प्रथम लेवल एंव दूसरी पारी 3 से साढे 5 बजे तक द्वितीय लेवल की परीक्षा आयोजित हुई। पहली पारी में 10 हजार 207 को परीक्षा देनी थी लेकिन 99 हजार 38 परीक्षार्थी ही पहुंचे तथा 260 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार 22 केन्द्रों पर द्वितीय पारी में भी 9464 में से 8846 में परीक्षा दी और 618 अनुपस्थित रही। परीक्षा में किसी भी प्रकार की गडबडी रोकने के लिये इस बार सभी केन्द्रों पर सरकारी वीक्षकों की ही ड्यूटी लगाई जाकर प्रत्येक केन्द्र पर एक-एक पैपर कॉर्डिनेटर, 5 केन्द्रों पर जोनल फ्लाइंग व 10 केन्द्रों पर एरिया फ्लाइंग का गठन किया गया है। इसके अलावा परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरों से भी पूरी निगरानी रखी जा रही है। परीक्षा सम्पन्न होने के बाद बस स्टेण्ड पर इस बार जिले से ही अधिक परीक्षार्थी होने से भीड भाड नही देखी गई। लेकिन घण्टाघर चौराहा, पटेल सर्किल, सिविल लाईन आदि जगहों पर पर परीक्षा छूटने के बाद वाहनो की लाईने लगने से थोडी देर तक सडक पर जाम बना रहा।

### सीबीएसई परीक्षा में लहराया परचम

**निवाई, (निसं)।** स्थानीय भगवानदास पारीक ड्रीम स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 10 की परीक्षा में परचम लहराया है। विद्यालय के निदेशक शची पारीक ने बताया कि कोरोना वैश्वीक महामारी के चलते विद्यालय के छात्रों को शिक्षकों द्वारा उच्च स्तर की शिक्षा प्रदान की गई। उन्होंने



आदेश जैन, अजय चौधरी, आस्था पारीक।

बताया कि विद्यालय के छात्रा आस्था पारीक ने 96.40 प्रतिशत, अजय चौधरी ने 91.40 प्रतिशत एवं आदिश जैन ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय के गुरूजनों एवं माता-पिता, शहर व विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि सीबीएसई परीक्षा में विद्यालय का शत प्रतिशत परिणाम रहा है।

### कार की टक्कर से दम्पति घायल

**निवाई, (निसं)।** गांव मूंडिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर सडक दुर्घटना में मोटरसाईकिल पर सवार एक दंपति गंभीर घायल हो गए। सदर थानाधिकारी कप्तान सिंह ने बताया कि रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गांव मूंडिया के समीप कार ने एक मोटरसाइकिल के टक्कर मार दी जिससे दो जने घायल हो गए। सूचना पर 108 एंबुलेंस और पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर घायलों को एंबुलेंस से राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में भर्ती करवाया। रविवार को गांव पराणा से मोटरसाइकिल पर सवार होकर सुरेशचंद्र चौधरी अपनी पत्नी कविता चौधरी निवासी पराणा जयपुर जा रहे थे। मूंडिया बाईपास पर एक कार ने उनकी मोटरसाइकिल के टक्कर मार दी जिससे दोनों घायल हो गए एवं कार का संतुलन बिगड जाने से कार पटल गई। अस्पताल में कविता की हालत चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने उसको जयपुर रेफर कर दिया तथा उसके पति का अस्पताल में उपचार जारी है।

### थानाधिकारी ने ली बैठक

**मालपुरा, (निसं)।** पचेवर थानाधिकारी रतन सिंह ने रविवार को नगर पंचायत मुख्यालय पर सरपंच पति राजू सिंह की अध्यक्षता में कावड यात्रा समिति की बैठक ली। बैठक में कावड यात्रा संयोजक मंगल सिंह, देवेश लक्षकार सहित ग्रामीण मौजूद रहे। कावड यात्रा को लेकर थाना प्रभारी ने समिति से चर्चा करते हुए कहा कि कावड यात्रा धार्मिक आयोजन है। भगवान शिव का अभिषेक पूर्ण विधि विदान से की जाने के लिए कावड यात्रा निकालने से पूर्व गृह विभाग द्वारा जारी गाईडलाईन व धारा 144 के नियमो की पालना करते हुए प्रशासनिक स्वीकृति ले तथा यात्रा मे शामिल श्रद्धालू किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली नारेबाजी व भडकाऊ गानो का प्रयोग नही करे। प्रशासन द्वारा निर्धारित किये गये मार्ग से कावड यात्रा निकाले।

### गौ माता के लिए दो हजार रेडियम बेल्ट तैयार

**टोंक, (नि.स.)।** दीपक बिधूडी टीम द्वारा गौ माता की सुरक्षा के लिए एक ऐसी दुर्घटनाओं को देखते हुए दो हजार रेडियम बेल्ट तैयार किए हैं। रात्रि में वाहन चालक को लाइट बॉक्स लाइट फोक्स यह रेडियम बेल्ट दिखाई देती है, जिसकी वजह से गौ माता सुरक्षित रहती है। अब तक टोंक, तारण, चंदलाई, घांस, ककोड, ढिकोला, उनियारा, अलीगढ, चूरू, पचाला, कुस्तलाण सहित अनेक स्थानों पर लगा चुके है। गौ माता की सेवा में अभिषेक गुर्जर, बादल रघुवंशी, सचिन गुर्जर, आकाश रघुवंशी, कान्हा साहू, विनोद साहू, लविश पंडित, अंकित जांगिड, उनियारा टीम चेतन सैनी, संजय मीणा, पवन मेहता, विक्की गुर्जर, अंकित गोयल, आरटीओ ऑफिस आशीष विजय वालो का बहुत सहयोग रहा। इन सभी गौ सेवकों द्वारा गौ माता की सुरक्षा के लिए रेडियम बेल्ट लगाये गये है। गौ सेवकों ने बताया रेडियम बेल्ट लगाने से वाहन चालक को दूर से ही दिखाई दिया जाता है।

### चोरों ने मंदिर को बनाया निशाना

**चाकसू, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के बाईपास के आगे स्थित ग्राम पंचायत निमोडिया के बालाजी मंदिर से रात में दो दान पेटी के ताले तोडकर नगदी लेकर अज्ञात चोर फरार हो गए। सुबह जब दर्शन आरती के लिए मंदिर पहुंचे तब दान पेटी से चोरी की जानकारी मिलने पर स्थानीय ग्रामीणों का जमावडा लग गया। ग्रामीणों ने रोष प्रकट करते हुए बताया कि यहां पहले भी तीन बार चोरी हो चुकी है और प्रशासन चोरों को पकडने की तरफ कोई ध्यान नहीं दे पा रहा है। ग्रामीणों ने चोरी की वारदात के लिए स्थानीय पुलिस को सूचना दी है।

### पानी निकासी के लिए पक्की नाली नहीं होने से मकानों में आई दरार

**चाकसू, (निसं)।** कस्बे के वार्ड 19 अस्पताल रोड पर स्थित मामोडिया मोहल्ला से एसबीबीजे बैंक के खुरे पर पानी निकासी के लिए पक्की नाली का निर्माण नहीं होने से घरों का एवं बरसात का पानी मकानों में जा रहा है।

इससे आसपास के मकानों में सीलन और मकान में दरारें आने की शिकायतें लगातार आ रही है जिससे उनके मकान में दरारे आने से बरसात के दिनों में छत से पानी टपकने लगा है तो वही सडक पर पक्की नाली का निर्माण नहीं होने से नींव में भी पानी रम रहा है जिससे मकानों में सीलन हमेशा बनी रहती है।

इस कारण मकान गिरने का खतरा मंडराने लगा है। बार-बार नगरपालिका में पानी की निकासी की मांग कर चुके स्थानीय लोगों की समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

इस संबंध में वार्ड पार्षद सलमान खान ने बताया कि वार्ड नंबर 19

> ■ वार्ड पार्षद सलमान खान ने पार्षदों की सुनवाई नहीं होने का लगाया आरोप

मूलभूत सुविधाओं से पिछडा वार्ड है। करीब 8 माह पूर्व यहां रोड बनाई गई थी जिसके दोनों साइड अभी तक नालियां नहीं है।

मेरे स्वयं के मकान में पानी जाने से मकान फट गया और पानी नीचे गिरने लगा। वही पार्षद पति सफीक खान ने बताया कि स्वयं मेरी पत्नी पार्षद होने के कारण मौखिक रूप से कई बार सेक्रेटरी साहब, चेयरमैन साहब, ठेकेदार सबको अवगत कराया है अब पोजीशन मकान गिरने की जैसी आ चुकी है जब हम स्वयं पार्षदों की सुनवाई नहीं होती तो किसकी सुनवाई होगी।

## जल निकासी नहीं होने से अनेक कॉलोनियों में जलभराव की समस्या

**पावटा, (निसं)।** जलभराव की समस्या लोगों के लिए मुसीबत बन रही है। कुछ दिनों से रुक-रुककर बारिश होने के कारण जगह जगह कॉलोनियों में जल निकासी नहीं होने के कारण सडकों पर पानी भर गया। जलभराव के कारण लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पडा।

जलभराव के बाद लोगों को डेंगू फैलने का डर सता रहा है। वार्ड न. 7 पार्षद विजय गुप्ता ने बताया कि नाली व सडक नहीं होने से यहां जलभराव की समस्या होती है। नाली व सडक बनने से ही जलभराव की समस्या से निजात मिल सकती है। बारिश होने पर वार्ड न.7 सब्जी मंडी में पानी भर गया। वही नीरज सैन, वीरेंद्र बंसल ने बताया कि वार्ड न.14 शर्मा कॉलोनी के पास राजस्थान स्कूल के पीछे मकानों के बाहर रास्ते में बरसात का दूषित पानी भरा हुआ है। इस दूषित पानी में कई



कॉलोनियों में जल निकासी नहीं होने से सड़कों पर पानी भर गया।

परिवार रहने को मजबूर हो गए हैं। कॉलोनी से बाहर आने जाने में लोगों को दिक्कतों का सामान करना पड रहा है। वही महेश शर्मा ने बताया कि वार्ड नं. 5 श्याम कॉलोनी सडक पर पानी जमा होने पर वही गोल्डी लगाकर मिट्टी खोदकर कीचड कर दिया गया। लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। सर्विस रोड पर जल भराव हादसो

> ■ लोगों को बीमारी फैलने का डर सता रहा है

को न्यौता दे रहा है। वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में कई दिनों से बरसात का दूषित पानी भरा हुआ है। दूषित पानी के भरे होने से अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए संक्रमण व डेंगू का खतरा बढ गया है बावजूद इसके नगरपालिका के जिम्मेदार अधिकारी अभी तक दूषित पानी निकलवाने की कोई उचित व्यवस्था नहीं करवाई है। डॉक्टरों की माने तो अस्पताल परिसर में बरसात का दूषित पानी भरा होने से मरीजों में संक्रमण बढने का खतरा कई गुना बढ जाता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि नाले की सफाई नहीं होने की कारण जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है। लोगों का कहना है कि नाले की सफाई और सीवर की समस्या को दुरुस्त किया जाना चाहिए।



बिल्कुल, अगर हमें ऐसे आयोजनों में खेलने का मौका मिले तो यह महिला क्रिकेट के लिये अच्छा है। महिला क्रिकेट को बहु-राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शामिल करना गेम-चेंजर हो सकता है। - **हरमनप्रीत कौर**

**भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तान, राष्ट्रमंडल खेलों को लेकर।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶** **अश्विनी पोनप्पा**



**राष्ट्रमंडल** खेलों में 12 साल पहले पदार्पण करते हुए महिला युगल में एतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की युगल विशेषज्ञ बैडमिंटन खिलाड़ी अश्विनी पोनप्पा चौथी बार इन खेलों में हिस्सा लेने की तैयारी कर रही हैं। उनके स्मैश पहले की तरह दमदार हैं और वह विरोधी खिलाड़ियों की सर्विस और रिटर्न को अब भी काफी अच्छी तरह से भांप लेती हैं। राष्ट्रमंडल खेलों में दो स्वर्ण सहित पांच पदक, विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली दो बार की ओलंपियन अश्विनी 28 जुलाई से शुरू हो रहे खेलों में एक बार फिर अपना दम दिखाने को तैयार हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम है। लारा ने 1994 में वारविकशायर की तरफ से डरबन के खिलाफ 501 रन की नाबाद पारी खेली।

# नीरज ने विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में 19 साल बाद भारत को दिलाया रजत


## पहले भारत का एकलौता विश्व चैम्पियनशिप पदक 2003 में आया था जब अंजू बॉबी जॉर्ज ने महिला लंबी कूद में कांस्य पदक जीता था

यूजीन, 24। टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने शनिवार (भारत में रविवार सुबह) को इतिहास रचते हुए विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप की भाला फेंक प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। नीरज ने अमेरिका के यूजीन में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में 88.13 मीटर के थ्रो के साथ भारत को 19 साल बाद विश्व चैंपियनशिप पदक दिलाया। इससे पहले भारत का एकलौता विश्व चैंपियनशिप पदक 2003 में आया था जब अंजू बॉबी जॉर्ज ने महिला लंबी कूद में कांस्य पदक जीता था।

इसी के साथ नीरज विश्व चैंपियनशिप में भारत के लिये पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय और पहले पुरुष एथलेटिक्स बन गये। चोपड़ा के फाइनल की शुरुआत फाउल के साथ हुई। 24 वर्षीय नीरज ने दूसरे और तीसरे प्रयास में क्रमश: 82.39 मीटर और 86.37 मीटर का थ्रो किया।

भारत को ओलंपिक में पहला स्वर्ण दिलाने वाले नीरज ने चौथे प्रयास में वापसी करते हुए 88.13 मीटर का थ्रो किया, जिसकी बदौलत वह दूसरे स्थान पर पहुंच गये। उनका पांचवां और आखिरी थ्रो हालांकि फाउल रहा, लेकिन वह भारत को विश्व चैंपियनशिप का पहला रजत दिलाने में कामयाब रहे।

पूर्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने अपने खिताब की रक्षा करते हुए 90.54 मीटर के थ्रो के साथ लगातार दूसरी बार स्वर्ण हासिल किया। वहीं, ओलंपिक के रजत पदक विजेता जुकुब वाडलेक को 88.9 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। इसी इवेंट में भारत के रोहित यादव ने 78.72 मीटर थ्रो के साथ 0वें स्थान पर रहे। इससे पहले के उनके दो प्रयास 77.96 मीटर और 78.05 मीटर रहे थे।




### यूजीन में हवा बेहद तेज थी : नीरज

यूजीन, 24 जुलाई। भारत के शीर्ष जैवलीन थ्रो खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने शनिवार (भारत में रविवार सुबह) को विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने के बाद कहा कि परिस्थितियां उनके अनुकूल नहीं थीं, लेकिन वह देश के लिये पदक जीतकर ख़ुश हैं। नीरज ने यूजीन में आयोजित संवाददाताओं से बात करते हुए कहा, ''मौजूदा परिस्थितियां अनुकूल नहीं थीं। हवा की गति बहुत तेज थी, लेकिन मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने का भरोसा था। अंत में, मैं परिणाम से संतुष्ट हूं। मुझे खुशी है कि मैं अपने देश के लिए पदक जीतने में सफल रहा।'' नीरज हर बार पहले प्रयास में अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो करने के लिये पहचाने जाते हैं, लेकिन यूजीन में उनका पहला प्रयास फाउल रहा, जिसका मुख्य कारण हवा की गति थी। यहां तक कि नीरज ने विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में जो छह प्रयास किये, उनमें से तीन फाउल करार दिये गये। नीरज ने पांचवे प्रयास में 88.13 मीटर का थ्रो किया जिसने उन्हें रजत पदक दिलाया। इसके अलावा उन्होंने 82.39 मीटर और 86.37 मीटर के वैध प्रयास किये।

### मोदी ने नीरज की ऐतिहासिक जीत पर दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता नीरज चोपड़ा को उनकी ऐतिहासिक जीत पर बधाई देते हुए रविवार को कहा कि यह भारतीय खेलों के लिए एक विशेष क्षण है। मोदी ने ट्वीट करके नीरज को बधाई दी और कहा, हमारे सबसे प्रतिष्ठित एथलीटों में से एक द्वारा एक बड़ी उपलब्धि! विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ऐतिहासिक रजत पदक जीतने पर नीरज चोपड़ा को बधाई। यह भारतीय खेलों के लिए एक विशेष क्षण है।

### मैं भी शुरू में नीरज चोपड़ा जैसी स्थिति में थी : अंजू

ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा जब अमेरिका के यूजीन में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में इतिहास रच रहे थे, तब अपने जमाने की दिग्गज एथलीट और लंबी कूद खिलाड़ी अंजू बॉबी जॉर्ज बेंगलुरू में उस स्थिति को याद कर रही थी जब उन्होंने भी खराब शुरुआत से उबरकर कांस्य पदक जीता था। चौबीस वर्षीय चोपड़ा फाइनल में पहले तीन दौर के बाद चौथे स्थान पर थे लेकिन चौथे प्रयास में उन्होंने 88.13 मीटर भाला फेंककर शानदार वापसी की और रजत पदक हासिल किया।

## राष्ट्रमंडल खेलों में वापसी करना चाहेंगे अमित पंघाल और लवलीना

नयी दिल्ली, 24 जुलाई। भारतीय मुक्केबाज जब राष्ट्रमंडल खेलों में रिंग पर उतरेंगे तो अमित पंघाल तोक्यो ओलंपिक खेलों की निराशा जबकि लवलीना बोरगोहेन विश्व चैंपियनशिप के लचर प्रदर्शन को भुलाकर वापसी करने की कोशिश करेंगे।

मौजूदा विश्व चैंपियन निकहत जरीन पर भी सभी की निगाहें टिकी रहेंगी जो अपना स्वर्णिम अभियान जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। निकहत ने हाल में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में खिताब जीता और इसके बाद प्रतिष्ठित स्ट्रेंडजा मेमोरियल टूर्नामेंट और फिर विश्व चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक हासिल किये। यह अलग बात है कि इस 26 वर्षीय मुक्केबाज को राष्ट्रमंडल खेलों में अलग तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

निकहत 52 किग्रा में खेलती हैं लेकिन राष्ट्रमंडल खेलों में उन्हें 50 किग्रा में भाग लेना होगा। उन्हें और उनके प्रशिक्षकों को यह देखना होगा कि वह इस नए भार वर्ग में कैसे सामंजस्य बिठाती है जिससे कि वे पेरिस ओलंपिक के लिए उनका भार वर्ग तय कर सकें।

जहां तक लवलीना का सवाल है तो यह वर्ष उनके लिए उतार-चढ़ाव वाला रहा। असम की इस मुक्केबाज ने पिछले साल तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था और तभी से उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है।

इस 24 वर्षीय मुक्केबाज ने स्वीकार किया तोक्यो ओलंपिक के बाद के तमाम कार्यक्रमों में भाग लेने से उनका ध्यान भंग हुआ और इससे उनके प्रदर्शन पर भी प्रभाव पड़ा। विश्व चैंपियनशिप में दो बार की कांस्य पदक विजेता लवलीना इस बार शुरुआत में ही बाहर हो गई थी। ऐसे में वह राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतकर इस निराशा को दूर करने की कोशिश करेंगी।

पंघाल (51 किग्रा) ने पिछली बार गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था। इसके अलावा उन्होंने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक हासिल किया था। उन्हें ओलंपिक में पदक का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन वह प्री क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाए थे।

## शतक से चूके चांदीमल, श्रीलंका 315/6

गॉल, 24 जुलाई। श्रीलंका ने दिनेश चांदीमल (80), एंजेलो मैथ्यूज़ (42) और निरोशन डिकवेला (42 नाबाद) की पारियों की बदौलत पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल खत्म होने तक रविवार को 315 रन बना लिये। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी का फैसला किया और सलामी बल्लेबाज़ों ने टीम को मज़बूत शुरुआत दिलायी। गॉल की पिच पहले टेस्ट मैच की तरह स्पिन गेंदबाज़ों की सहायता नहीं कर रही थी, जिसका फायदा उठाते हुए ओशादा फर्नांडिस ने तेज़ी के साथ अपना अर्धशतक पूरा किया, हालांकि वह 50 रन पर पहुंचते ही आउट हो गये। फर्नांडिस ने 70 गेंदों की अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाये। फर्नांडिस के बाद कुशल मेंडिस (3) जल्द आउट हो गये, और डिमुथ करुणारत्ने (40) भी थोड़ी देर बाद यासिर शाह की गेंद पर रिवर्स स्वीप लगाने के प्रयास में पवेलियन लौट गये। इसके बाद मैथ्यूज़ और चांदीमल ने विकेट पर समय बिताते हुए चौथे विकेट के लिये 75 रन की साझेदारी की। मैथ्यूज़ ने 42 रन की अपनी पारी में 106 गेंदें खेलकर पांच चौके लगाये।

### पोलैंड के पिकार्डो ने जीता तिहरी कूद स्वर्ण

यूजीन, 23 जुलाई। पोलैंड के पेड्रो पिकार्डो ने शनिवार (भारत में रविवार सुबह) को यहां विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की तिहरी कूद के पहले प्रयास में ही 17.95 मीटर की दूरी तय करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। बुर्किना फासो के ह्यूग्स फेब्रिस ज़ांगो 17.55 के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि चीन के झू यामिंग ने 17.31 के सीज़न के साथ कांस्य का दावा किया। कोई भी एथलीट पेड्रो के पहले प्रयास से आगे नहीं बढ़ सका और पोलैंड के खिलाड़ी ने स्वर्ण हासिल किया।

### कनाडा ने अमेरिका को हराकर 100 मीटर रिले स्वर्ण जीता

यूजीन, 23 जुलाई। कनाडा ने शनिवार (भारत में रविवार सुबह) को पुरुषों की 4 गुणा 100 मीटर रिले दौड़ जीतने की पसंदीदा अमेरिका को पछाड़ते हुए विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण हासिल किया। पुरुष के 100 और 200 मीटर में सभी छह पदक जीतने वाली अमेरिकी टीम 4100 मीटर के पहले तीन चरणों में आगे थी, लेकिन चौथे चरण में खराब पास के कारण कनाडा से पिछड़ गयी। नतीजतन, ऐरन ब्राउन, जेरोम ब्लेक, ब्रेंडन रॉडनी और आंद्रे डी ग्रास की कनाडाई टीम ने 37.48 सेकंड में दौड़ को पूरा कर स्वर्ण हासिल किया, जो रजत पदक जीतने वाली अमेरिका से सिर्फ 0.07 सेकंड आगे था। ब्रिटेन ने 37.83 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

## स्मिथ करना चाहते थे आत्महत्या, अब विश्व चैम्पियनशिप में जीता पदक

यूजीन, 23 जुलाई। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 400 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतने वाले ब्रिटेन के मैथ्यू हडसन-स्मिथ ने खुलासा किया है कि वह कोरोना महामारी के दौरान चोट, कर्ज और अकेलेपन के कारण मानसिक तनाव से जूझ रहे थे और आत्महत्या करना चाहते थे।

हडसन-स्मिथ ने शुक्रवार को 44.66 सेकंड में दौड़ को पूरा करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि अमेरिका के माइकल नॉर्मन और ग्रेनाडा के किरानी जेम्स क्रमशः पहले व दूसरे स्थान पर रहे।

हडसन-स्मिथ ने विश्व चैंपियनशिप में ब्रिटेन का चौथा पदक जीतने के बाद कहा, ''मैं 2021 में बुरी तरह मानसिक तनाव से जूझ रहा था। यह बात बहुत लोगों को नहीं पता है, लेकिन मैंने आत्महत्या करने की कोशिश तक की थी।''

उन्होंने कहा, ''मैं दौड़ते हुए भी अपने दुख के बारे में ही सोचता था। मैं प्रतियोगिताओं में यह जानते हुए हिस्सा लेता था कि मैं अपना 100 प्रतिशत नहीं दे पा रहा हूं। आपके ऊपर बहुत दबाव होता है क्योंकि कई लोगों को आपसे बेहतर की उम्मीद होती है।'' ब्रिटिश खिलाड़ी ने बताया कि वह पिछले वर्ष ओलंपिक में हिस्सा नहीं ले पाये जिसके बाद उनके प्रायोजकों ने उन्हें एक-एक करके छोड़ना शुरू कर दिया और अमेरिका में रहते हुए वह कर्ज़ के तले दबते गये।

उन्होंने कहा, ''मैं कई कारणों से ओलंपिक में नहीं जा पाया। कोविड के दौरान मैं अमेरिका में फंसा हुआ था। मुझे अमेरिका पसंद है लेकिन मैं अपने परिवार के साथ रहना चाहता था। वह मुश्किल वक्त था। मुझे याद है कि मैंने कई लोगों से खेल छोड़ने के बारे में बात की थी। मेरी मां और अन्य लोगों ने कहा था कि मुझे ऐसा नहीं करना चाहिये। अब मैंने अपना ऋण भी चुका दिया है, प्यूमा मेरा नया प्रायोजक है और अब मैंने यह पदक भी जीत लिया है।''

हडसन-स्मिथ ने कहा कि अपना पहला मेडल जीतने के बाद उनका आत्मविश्वास लौट आया है। उन्होंने कहा, ''मैंने अपना नाम देखा और मैं ज़मीन पर गिर गया। ये तीन साल बेहद मुश्किल रहे हैं। विश्व मंच पर यह मेरा पहला पदक है। बहुत से लोग यहां से आगे बढ़ते हैं। कुछ भी संभव है।''

### जेहान दारूवाला फार्मूला 2 चैम्पियनशिप के फ्रेंच राउंड में दूसरे स्थान पर रहे

ली केस्टेलेट (फ्रांस), 24 जुलाई। भारतीय ड्राइवर जेहान दारूवाला यहां फार्मूला 2 चैम्पियनशिप के फ्रेंच राउंड में दूसरे स्थान पर रहे जिससे उन्होंने सत्र में छठा पोडियम स्थान हासिल किया। रविवार को जेहान ने 'फीचर रेस' ग्रिड में 10वें स्थान से शुरू की और सातवें स्थान पर पहुंच गये। फिर उन्होंने ओवरआल दूसरा स्थान हासिल किया। इस सत्र में वह पांचवीं बार दूसरे स्थान पर रहे। इटली की टीम प्रेमा के लिये रेसिंग करने वाले 23 साल के ड्राइवर ने कहा, "सिल्वरस्टोन और आस्ट्रिया में जो हुआ, उसके बाद पोडियम स्थान पर वापसी करना अच्छा है। हमें कुछ विभाग में काम करना है और मुझे पूरा भरोसा है कि हम हंगरी में अगले हफ्ते मजबूत वापसी करेंगे। ''

## वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे में धीमी ओवर गति के लिए भारत पर जुर्माना

पोर्ट आफ स्पेन, 24 जुलाई। भारतीय क्रिकेट टीम पर यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले एकदिवसीय मुकाबले में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मैच रैफरी रिची रिचर्डसन ने पाया कि शिखर धवन की अगुआई वाली भारतीय टीम ने निर्धारित समय में एक ओवर कम फेंका जिसके बाद उन्होंने यह जुर्माना लगाया।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बयान में कहा, "खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ से जुड़ी आईसीसी आचार संहिता के न्यूनतम ओवर गति से जुड़े नियम 2.22 के तहत खिलाड़ियों पर उनकी टीम के निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर कम फेंकने पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। "

धवन ने इस अपराध को और प्रस्तावित सजा को स्वीकार कर लिया है जिससे औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। मैदानी अंपायरों जोएल विल्सन और लेस्ली रीफर, तीसरे अंपायर ग्रेगरी ब्रेथवेट और चौथे अंपायर नाइजेल डुगुइड ने ये आरोप लगाए। भारत ने पहले एकदिवसीय मैच में वेस्टइंडीज को तीन रन से हराया।

# विंडीज ने भारत को दिया 312 रन का लक्ष्य

पोर्ट ऑफ स्पेन, 24 जुलाई। ओवनर शेई होप के शतक (115) की मदद से वेस्टइंडीज ने दूसरे एकदिवसीय में भारत के विरुद्ध 6 विकेट पर 311 रन बनाये। होप ने कप्तान निकोलस पूरन के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 117 रन की साझेदारी कर विंडीज को मजबूत स्थिति में ला दिया। पूरन ने 77 गेंद पर 74 रन बनाए जिसमें एक चौके छह छक्के लगाये। उन्हें शार्दुल ठाकुर ने बोल्ड किया। हॉप 135 गेंद पर 115 रन बनाकर आउट हुए उन्हें शार्दुल ठाकुर की गेंद पर अक्षर पटेल ने लपका।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करनी उतरी वेस्टइंडीज की टीम के सलामी बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत दी। काइल मेयर्स और शाई होप के बीच पहले विकेट के लिए 55 गेंदों में 65 रन की साझेदारी हुई। मेयर्स 23 गेंद में 39 रन बनाकर पैवेलियन लौटे। दूसरे वकिट के लिए ब्रुक्स और होप के बीच 74 गेंद में 62 रन की साझेदारी हुई। ब्रुक्स 35 रन बनाकर आउट हुए। ब्रैंडने किंग बिना खाता खोले आउट हुए।

भारत के लिए आवेश खान वनडे डेब्यू कर रहे हैं। वह भारत के लिए 9 टी-20 मैच खेल चुके है और इस फॉर्मेट में 8 विकेट ले चुके है। प्रसिद्ध कृष्णा की जगह उन्हें दूसरे वनडे में मौका मिला है। वेस्टइंडीज की टीम में भी एक बदलाव हुआ है। गुडाकेश मोत की जगह हेडन वॉल्श को जगह दी गई है।



## बारिश में धुला इंग्लैंड-द. अफ्रीका मैच, श्रृंखला 1-1 पर समाप्त

लीड्स, 24 जुलाई। इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच रविवार को खेला गया मैच बारिश के कारण रद्द हुआ और तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुई। श्रृंखला के पहले मैच में जहां दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को 62 रन से मात दी थी, वहीं इंग्लैंड ने दूसरे मैच में वापसी करते हुए प्रोटियाज़ को 118 रन से हराया था। वर्षा के कारण रद्द होने से पहले मैच में 27.4 ओवर फेंके गये। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। सलामी बल्लेबाज़ जानेमन मलान 11(18) रन बनाकर आउट हो गये, जिसके बाद क्विंटन डि कॉक और रैसी वान डर डुसेन ने दूसरे विकेट के लिये 75 रन जोड़े। आदिल रशीद की गेंद पर जॉनी बेयरस्टो को कैच थमाने से पहले वान डेर डुसेन ने चार चौकों की मदद से 26 (38) रन बनाये। मैच समाप्त होने से पहले डि कॉक 92 (76) और एडेन मार्करम 24 (34) रन बनाकर क्रीज़ पर मौजूद थे। डेविड विली और आदिल रशीद को एक-एक विकेट प्राप्त हुआ।

# भारत की विकेटकीपर बल्लेबाजी करुणा जैन ने लिया संन्यास

मुम्बई, 24 जुलाई। भारत की पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज़ करुणा जैन ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की है। उन्होंने 2004 से 2014 के बीच भारत के लिए 44 वनडे, पांच टेस्ट और नौ टी20 मैच खेले हैं। 36 वर्षीय करुणा ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में लिखा, ''बहुत ख़ुश और संतुष्ट भावनाओं के साथ मैं क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर रही हूं। साथ ही मैं उम्मीद करती हूं कि भविष्य में भी इस खेल के प्रति अपना योगदान देने में सफल रहूंगी।''

उन्होंने आगे लिखा, ''मैं इस अवसर पर उन सभी लोगों को धन्यवाद देना चाहती हूं, जो शुरू से ही मेरी क्रिकेट यात्रा का हिस्सा रहे हैं। मेरे सभी कोच, सहयोगी स्टाफ़ और मेरी टीम के सभी साथी, जिन्होंने मुझे मेरे करियर के दौरान भरपूर साथ दिया, मैं उनको धन्यवाद देती हूं। मैं उन सभी लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहती हूं, जिन्होंने मुझे खेल और जीवन के बारे में कुछ सिखाया है, जिन्होंने मुझे आज एक बेहतर खिलाड़ी और बेहतर व्यक्ति बनाने का प्रयास किया है। यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है।

यह उन सभी लोगों के बिना संभव नहीं होता।'' करुणा ने 2004 में लखनऊ में वेस्टइंडीज के ख़िलाफ़ अपना वनडे



डेब्यू किया था। उस मैच में उन्होंने नाबाद 68 रन बनाया था और डेब्यू मैच में अर्धशतक लगाने वाली सिर्फ़ पांचवीं भारतीय महिला बनी थीं। किसी भी विकेटकीपर बल्लेबाज़ के द्वारा डेब्यू वनडे मैच में यह अभी भी तीसरा सर्वोच्च स्कोर है। इसके अलावा करुणा भारत के लिए महिला वनडे शतक बनाने वाली केवल दो विकेटकीपरों में से एक हैं । वह अभी भी वनडे शतक बनाने वाली चौथी सबसे कम उम्र की भारतीय महिला होने का रिकॉर्ड रखती हैं।

करुणा ने लिखा ''मेरे परिवार ने मेरा सबसे ज़्यादा समर्थन किया है। मेरे भाई ख़ुद एक क्रिकेटर हैं, उनकी वजह से यह खेल मेरे लिए और आसान बन गया। उन्होंने मुझे बेहतर प्रदर्शन करने के लिए लगातार प्रेरित किया। मेरे परिवार के समर्थन और त्याग के कारण ही मैं लंबे समय तक इस खेल में योगदान देने में सफल रहीं।''

करुणा ने भारत के लिए खेलते हुए एक विकेटकीपर के तौर पर कुल 58 बल्लेबाज़ों के शिकार किए, यह किसी भी भारतीय विकेटकीपर के लिए तीसरा सर्वाधिक है। करुणा ने घरेलू क्रिकेट में ज़्यादातर कर्नाटक के लिए क्रिकेट खेला। वह एयर इंडिया की टीम में भी थी। साथ ही 2018-19 में वह नागालैंड के टीम से खेल रही थीं। घरेलू क्रिकेट में अपना ऑफ़ ब्रेक गेंदबाज़ी से उन्होने आठ विकेट भी झटके हैं। वह 2005 महिला विश्व कप टीम का हिस्सा थीं, जहां भारत उपविजेता रहा था। उन्होंने 2013 में महिला विश्व कप और 2014 में महिला टी 20 विश्व कप भी खेला था।

## ब्रंट बनी इंग्लैंड के लिये अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज

वॉर्सेस्टर, 24 जुलाई। इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की तेज़ गेंदबाज़ कैथरीन ब्रंट अपने सुसज्जित करियर में एक और रिकॉर्ड जोड़ते हुए अंतरराष्ट्रीय टी20 में इंग्लैंड के लिये सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज़ बन गयी हैं।

ब्रंट ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शनिवार को खेले गये टी20 मैच में लौरा वुलवाड्र्ट का विकेट लेकर अंतरराष्ट्रीय टी20 में 103 विकेट पूरे किये। उन्होंने इस मैच में 24 रन देकर एक विकेट हासिल किया। ब्रंट अपने अंतरराष्ट्रीय टी20 करियर में 99 मैच खेलकर 18.7 की औसत से 103 विकेट ले चुकी हैं।

इस बीच, इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम ने शनिवार को खेले गये मैच में दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से मात दी। प्रोटियाज़ ने इंग्लैंड के सामने 149 रन का लक्ष्य रखा था जिसे उन्होंने एक ओवर रहते ही हासिल कर लिया। इसी के साथ इंग्लैंड ने तीन मैचों की टी20 श्रंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है।

क्रिकेट स्कॉटलैंड के प्रवक्ता ने यहां जारी बयान में कहा कि क्रिकेट स्कॉटलैंड तत्काल प्रभाव से स्पोर्ट्सकोटलैंड के साथ साझेदारी में काम करेगा ताकि आने वाले दिनों में संगठन और खेल के लिए उचित प्रशासन, नेतृत्व और समर्थन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि ''क्रिकेट में नस्लवाद की रिपोर्ट'' के प्रकाशन के बाद इन व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी।

क्रिकेट स्कॉटलैंड के बोर्ड ने अपने त्याग पत्र में कहा, ''नस्लवाद के बारे में उठाए गए मुद्दों के लिए एक संपूर्ण, निष्पक्ष और त्वरित समाधान देना, और खेल के शासन को बदलना और आधुनिक बनाना क्रिकेट स्कॉटलैंड जैसे छोटे संगठन के लिये अपने आप में दो बड़ी चुनौतियां हैं। हम स्पोर्ट्सकोटलैंड से अब तक प्राप्त महत्वपूर्ण समर्थन को स्वीकार करते हैं, और हम जानते हैं कि वे तेजी से प्रगति सुनिश्चित करने के लिए साझेदारी में काम करना जारी रखेंगे।''

उन्होंने कहा कि जब पिछले साल स्कॉटलैंड क्रिकेट में नस्लभेद की जांच के आदेश दिये गये थे, तब वे इसके पूर्णत: पक्षधर थे। बोर्ड ने कहा, ''समीक्षा ने अद्वितीय स्तर का जुड़ाव हासिल किया है और हमें विश्वास है कि यह वास्तव में परिवर्तनकारी होगा, न केवल क्रिकेट स्कॉटलैंड और क्रिकेट के लिए, बल्कि यह स्कॉटिश खेल और सामान्य रूप से समाज को बदलाव का एक महत्वपूर्ण मौका प्रदान करेगा।''

उन्होंने कहा, ''बोर्ड इस समीक्षा के निष्कर्षों को पूरी तरह से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि स्कॉटलैंड में क्रिकेट के खेल को समावेशी बनाया जा सके। हम सभी को वास्तव में खेद है और हम स्कॉटलैंड क्रिकेट में नस्लवाद या किसी भी तरह का भेदभाव अनुभव करने वाले सभी लोगों से सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगते हैं।''



*नैशनल गैलरी ऑफ स्कॉटलैण्ड के कंज़र्वेटर्स विन्सैंट वैन गो की पेंटिंग "हैड ऑफ अ पैज़ैन्ट वुमन" का एक्सरे करते समय हैरान रह गए जब उन्हें कैनवस के पीछे लगे गत्ते में वैन गो का एक सैल्फ पॉर्ट्रेट छुपा हुआ नज़र आया। सीनियर पेंटिंग कंज़र्वेटर लैसली स्टीवैन्सन ने कहा कि, प्रदर्शनी से पहले लिए जा रहे एक्सरे में लैड वाइट पिंगमैंट दिखाई दिया, जिसका इस्तेमाल वैन गो ने अपने चेहरे को पेंट करने के लिए किया था। वैन गो पैसा बचाने के लिए अक्सर कैनवस का दोबारा उपयोग करते थे और अधिकतर कैनवस के पीछे भी पेंट करते थे। वैन गो का सैल्फ पोर्टेट संभवतः 1905 में उस समय खो गया था जब वैन गो के भाई की पत्नी ने यह कैनवस एम्स्टर्डम में एक प्रदर्शनी के लिए दिया था। एग्ज़ीबिशन में क्यूरेटर्स ने इस सैल्फ पोर्ट्रेट को अधूरी कृति मान कर इस पर गत्ता चिपका दिया, फ्रेमिंग से पहले कैनवस को सुरक्षित और मजबूत करने के लिए। स्कॉटलैण्ड के म्यूज़ियम के अनुसार, यह कृति वैन गो की सैल्फ पोर्ट्रेट की उस श्रृंखला का हिस्सा हो सकती हैं जो उसने वर्ष 1887 के ग्रीष्म काल में बनाई थी। इससे कुछ वर्ष पूर्व उसने उपरोक्त कृषक महिला की तस्वीर बनाई थी। पांच अन्य सैल्फ पोर्ट्रेट उसने नीदरलैंड्स के एक शहर न्युएन में बनाए थे, जहां वह दो साल तक रहा था। सैल्फ पोर्ट्रेट का एक्सरे आगामी प्रदर्शनी में दिखाया जाएगा। फ्रैंच आर्ट के सीनियर क्यूरेटर फ्रांसिस फाओल ने कहा, "इस तरह के क्षण दुर्लभ होते हैं, जैसे हमें विश्व के सर्वाधिक महत्वपूर्ण और लोकप्रिय कलाकारों में एक, वैन गो की एक अज्ञात कृति मिली है।" यह कृति, वैन गो के एक कलाकार के रुप में विकसित होने की कहानी बयान करती है। वर्ष 1886 में अपने भाई के पास पैरिस आने के बाद वैन गो नए कलाकारों से मिले और भावप्रवण शैली की पेंटिंग के साथ नए प्रयोग करने लगे। फाउले ने कहा, "यह काल, जब उन्होंने सैल्फ पोर्ट्रेट बनाने शुरु किए, उनके परिपक्व होने का मुख्य आधार बना और उन्होंने विशिष्ट स्टाइल के साथ प्रयोग करना शुरु कर दिया।" हालांकि सैल्फ पोर्ट्रेट की स्थिति क्या है यह अज्ञात है, पर कंज़र्वेटर्स कोशिश करेंगे कि कृषक महिला के सिर को क्षति पहुंचाए बिना ही इस पोर्ट्रेट को दुनिया के सामने लाया जा सके। यह कृति 1960 में म्यूज़ियम के संग्रह में आई थी, एक वकील ने अपनी मृत पत्नी के सम्मान में इसे दान किया था।*

# स्मृति ईरानी ने कांग्रेस नेताओं को लीगल नोटिस भेजा

## ईरानी ने पवन खेड़ा व जयराम रमेश को लिखित में बिना शर्त माफी मांगने के लिए कहा है

■ **कांग्रेस ने स्मृति ईरानी की बेटी पर गोवा में गैर कानूनी तरीके से बार चलाने का आरोप लगाया है।**

नई दिल्ली, 24 जुलाई। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अपनी बेटी को लेकर दिए बयानों के मामले में कथित तौर पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा, जयराम रमेश, नेता डिसूजा के साथ-साथ कांग्रेस का कानूनी नोटिस भेजा है। रिपोर्ट के मुताबिक नेताओं से ईरानी ने लिखित में बिना शर्त माफी मांगने और अपने आरोपों की तत्काल वापस लेने के लिए कहा है। एक दिन पहले शनिवार को ईरानी ने कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार करते हुए किसी भी गलत काम का सबूत दिखानी की बात कही थी।

दरअसल, शनिवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने प्रेस कांफ्रेंस करके स्मृति ईरानी पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि उनकी 18 साल की बेटी के नाम पर बार चलाया जा रहा है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा हम मांग करते हैं कि प्रधानमंत्री तुरंत स्मृति ईरानी का इस्तीफा लें। ईरानी पर ये आरोप नहीं दस्तावेज हैं जिन्हें आरटीआई से लिया गया है। स्मृति ईरानी की बेटी के द्वारा गोवा में चल रहे बार पर फर्जी लाइसेंस रखने का आरोप है। ये सब गैरकानूनी तरीके से हुआ।

शनिवार को ही केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस के आरोप को दुर्भावनापूर्ण बताते हुए शनिवार को खारिज कर दिया कि उनकी बेटी गोवा में एक अवैध बार चलाती है। ईरानी ने दावा किया कि नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया और राहुल गांधी की 5,000 करोड़ रुपये की लूट पर उसकी मां के मुखर रुख के कारण एक कॉलेज छात्रा (केंद्रीय मंत्री की पुत्री) को निशाना बनाया गया है। ईरानी ने कहा कि, कांग्रेस ने उनकी बेटी के चरित्र पर प्रहार किया और उसे क्षत विक्षत किया। उन्होंने विपक्षी दल कांग्रेस को किसी भी गलत काम का सबूत दिखाने की चुनौती दी।

गोवा कांग्रेस ने शनिवार को यहां केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के स्वामित्व वाले रेस्तरां में अवैध गतिविधियां के बारे में जांच करने की मांग की है।

गोवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित पार्टकर ने शहर में पत्रकारों से बात करते हुए आरोप लगाया कि केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री के रेस्तरां में आबकारी नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आबकारी लाईसेंस एक मृत व्यक्ति के नाम से लिया गया है, एक भूत कैसे शराब के लाईसेंस के आवेदन कर सकता है।

इस आदमी की मौत 17 मई 2021 को हुई थी और उसी के नाम से 22 जून 2022 को लाईसेंस के नवीनीकरण के लिए आवेदन किया गया। इस बड़े घोटालें में एसआईटी ने जांच क्यों नहीं की।

पार्टकर ने पूछा कि भाजपा के मंत्रियों को इस तरह की खुली छूट क्यों मिली हुई है जबकि आम आदमी का सरकार लगातार उत्पीड़न कर रही है। उन्होंने ने कहा कि इस मामले पर ईरानी को स्पष्ट होना चाहिए।

# पायलट ने दिल्ली में मु.मंत्री बघेल के साथ हिमाचल प्रदेश चुनाव पर मंत्रणा की

## जैसा कि विदित है कि, कांग्रेस हाईकमान ने पायलट को हिमाचल विधानसभा चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है

■ **बैठक में पंजाब के वरिष्ठ नेता प्रताप सिंह बाजवा व कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला भी मौजुद रहे।**

■ **भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का गृह जिला होने के कारण कांग्रेस पार्टी हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों को लेकर बेहद गंभीर है।**

नई दिल्ली, 24 जुलाई। राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों को लेकर रविवार को दिल्ली में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पंजाब के वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा संग रणनीति पर मंथन किया।

सचिन पायलट छत्तीसगढ़ के सदन में बैठक में शामिल हुए। बैठक में राज्यसभा सदस्य राजीव शुक्ला भी मौजूद रहे। बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैठक में हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर मंथन किया गया है। उल्लेखनीय है कांग्रेस आलाकमान ने सचिन पायलट को हिमाचल प्रदेश विधानसभा के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। सचिन पायलट चुनावों के लिए रणनीति बनाएंगे और सीधे कांग्रेस आलाकमान को रिपोर्ट करेंगे। हालांकि, पायलट संग पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा को भी अटैच किया गया है। जबकि सीएम भूपेश बघेल को वरिष्ठ पर्यवेक्षक बनाया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का गृह राज्य होने के कारण कांग्रेस भाजपा के किले में सेंध लगाना चाहती है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का गृह जिला होने के कारण कांग्रेस पार्टी हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों को लेकर बेहद गंभीर है। इसलिए कांग्रेस आलाकमान ने सचिन पायलट को जेपी नड्डा के किले में सेंध लगाने के लिए पर्यवेक्षक बनाया है। हिमाचल प्रदेश में हर पांच साल बाद सरकार बदलने का ट्रेंड रहा है।

कांग्रेस पार्टी चाहती है कि यह ट्रेंड बरकरार रहे। हिमाचल प्रदेश जीतने के लिए कांग्रेस नेताओं ने रणनीति बनाई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजीव शुक्ला परदे के पीछे सत्ता के लिए समीकरण बना रहे है। राजीव शुक्ला ने हाल ही में हिमाचल प्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष खिमीराम और महिला मोर्चा की नेता इंदु वर्मा को पार्टी में शामिल कराकर भाजपा को तगड़ा झटका दिया।

कांग्रेस आलाकमान ने सचिन पायलट को रणनीति के तहत हिमाचल प्रदेश का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। हिमाचल के लगभग सभी विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 10 से 5 हजार गुर्जर वोटर है। हिमाचल प्रदेश में गुर्जर मतदाता एसटी में शामिल है। हिमाचल प्रदेश के केवल चंबा जिले में ही 25 हजार से अधिक गुर्जर रहते हैं। इन्हें राज्य सरकार ने वर्ष 1988 में ही जनजाति का दर्जा दे दिया था। हालांकि हिमाचल की राजनीति ठाकुरों और ब्राह्मण निर्णायक भूमिका में रहते हैं। लेकिन कोई भी राजनीति दल गुर्जर समुदाय की अनदेखी करना चाहता है। कांग्रेस चाहती है कि गुर्जरों के वोट विधानसभा चुनाव में मिले। सचिन पायलट ही गुर्जर वोटर को पार्टी से जोड़ सकते हैं।

# कोविड

नयी दिल्ली, 24 जुलाई (वार्ता)। पिछले 24 घंटे में देश में करोना से ठीक होने वाले लोगों की संख्या इसकी चपेट में आने वाले नए मरीजों की तुलना कम रही। इस वजह से सक्रिय मामले 2100 बढ़कर 1,52,200 हो गये।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने रविवार को यहां बताया कि सुबह सात बजे तक 201.99 करोड़ टीके दिये जा चुके हैं, इसमें पिछले 24 घंटे में दिए 2883489 टीके भी शामिल हैं।

मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटे में कोविड-19 संक्रमण के 20279 नए मामले सामने आने से कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 43888755 हो गयी है। देश में 2100 सक्रिय मामले बढ़ने इनकी कुल संख्या 152200 तक पहुंच गयी है। देश में कोरोना संक्रमण के नए मामले सामने आने के साथ सप्ताहिक दर 4.46 प्रतिशत हो गयी है, जबकि दैनिक दैनिक संक्रमण 5.29 फीसदी है। वहीं रिकवरी दर 98.45 प्रतिशत और मृत्यु दर 1.20 प्रतिशत है। देश में पिछले 24 घंटे में 383657 कोविड परीक्षण किये गये हैं और अब तक कुल 87.25 करोड़ कोविड परीक्षण किए जा चुके हैं।

# पंजाब में एम्बुलैंस से आठ किलो अफीम बरामद हुई

## पुलिस ने बताया कि, आरोपी पहले भी 10-12 बार नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए एम्बुलैंस का इस्तेमाल कर चुके हैं

चंडीगढ़, 24 जुलाई। पंजाब पुलिस ने रविवार को एक एंबुलेंस में अफीम की तस्करी में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार कर एक अंतर-राज्यीय रैकेट का भंडाफोड़ करने किया है। मोहाली के एसएसपी विवेक शील सोनी ने संवाददाताओं को बताया कि पुलिस ने शनिवार को अंबाला-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर एक एंबुलेंस से आठ किलो अफीम जब्त की। उन्होंने बताया कि आरोपी पहले भी करीब 10-12 बार नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए एंबुलेंस का इस्तेमाल कर चुके हैं।

एसएसपी विवेक शील सोनी ने बताया कि पुलिस टीम ने अंबाला की ओर से आ रही एक एम्बुलेंस को रोक कर अफीम की तस्करी के उनके नए तरीके का पर्दाफाश किया।

वाहन के अंदर दो व्यक्ति मौजूद थे। एक रोगी के रूप में स्ट्रेचर पर लेटा हुआ था, जबकि दूसरा उसके पास बैठा था। तीसरा व्यक्ति वाहन चला रहा था।

पुलिस के अनुसार, जांच के दौरान वाहन में मेडिकल टीम या ऑक्सीजन सिलेंडर और यहां तक कि प्राथमिक चिकित्सा का कोई सामान नहीं मिला, जिसके बाद संदेह और बढ़ गया।

पुलिस ने कहा कि एंबुलेंस की पूरी तलाश करने पर रोगी बनने का ढोंग कर रहे व्यक्ति के सिर के नीचे रखे तकिए के अंदर से आठ किलो अफीम बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के रवि श्रीवास्तव, मोहाली निवासी हरिंदर शर्मा और चंडीगढ़ निवासी अंकुश के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि उनके खिलाफ एनडीपीसी एक्ट 1985 की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# दिल्ली के एक ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

वैश्विक आपातकाल घोषित किया है।

ट्रेडोस ने एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मंकीपॉक्स एक प्रकोप है जो दुनिया में तेजी से फैल गया है और इसके फैलने बारे में कम समझते है और यह अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों के तहत आपातकाल के मानदंडों को पूरा करता है। उन्होंने कहा कि इस वायरस का मौजूदा जोखिम वैश्विक स्तर पर यूरोप क्षेत्र को छोड़कर सभी क्षेत्रों में मध्यम है। इटली में मंकीपॉक्स के 400 से अधिक मामलों की पुष्टि हुयी है। इटली के स्वास्थ्य मंत्रालय के रोकथाम महानिदेशक जियानी रेज़ा ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा मंकीपॉक्स के प्रकोप को लेकर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित करने के बाद यह जानकारी दी। रेज़ा ने शनिवार को एक बयान में कहा कि इटली में अब तक 407 मंकीपॉक्स के मामले दर्ज किए हैं, लेकिन स्थिति नियंत्रण में है।

उल्लेखनीय है कि डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने शनिवार को घोषणा की कि मंकीपॉक्स का प्रकोप अंतरराष्ट्रीय चिंता का विषय है और एक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल का प्रतिनिधित्व करता है। घेब्रेयसस ने शनिवार को जोर देकर कहा कि मौजूदा समय में मंकीपॉक्स का प्रकोप अंतरराष्ट्रीय चिंता का विषय है और एक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल है। उन्होंने कहा, "फिलहाल यह एक ऐसा प्रकोप है, जो पुरुषों के साथ यौन संबंध रखने वाले पुरुषों में केंद्रित है।"

# यूक्रेन और रूस के बीच वॉर के 150 दिन पूरे हुए

## एक दिन पहले दोनों देशों के बीच समझौता हुआ था व दूसरे ही दिन एक-दूसरे पर मिसाइलें दागीं

■ **रूस के मिसाइल हमले में यूक्रेन के 3 लोग मारे गए। रूस ने रविवार को कुल 13 मिसाइले दागीं।**

■ **यूक्रेन के क्षेत्रीय प्रशासन ने बताया कि किरोवोह्राद शहर के निकट हुए हमलों में 13 अन्य लोग घायल हो गए हैं।**

मॉस्को, 24 जुलाई। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के 150 दिन पूरे हो गए। इस बीच रूस की सेना ने मध्य यूक्रेन के एक हवाई क्षेत्र में शनिवार को मिसाइलें दागीं, जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और यूक्रेनी सेना ने रूसी कब्जे वाले दक्षिणी क्षेत्र में नदी पार रॉकेट हमले किए। यूक्रेन पर रूस के हमले के 150वें दिन अहम बुनियादी ढांचों पर हमले युद्ध में बढ़त हासिल करने की दोनों पक्षों की ताजा कोशिश हैं।

यूक्रेन के मध्य स्थित किरोवोह्रादस्का क्षेत्र में एक हवाई क्षेत्र और एक रेलवे प्रतिष्ठान पर 13 रूसी मिसाइल दागी गईं। गवर्नर एड्रिय रेलकोविच ने कहा कि इन हमलों में कम से कम एक कर्मी और दो गार्ड की मौत हो गई। क्षेत्रीय प्रशासन ने बताया कि किरोवोह्राद शहर के निकट हुए हमलों में 13 अन्य लोग घायल हो गए हैं।

इस बीच, हमले की शुरुआत में रूसी बलों द्वारा कब्जाए गए दक्षिणी खेरसोन क्षेत्र में यूक्रेनी बलों ने दनीपर नदी के पार रॉकेट दागे और रूसी बलों के लिए आपूर्ति बाधित करने की कोशिश की। ये ताजा हमले ऐसे समय में किए गए हैं, जब इससे कुछ ही घंटों पहले रूस और यूक्रेन ने तुर्क और संयुक्त राष्ट्र के साथ अलग-अलग समझौते कर लाखों टन यूक्रेनी अनाज तथा रूसी खाद्यान्न एवं उर्वरक के निर्यात का मार्ग प्रशस्त किया। इन समझौतों के साथ ही, दुनिया भर में खाद्य सुरक्षा को लेकर बना गतिरोध समाप्त हो गया है।

रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु और यूक्रेन के बुनियादी ढांचा मंत्री ओलेक्संद्र कुब्राकोव ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस और तुर्की के रक्षा मंत्री हुलुसी अकार के साथ इस सिलसिले में अलग-अलग समझौतों पर हस्ताक्षर किये।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रात में अपने संबोधन में कहा कि यह समझौता "उस वैश्विक विनाश-अकाल को रोकने का अवसर देता है, जिससे दुनिया के कई देशों, खासकर हमारी मदद कर रहे देशों में राजनीतिक अराजकता पैदा हो सकती है।"

# राष्ट्रपति मुर्मू आज पद की शपथ लेंगी

## शपथ ग्रहण कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति मुर्मू को 21 तोपों की सलामी दी जाएगी

■ **शपथ ग्रहण कार्यक्रम सोमवार सुबह 10.15 बजे संसद के सैन्ट्रल हॉल में होगा।**

नई दिल्ली, 24 जुलाई। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की शपथ लेंगी और उसके बाद उन्हें 21 तोपों की सलामी दी जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि समारोह कल सुबह करीब सवा 10 बजे संसद के केंद्रीय कक्ष में होगा, जहां प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण उन्हें राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाएंगे।

गृह मंत्रालय ने कहा कि इसके बाद उन्हें 21 तोपों की सलामी दी जाएगी। इसके बाद राष्ट्रपति का संबोधन होगा। समारोह से पहले निवर्तमान राष्ट्रपति और निर्वाचित राष्ट्रपति संसद पहुंचेंगे। उपराष्ट्रपति व राज्यसभा के सभापति एम. वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मंत्रिपरिषद के सदस्य, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, राजनयिक मिशनों के प्रमुख, संसद सदस्य और सरकार के प्रमुख असैन्य एवं सैन्य अधिकारी समारोह में शामिल होंगे।

संसद के केन्द्रीय कक्ष में समारोह के समापन पर राष्ट्रपति राष्ट्रपति भवन के लिए रवाना होंगी, जहां उन्हें एक इंटर-सर्विस गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा और निवर्तमान राष्ट्रपति का शिष्टाचार सम्मान किया जाएगा। मुर्मू (64) ने गुरुवार को विपक्षी दलों के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को हराकर इतिहास रच दिया। मुर्मू ने निर्वाचक मंडल सहित सांसदों और विधायकों के 64 प्रतिशत से अधिक वैध वोट हासिल किए और भारी मतों के अंतर से चुनाव जीता। वह देश की 15वीं राष्ट्रपति बनेंगी।

मुर्मू को सिन्हा के 3,80,177 वोटों के मुकाबले 6,76,803 वोट मिले। वह आजादी के बाद पैदा होने वाली पहली और शीर्ष पद पर काबिज होने वाली सबसे कम उम्र की राष्ट्रपति होंगी। वह राष्ट्रपति बनने वाली दूसरी महिला भी हैं।

# 'तीनों सेनाओं की संयुक्त थियेटर कमांड तैयार होगी'

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू कश्मीर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, भारत का रक्षा बजट बढ़ाकर 68 प्रतिशत कर दिया गया है

■ **रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि भारत एक मजबूत देश है जो अपने दुश्मनों को अच्छी तरह से सबक सिखा सकता है।**

जम्मू, 22 जुलाई (वार्ता)। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि भारत एक मजबूत देश है जो अपने दुश्मनों को अच्छी तरह से सबक सिखा सकता है।

केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर की यात्रा पर आये सिंह ने कारगिल विजय दिवस की स्मृति में जम्मू एंड कश्मीर पीपल्स फोरम द्वार यहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित काते हुए कहा कि भारत आज एक मजबूत और विश्वास से भरा देश है जो उस पर या उसके नागरिकों पर बुरी नजर डालने वालों को कड़ा सबक सिखाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

सिंह ने अपने संबोधन में विशेष रूप से रेखांकित करते हुए कहा कि देश की एकता और अखंडता की रक्षा का यह जज्बा मूल्यों के केंद्र से प्रेरित है, जिसकी आत्मा राष्ट्र गौरव है। सुरक्षा बलों के राष्ट्रिहत की रक्षा के प्रण को पूरा करने में जम्मू कश्मीर के लोगों ने अन्य किसी राज्य के लोगों की तरह ही अपना समर्थन दिया है। उन्होंने जोर दिया कि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि यह केंद्र शासित प्रदेश भी देश के बाकी हिस्सों की तरह ही प्रगति के पथ पर आगे बढ़े।

संविधान के अनुच्छेद 370 को एक गैरज़रूरी कानूनी बाधा की संज्ञा देते हुए रक्षामंत्री ने कहा कि इसके हटने से जम्मू कश्मीर के लोगों और विशेषकर युवाओं के लिए उम्मीद और आशा की एक नयी सुबह ने आंखे खोली हैं। इस फैसले से लोगो के कल्याण के कई रास्ते खुल गये हैं और केंद्र शासित प्रदेश में अब और तेजी से विकास हो रहा है। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार राष्ट्रिहतों को सुरक्षित करना चाहती है और इसी क्रम में आत्मनिर्भर रक्षातंत्र विकसित किये जाने को लेकर सरकार ने एक के बाद एक कई कदम उठाये हैं। इसके कारण देश में ही उच्चक्षमता के हथियारों के विकास को बढ़ावा मिला है जिनकी मदद से हमारी सेना किसी भी प्रकार का युद्ध लड़ सकती है।

उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता रक्षा के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरता हासिल करना है क्योंकि देश की सुरक्षा के लिए एक मजबूत सुरक्षा तंत्र विकसित करना जरूरी है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए रक्षा बजट को 68 प्रतिशत कर दिया गया है।

कारगिल युद्ध को संयुक्तता का एक प्रमुख उदाहरण बताते हुए उन्होंने कहा कि इसमें तीनों सेनाओं एवं सरकार ने बेहतर सहयोग किया गया। कारगिल युद्ध ने ही मिलकर काम करने और रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की जरूरत को रेखांकित किया। संयुक्त सैन्य कमांड का बनाया जाना और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए सुधार करना इसी दिशा में उठाये गये कदम हैं।

कार्यक्रम में रक्षामंत्री के साथ आरएसएस नेता होसाबल दत्तात्रेय ने भी मंच साझा किया और अपने संबोधन में भारतीय सेना की उपल्ब्धियां गिनायी साथ ही देश की सेना में प्राण न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों के परिजनों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री डॉ जीतेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

# अलवर में इनकम ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

नहीं मिला। इस पर करीब साढ़े 6 करोड़ की अघोषित आय मिली है।

सूत्रों ने बताया कि, छापे में मिली चल-अचल संपत्तियां और अन्य निवेश का आकलन करने के लिए दिल्ली से वेल्यूअर्स बुलाए गए थे। जयपुर से आई आयकर विभाग की आई.टी. एक्सपर्ट टीम ने इन व्यवसायियों के कंप्यूटर, लैप टॉप आदि ई-गैजेट्स से कारोबार और निवेश संबंधी दस्तावेज जुटाए। इस कार्रवाई के लिए आयकर विभाग की इंवेस्टिगेशन विंग के निदेशक सुधांशु शेखर झा भी अलवर आए थे। वे एक रात अलवर रुके थे।

# दिल्ली सरकार...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

का छापा मारा। सत्येंद्र जैन को ईडी ने गिरफ्तार करके जेल में रखा है। वह सत्येन जैन जो कोरोना के समय में खुद बीमार हो गए और उनके पिता की मृत्यु हो गई लेकिन दिल्ली के लोगों की सेवा करते रहे। मनीष सिसोदिया, दिल्ली के 18 लाख बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं। दुनिया के बड़े-बड़े मंचों पर आमंत्रित किया जाता है। सुबह 6 बजे से लेकर रात तक दिल्ली में शिक्षा बेहतर कैसे होगी, इसपर काम होता है। बच्चों के लिए एयर कंडीशनर स्कूल बनाए, स्विमिंग पूल का निर्माण कराया। पिछले 5 साल में सरकारी स्कूलों का इंटर, 12वीं का रिजल्ट प्राइवेट स्कूलों से बेहतर रहा है। उस मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार करने की पूरी कहानी लिखी जा चुकी है। सिंगापुर जाकर केजरीवाल को दिल्ली मॉडल के बारे में बताना था, वह सिंगापुर की यात्रा रोक दी। इसको लेकर कहने लगे आप सिंगापुर की यात्रा में नहीं जा सकते। आप दिल्ली मॉडल नहीं बता सकते।

सांसद संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली में बेहतर शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधा, मुफ्त बिजली, पानी, बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा, माताओं बहनों के लिए बस की फ्री यात्रा करा रहे हैं। इतनी सारी जनता को ताकतवर-मजबूत बनाने की योजना दिल्ली की केजरीवाल सरकार लेकर आयी है। जिस की लोकप्रियता देश के कोने कोने में फैल गई है। इसी से घबराकर हर तरह के अड़ंगे लगा रहे हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर. एन. आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंभाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908